खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

मुरादाबाद, रविवार 1 फरवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 168 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 12 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



केंद्रीय बजट 2026-27 में उप्र को केंद्र से ज्यादा हिस्सेदारी मिलने की उम्मीद पेज 2



रायबाकिना ने सबालेंका को चौंकाकर पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता खेल टाइम्स



बलूचिस्तान में एकसाथ 12 जगहों पर बलूचों का हमला, 10 पुलिसकर्मियों की मौत पेज 11



शो पुष्पा इम्पॉसिबल बड़े परिवार का हिस्सा होने जैसा: पूजा बॉलीवुड

# अजित पवार के निधन के चौथे दिन पत्नी सुनेत्रा बनीं डिप्टी सीएम

मुंबई/बारामती, वार्ता

**अजित पवार की** पत्नी सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बन गईं। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने लोकभवन में सुनेत्रा को शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह करीब 12 मिनट तक चला। शरद पवार इस समारोह में नहीं पहुंचे। इससे पहले दिन में एनसीपी विधायक दल और विधान परिषद सदस्यों की विधान भवन में बैठक बुलाई गई थी। जिसमें सुनेत्रा को पार्टी नेता चुना गया था। डिप्टी सीएम की शपथ से पहले सुनेत्रा ने राज्यसभा के सांसद पद से इस्तीफा दे दिया। अजित पवार की चार दिन पहले 28 जनवरी को बारामती में प्लेन क्रैश में मौत के बाद डिप्टी सीएम पद खाली हो गया था।मुंबई में सुनेत्रा पवार के शपथ ग्रहण समारोह के बीच सांसद सुप्रिया सुले अजित पवार की मां आशाताई पवार से मिलने के लिए काटेवाड़ी पहुंचीं। प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए, छगन भुजबल और अन्य नेता व महाराष्ट्र विधान परिषद की डिप्टी चेयरपर्सन डा. नीलम गोर्हे सुनेत्रा पवार के शपथ ग्रहण समारोह के लिए लोक भवन पहुंचीं। सुनेत्रा पवार को एनसीपी विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद एनसीपी नेताओं ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस से मुलाकात की। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री छगन भुजबल ने कहा कि सुनेत्रा पवार को एनसीपी विधायक दल का नेता चुना गया है। अब हम मुख्यमंत्री से मिलेंगे, सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम बनेंगी। पार्थ पवार ने बारामती में शरद पवार के घर जाकर उन्हें मनाया।



- महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम
- महज 12 मिनट में हुआ शपथ ग्रहण, शरद पवार नहीं पहुंचे

### मोदी ने दी शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि सुनेत्रा पवार जी को महाराष्ट्र की उप मुख्यमंत्री के तौर पर अपना कार्यकाल शुरू करने पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं। वह इस जिम्मेदारी को संभालने वाली पहली महिला हैं। मुझे विश्वास है कि वह राज्य के लोगों की भलाई के लिए काम करेंगी और स्वर्गीय अजित दादा के विजन को पूरा करेंगी।

# चांदी 1.28 लाख रुपये हुई सस्ती व सोना भी 40 हजार टूटा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चांदी ऑल-टाइम हाई से घटकर 1.28 लाख सस्ती हो गई, सोना भी 40,000 टूट गया। जानकारों के अनुसार सोने-चांदी में वापसी की पूरी संभावना है। दुनिया भर के बाजारों में सोने-चांदी के भाव में बीते 2 दिनों से भारी गिरावट देखी जा रही है।

31 जनवरी को भी इंटरनेशनल मार्केट में गोल्ड-सिल्वर के रेट घटे हैं। हालांकि मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज शनिवार को बंद था। एमसीएक्स में ट्रेडिंग शनिवार और रविवार को नहीं होती है। एक फरवरी को एमसीएक्स खुला रहेगा, लेकिन पिछले दो सेशन के आंकड़े साफ बता रहे हैं कि सोना-चांदी में आई हालिया तेजी के बाद अब तेज करेक्शन देखने को मिल रहा है। रॉकेट की रफ्तार से चढ़े सोने-चांदी के दाम बजट से पहले अपने ऑल टाइम हाई से काफी सस्ते हो गए हैं। इसलिए सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस रविवार 1 फरवरी को गोल्ड से जुड़े कुछ बड़े ऐलान कर सकती हैं? दिल्ली और नोएडा के सर्राफा बाजार में 31 जनवरी, 2026 को हलचल मची हुई है। दिल्ली में सोना 1,50,430 प्रति दस ग्राम और चांदी 2,91,770 प्रति किलो के हिसाब से बिक रही है। ऑल इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट योगेश सिंघल कहते हैं कि नए निवेशकों के लिए यही समय है खरीदारी करने का, लेकिन सोने और चांदी के भाव फिलहाल अभी स्थिर नहीं रहेंगे और ये बहुत ज्यादा गिरेंगे भी नहीं। लेकिन जिन लोगों ने सोना और चांदी खरीद रखी है वो अभी होल्ड करें। अब सर्राफा कारोबारियों और आम जनता की नजरें एक फरवरी के बजट पर टिकी हैं।




- दुनिया भर के बाजारों में सोने-चांदी के भाव में दो दिनों से भारी गिरावट दर्ज

## संक्षिप्त समाचार

### कालापानी में पारा माइनस 35 डिग्री, यूपी में कोहरे में 11 गाड़ियां टकराईं

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी इलाकों में एक बार फिर सर्दी लौट आई है। सुबह राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और हिमाचल के कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा। उत्तर प्रदेश के 4 जिलों, मध्य प्रदेश के 5 जिलों, पंजाब के 4 जिलों, हरियाणा के 3 जिलों और राजस्थान, बिहार के एक-एक जिले में, साथ ही दिल्ली में शनिवार सुबह का तापमान 4 से 8 डिग्री के बीच रहा। हालांकि जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाकों में शनिवार को भी बर्फबारी हुई। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में भारत, नेपाल, चीन बार्डर के पास तापमान माइनस 35 डिग्री रहा है। यहां सर्दी इतनी है कि कुछ देर बाहर रहने पर आंखों में पानी जम जा रहा है। यहां कालापानी इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवान स्पेशल ग्लास लगाकर चीन बॉर्डर पर गश्त कर रहे हैं।

### आज पेश होगा मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का बजट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को सुबह 11 बजे संसद में केंद्रीय बजट 2026 पेश करेंगी। यह न केवल देश की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि एक ऐतिहासिक क्षण भी होगा, क्योंकि निर्मला सीतारमण लगातार 9वीं बार बजट पेश करने वाली भारत की पहली वित्त मंत्री बनेंगी। इस बार बजट का दिन थोड़ा खास है क्योंकि एक फरवरी को रविवार की छुट्टी होने के बावजूद बजट पेश किया जा रहा है। अगर समय की बात करें, तो साल 2017 से ही बजट का समय शाम 5 बजे से बदलकर सुबह 11 बजे कर दिया गया था।

### केन्द्र में आईजी के पद पर तैनाती के नियमों में बदलाव

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने आईपीएस के अधिकारियों की केन्द्र में पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) के पद पर तैनाती के नियमों में बदलाव करते हुए कहा है कि इसके लिए केन्द्र में एसपी या डीआईजी पद पर दो वर्ष तक कार्य का अनुभव अनिवार्य है। मंत्रालय के 28 जनवरी को जारी आदेश में कहा गया है कि यह नियम वर्ष 2011 के बैच और उसके बाद के आईपीएस अधिकारियों पर लागू होगा।

# ऑटिज्म के इलाज में स्वीकृत क्लिनिकल ट्रायल ही मान्य

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा: क्लिनिकल ट्रायल के बाहर स्टेम सेल थेरेपी देना अनैतिक, इसे चिकित्सकीय लापरवाही माना जाएगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) के इलाज के लिए स्वीकृत और निगरानी वाले क्लिनिकल ट्रायल के बाहर स्टेम सेल थेरेपी देना अनैतिक है और इसे चिकित्सकीय लापरवाही माना जाएगा।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने यश चैरिटेबल ट्रस्ट बनाम भारत संघ मामले में यह फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि ऑटिज्म के इलाज में स्टेम सेल थेरेपी को लेकर न तो पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण हैं और न ही इसकी सुरक्षा और प्रभावशीलता को साबित करने वाला कोई ठोस साक्ष्य उपलब्ध है। पीठ ने कहा कि स्वीकृत क्लिनिकल ट्रायल के बाहर रोगियों में स्टेम सेल का हर उपयोग अनैतिक है और इसे चिकित्सकीय लापरवाही माना जाएगा। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि इस तरह की थेरेपी केवल वैज्ञानिक और चिकित्सकीय अनुसंधान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से, विधिवत स्वीकृत और नियंत्रित क्लिनिकल ट्रायल के अंतर्गत ही दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के तहत स्टेम सेल को 'ड्रग' की श्रेणी में रखा जाना, ऑटिज्म के इलाज में इसके नियमित चिकित्सकीय उपयोग को स्वत: वैध नहीं बनाता। फैसले में कहा गया कि हालांकि एएसडी के उपचार में प्रयुक्त स्टेम सेल को ड्रग्स एक्ट, 1940 के तहत ड्रग माना गया है, लेकिन मात्र यह तथ्य इसे नियमित क्लिनिकल सेवा के रूप में उपयोग करने की अनुमति नहीं देता। चिकित्सकों के कर्तव्य पर जोर देते हुए अदालत ने कहा कि डाक्टरों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे एक विवेकशील चिकित्सक की तरह उचित सावधानी, कौशल और ज्ञान का पालन करें। यदि कोई चिकित्सक ऐसा उपचार देता है, जिसके पक्ष में विश्वसनीय वैज्ञानिक प्रमाण नहीं हैं या जिसे प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थाएं स्पष्ट रूप से अनुशंसित नहीं करतीं, तो वह उचित चिकित्सकीय मानक का उल्लंघन माना जाएगा। न्यायालय ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के एथिक्स एंड मेडिकल रजिस्ट्रेशन बोर्ड की 6 दिसम्बर 2022 की सिफारिशों, राष्ट्रीय स्टेम सेल अनुसंधान दिशानिर्देश, -शेष पृष्ठ दो पर



- यश चैरिटेबल ट्रस्ट बनाम भारत संघ मामले में कोर्ट ने सुनाया फैसला
- शीर्ष अदालत बोली:ऑटिज्म के इलाज में स्टेम सेल थेरेपी को लेकर पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण नहीं हैं

# 2020 के दिल्ली दंगे: आगजनी और दंगे का आरोपी फैजान बरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान दंगे और आगजनी के आरोपी फैजान को बरी कर दिया। अदालत ने अभियोजन पक्ष के मामले में गंभीर असंगतियों का हवाला देते हुए कहा कि एकमात्र पहचान करने वाले गवाह की गवाही पर भरोसा करना सुरक्षित नहीं होगा।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परवीन सिंह आरोपी फैजान उर्फ आर्यन के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रहे थे। फैजान पर 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान ब्रिजपुरी रोड स्थित अरुण मार्डन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आग लगाने का आरोप था। अदालत ने उसे संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। 28 जनवरी को जारी आदेश में अदालत ने कहा कि इन तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए, मैं यह पाता हूं कि अभियोजन पक्ष के गवाह (पीडब्ल्यू2 कांस्टेबल पीयूष) की एकमात्र गवाही पर भरोसा करना अत्यंत असुरक्षित होगा। इसलिए, यह निष्कर्ष निकाला है कि अभियोजन पक्ष संदेह से परे अपना मामला साबित करने में विफल रहा है और आरोपी संदेह के लाभ का हकदार है। फैजान पर आरोप था कि वह 25 फरवरी 2020 को कथित रूप से स्कूल में तोड़फोड़ करने और आग लगाने वाली दंगाई भीड़ का हिस्सा था, जिससे एक करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। अभियोजन पक्ष का दावा था कि करीब 200 लोगों ने जबरन परिसर में प्रवेश किया, संपत्ति और वाहनों को नुकसान पहुंचाया और इमारत में आग लगा दी। इस मामले में शुरुआत में फैजान सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। उसके दो सह-आरोपियों को फरवरी 2025 में बरी कर दिया गया था। फैजान को 2022 में फरार होने के बाद घोषित अपराधी घोषित किया गया था। उसे अगस्त 2025 में गिरफ्तार किया गया और उसके खिलाफ अलग से मुकदमा चला। अदालत -शेष पृष्ठ दो पर



- अभियोजन पक्ष के मामले में गंभीर असंगतियों का हवाला देते हुए कहा: एकमात्र पहचान करने वाले गवाह की गवाही पर भरोसा करना सुरक्षित नहीं होगा

# एयरबस को भारत के पहले एच 175 हेलीकॉप्टर के लिए मिला ऑर्डर

**हैदराबाद।** फ्रांस की कंपनी एयरबस कॉर्पोरेट हेलीकॉप्टर्स को एक निजी भारतीय ग्राहक से तीन हेलीकॉप्टरों के लिए ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने शनिवार को बताया कि उसे भारत से एच175 हेलीकॉप्टर के लिए पहला ऑर्डर मिला है। साथ ही दो एसीएच160 हेलीकॉप्टर के ऑर्डर मिले हैं।

उक्त ऑपरेटर के बेड़े में एसीएच160 हेलीकॉप्टर पहले से शामिल हैं। एच175 दो इंजन वाला सुपर-मीडियम हेलीकॉप्टर है जिसमें कुल 16 सीटें होंगी। इसकी डिलीवरी इसी साल होने की संभावना है। दो एसीएच160 हेलीकॉप्टरों को ग्राहक विशेष जरूरत के हिसाब से तैयार किया जाएगा और उनकी डिलीवरी अगले साल होगी। यहां बेगमपेट हवाई अड्डे पर चल रहे विंग्स इंडिया 2026 कार्यक्रम के दौरान इस ऑर्डर पर मुहर लगी।

- दो एसीएच 160 हेलीकॉप्टर के ऑर्डर भी मिले

### तंबाकू उत्पादों पर आज से लागू होंगे बढ़े कर व अधिभार

**नई दिल्ली।** तंबाकू उत्पादों पर बढ़े कर एवं अधिभार रविवार 1 फरवरी से लागू हो जाएंगे जिससे सिगरेट, पान-मसाला आदि महंगे हो जाएंगे। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने पिछले साल 3 सितम्बर को अधिकतर वस्तुओं पर कर की नई दरों की घोषणा की थी। अन्य सभी उत्पादों पर नई दरें 22 सितम्बर 2025 से लागू हो गई थीं, लेकिन तंबाकू पान-मसाला, सिगरेट-बीड़ी आदि पर ये दरें 1 फरवरी 2026 से लागू होंगी।

# मेडिकल तरीके से गिराया जा सकेगा 31 हफ्ते का भ्रूण

**कोच्चि (केरल)।** केरल हाईकोर्ट ने एक दंपति को राहत दी है। कोर्ट ने उनके 31 हफ्ते से अधिक समय के भ्रूण का चिकित्सकीय गर्भपात कराने की अनुमति दी। यह भ्रूण दिमाग और सिर से जुड़ी जन्मजात गंभीर विकृतियों से पीड़ित है। जस्टिस शोभा अन्नम्मा ईप्पन ने मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर गर्भपात की इजाजत दी।

बोर्ड ने राय दी थी कि अगर बच्चे का जन्म होता है, तो वह गंभीर शारीरिक विकृतियों से ग्रस्त होगा। मेडिकल बोर्ड ने यह भी कहा कि गर्भावस्था को आगे बढ़ाना महिला के मानसिक स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है। कोर्ट ने मामले के तथ्यों, रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री, इस विषय से जुड़े स्थापित कानूनी सिद्धांतों और मेडिकल बोर्ड की सिफारिशों पर विचार किया। इसके बाद कोर्ट ने कहा कि यदि गर्भपात की अनुमति नहीं दी गई, तो इससे केवल नतीजे में देरी होगी और परिवार की तकलीफ और बढ़ेगी। कोर्ट ने कोट्टायम मेडिकल कॉलेज को गर्भपात कराने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मेडिकल कॉलेज को तुरंत एक मेडिकल टीम गठित करने और प्रक्रिया को अंजाम देने के लिए जरूरी कदम उठाने को कहा। कोर्ट ने कहा कि मेडिकल टीम अपने विवेक और सर्वोत्तम निर्णय के अनुसार चिकित्सा विज्ञान में सुझाई गई सबसे उचित प्रक्रिया अपनाएगी, ताकि गर्भपात किया जा सके और पहली याचिकाकर्ता (महिला) की जान बचाई जा सके। हाईकोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि गर्भपात से पहले अंतिम स्कैन कर भ्रूण की विकृतियों की दोबारा पुष्टि की जाए।




- केरल हाईकोर्ट का अहम फैसला, गर्भपात से अंतिम स्कैन कर दोबारा की जाए पुष्टि

# बंगाल में एसआईआर से घुसपैठिए होंगे बाहर: शाह

कोलकाता, वार्ता

**गृहमंत्री अमित शाह** ने पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना में कहा कि ममता सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। बंगाल के लोग टीएमसी को उखाड़ फेकेंगे। इनकी विदाई का समय आ गया है।

ममता जी को एसआईआर का जितना विरोध करना हैं कर लें। मतदाता सूची से घुसपैठियों को निकालना ही पड़ेगा। जो बचे घुसपैठिये रह जाएंगे वो भाजपा का सीएम आकर निकाल देगा। शाह ने कहा कि साल 2026 टीएमसी को टाटा, बाय-बाय कहने का साल है। टीएमसी तो कम्युनिस्टों से भी आगे निकल गई है। जब मैं पहले आया था, तो मैंने कहा था कि पश्चिम बंगाल में भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। उस समय ममता बनर्जी मेरा मजाक उड़ा रही थीं। लेकिन जब भगवान राम ने राम सेतु बनाया था, तो रावण ने भी इसी तरह उनका मजाक उड़ाया था। 2024 में तीन दशक के बाद पहली बार मोदी लगातार तीसरी बार इस देश के प्रधानमंत्री बने हैं। 24 में ही हमने आंध्र प्रदेश में सरकार बनाई। हमने ओडिशा में सरकार बनाई। अरुणाचल में तीसरी बार सरकार बनाई। 2025 में हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में 30 साल के बाद सरकार बनाई और 25 का अंत आते-आते बिहार में भी प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा और एनडीए की सरकार बनी। जितने भी लोग आजादी के संघर्ष में शहीद हुए, जिन्हें फांसी के फंदे पर लटकाया गया, उनका आखिरी शब्द भी वंदे मातरम् ही था। मोदी सरकार ने वंदे मातरम् के 150 साल पूरे देश में मनाने का निर्णय लिया है। मगर विडंबना देखिए कि वंदे मातरम् का उद्भव बंगाल की माटी से हुआ, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी ने किया। उसी वंदे मातरम् पर जब संसद में चर्चा हो रही थी, तो ममता बनर्जी के सांसद उस चर्चा का विरोध कर रहे थे।

- कहा: जो रह जाएंगे उनको भाजपा का सीएम निकाल देगा, ये साल टीएमसी की विदाई का है



# कॉन्फिडेंट-ग्रुप चेयरमैन ने आईटी रेड के दौरान गोली मारकर की खुदकुशी

**बेंगलुरु।** कॉन्फिडेंट ग्रुप के चेयरमैन सीजे राय ने सेंट्रल बेंगलुरु में रिचमंड सर्कल के पास कंपनी के ऑफिस में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, यह घटना दोपहर करीब 3.15 बजे हुई।

उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों से इनकम टैक्स (आईटी) विभाग की तलाशी चल रही थी। राय की सुसाइड के बाद आयकर अधिकारी रेड की प्रोसेस बीच में छोड़कर चले गए। राय की नेटवर्थ 9 हजार करोड़ रुपये थी। उनके पास प्राइवेट जेट और 200 से ज्यादा लग्जरी कारें थीं। इनमें से 12 रोल्स रायस भी शामिल हैं।

- कुल मिलाकर 9000 करोड़ रुपये की संपत्ति, प्राइवेट जेट, 200 से ज्यादा कारों के मालिक थे सीजे राय

## संक्षिप्त समाचार

### सीमा सुरक्षा बल ने संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन पर फायरिंग की

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के घगवाल इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास मंडरा रहे एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन पर कई राउंड फायरिग की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बीएसएफ ने चिलियारी पोस्ट के पास संदिग्ध ड्रोन की हलचल देखी। उन्होंने बताया कि उन्होंने उड़ने वाली चीज को भारतीय इलाके में घुसते देख कई राउंड फायरिग की और उसे पाकिस्तान की तरफ वापस खदेड़ दिया। बीएसएफ ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करने के लिए गहन तलाशी अभियान चलाया कि ड्रोन ने इलाके में कोई सामान न गिराया हो। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी पूरे दिन जारी रही, लेकिन अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

### पूर्व आईपीएस अमिताभ मेडिकल कॉलेज में भर्ती

**देवरिया।** धोखाधड़ी के आरोप में देवरिया जिला जेल में निरुद्ध पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर की तबीयत बिगड़ने पर शनिवार को उन्हें देवरिया मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार जारी है। मेडिकल कॉलेज के प्रवक्ता डा. अजय ने बताया कि अमिताभ ठाकुर को पेट दर्द और घबराहट की शिकायत होने पर जेल चिकित्सक की सलाह पर एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज लाया गया। सर्जरी विभाग के डा. राकेश कुमार एवं उनकी टीम उनका उपचार कर रही है। प्रारंभिक जांच में पेट दर्द का कारण अपेंडिक्स से संबंधित बताया जा रहा है। उनका अल्ट्रासाउंड और रक्त जांच कराई गई है तथा सीटी स्कैन भी कराया जा रहा है।

# केंद्रीय बजट 2027 में उप्र को केंद्र से ज्यादा हिस्सेदारी की उम्मीद

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को पेश करेंगी संसद में बजट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में होने वाले वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव से करीब एक साल पहले उत्तर प्रदेश को आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 से बड़ी राहत और अतिरिक्त संसाधनों के मिलने की उम्मीद है।

दरअसल 1 फरवरी को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता. रमण द्वारा पेश किए जाने वाले बजट में राज्य को केंद्रीय करों में हिस्सेदारी, केंद्र प्रायोजित योजनाओं और वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत पहले से अधिक राशि मिलने की संभावना जताई जा रही है। राज्य के वित्त विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय करों में यूपी की हिस्सेदारी, केंद्र प्रायोजित योजनाओं के आवंटन और वित्त आयोग के प्रावधानों से राज्य को उल्लेखनीय लाभ मिल सकता है। यह राशि उन परियोजना आधारित मांगों के अतिरिक्त होगी, जिन्हें प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने हाल ही में नई दिल्ली में हुई प्री-बजट बैठक में रखा था। दरअसल 10 जनवरी को केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ हुई राज्यों के वित्त मंत्रियों की बैठक में उत्तर प्रदेश ने लखनऊ, कानपुर और आगरा में मेट्रो रेल विस्तार, नए शहरों में मेट्रो नेटवर्क, पश्चिमी यूपी में एम्स और बुंदेलखंड में आईआईटी की स्थापना के लिए प्रमुख रूप से मांग रखी थी। इन परियोजनाओं के लिए राज्य ने कुल 32,075 करोड़ की आवश्यकता जताई है। शासन में बैठे सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय करों और शुल्कों में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी वर्ष 2025-26 में लगभग 2.55 लाख करोड़ से बढ़कर 2026-27 में 2.80 लाख करोड़ तक पहुंच सकती है। वर्ष 2024 से 2025 के बीच राज्य की हिस्सेदारी में 36,285.37 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई थी, जो 2,18,886.84 करोड़ से बढ़कर 2,55,172.21 करोड़ हो गई। वरिष्ठ अधिकारी की मानें, तो इसके अलावा केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत उत्तर प्रदेश को मिलने वाला आवंटन भी बढ़ सकता है। बीते वर्ष यह राशि करीब 96,000 करोड़ थी, जो आगामी बजट में 1 लाख करोड़ तक पहुंचने की संभावना है।

### एक तरफ बजट, तो दूसरी तरफ आधार वर्ष में बदलाव करना नीतिगत समन्वय में कमी: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट की पूर्व संध्या पर सांख्यिकीय आंकड़ों के जारी होने के समय को लेकर गंभीर चिताएं जताते हुए कहा है कि बजट के वित्तीय अनुमान पुरानी गणनाओं पर आधारित हो सकते हैं, क्योंकि बजट पेश होने के मात्र कुछ ही दिनों के भीतर देश की विकास दर (जीडीपी) और महंगाई दर (सीपीआई) के गणना आधार (बेस ईयर) में बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। कांग्रेस के जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर चिता का साझा करते हुए कहा कि आधार वर्ष में इस बदलाव से बजट के प्रमुख आंकड़ों, जैसे कि राजकोषीय घाटा और विकास दर के लक्ष्यों में भारी विसंगति पैदा हो सकती है। इसे नीति-निर्माण की प्रक्रिया में समन्वय की कमी आ सकती है, जिससे बजट के वास्तविक प्रभाव का सटीक आकलन करना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। उन्होंने लिखा कि बजट के कई आंकड़े सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के प्रतिशत के रूप में पेश होंगे, लेकिन कुछ दिनों बाद ही 2022-23 को आधार वर्ष मानकर नई जीडीपी शृंखला जारी होने वाली है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या रविवार को पेश किए जाने वाले बजट के आंकड़ों में इसके तुरंत बाद संशोधन किया जाएगा?

# आगरा में खून से लाल हुई सड़क, पांच की मौत

आगरा, वार्ता

■ बेकाबू कंटेनर ने ऑटो में मारी टक्कर

खंदौली थाना क्षेत्र में जलेसर रोड पर शनिवार सुबह करीब 11 बजे एक बेकाबू कंटेनर ने 2 ऑटो में टक्कर मारी, इससे चीख पुकार मच गई। हादसे में दोनों ऑटो में सवार 8 से अधिक लोग घायल हुए हैं। राहगीरों ने लोगों को ऑटो से बाहर निकाला।

सूचना पर खंदौली थाना पुलिस भी पहुंच गई, पुलिस घायलों को उपचार के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंची, जहां पर चिकित्सकों ने 5 घायलों को मृत घोषित कर दिया। हादसे में दोनों ही ऑटो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। हादसा शनिवार सुबह करीब 11 बजे का है। खंदौली थाना क्षेत्र में जलेसर रोड पर नगला चंदन के पास बेकाबू कंटेनर ने सवारियों से भरे 2 ऑटो में टक्कर मार दी। कंटेनर की टक्कर से दोनों ऑटो सड़क किनारे करीब 50 फीट दूर एक पेड़ से टकराकर गड्ढे में जाकर पलट गए, जिसमें चीख पुकार मच गई। ऑटो में सवार लोगों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं, इसके साथ ही हाथ और पैर में भी गंभीर चोटें हैं। हादसे में एक ऑटो की छत उड़ गई, तो दूसरा ऑटो दो हिस्सों में बंट गया। हादसे के बाद राहीगरों ने कंटेनर चालक को पकड़कर जमकर धुना। सूचना पर खंदौली थाना पुलिस भी पहुंच गई।

# डबल इंजन ही नहीं, डिब्बे भी टकरा रहे: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा- ये तो अभी केवल सैम्पल मात्र है

**लखनऊ।** महोबा में पानी संकट के मुद्दे पर बीजेपी विधायक के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का काफिला रास्ते में रोकने पर अब समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि डबल इंजन ही नहीं, डिब्बे भी आपस में टकरा रहे हैं।

महोबा जिल में बीजेपी विधायक बृजभूषण राजपूत अपने क्षेत्र की बदहाल सड़कों और पीनी की समस्या को लेकर नाराज चल रहे हैं। इस बीच शुक्रवार को उन्होंने कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का काफिला रास्ते में रोक दिया । इस दौरान दोनों के बीच काफी देर तक नोकझोंक देखने के मिला। अब इसपर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कटाक्ष किया है। कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने महोबा की घटना पर तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी के विधायक बृजभूषण राजपूत ने अधूरे कार्यों को लेकर मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को बंधक बनाया। हमने तो पहले ही कहा था कि बीजेपी के 'डबल इंजन' ही नहीं डिब्बे भी आपस में टकरा रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की सत्ता पटरी से उतर गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने एक्स पोस्ट के जरीए इस मामले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उनहोंने कैप्शन में लिखा, 'महा समाचार : स्वतंत्र बने बंधक! साथ ही कहा कि पैसे कमाने और जमीन कब्जाने में लगे भाजपा के मंत्री हों या विधायक, इनमें से कोई भी जनता या विकास का काम नहीं कर रहे हैं। इसीलिए जनता के गुस्से से बचने के लिए दोषारोपण कर रहे हैं।

## आधार वेरिफिकेशन के बाद ही होगी जमीन की रजिस्ट्री

# उत्तर प्रदेश में अब लैंड स्कैम से मिलेगी मुक्ति

रायबरेली, वार्ता




■ दो फरवरी से लागू हो जाएगा सिस्टम, ऐसे करना होगा अप्लाई

■ एक फरवरी से पूरे प्रदेश में एक साथ रजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए गए

यूपी में अब जमीन का पंजीकरण आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से किया जा रहा है। इसकी शुरुआत उप निबंधक कार्यालय से कर दी गई है। शनिवार को सब रजिस्ट्रार बृजेश पाठक ने इस नई व्यवस्था को लेकर जानकारी साझा की। उप निबंधक बृजेश पाठक ने बताया कि आधार बेस्ड पंजीकरण प्रक्रिया के तहत अब तक उनके कार्यालय में 7 जमीनों का रेजिस्ट्रेशन सफलतापूर्वक किया जा चुका है। ये प्रक्रिया फिलहाल प्रारंभिक स्टेज में है, लेकिन सोमवार से इसे पूरी तरह से लागू कर दिया जाएगा।

बृजेश पाठक ने कहा कि शासन का सर्कुलर आया है, जिसमें 1 फरवरी 2026 से पूरे प्रदेश में एक साथ आधार वेरीफिकेशन के बाद ही डॉक्यूमेंट रेजिस्ट्रेशन करने के निर्देश दिए गए हैं। क्योंकि 1 फरवरी को रविवार है, इसलिए उस दिन कोई कार्य नहीं होगा, लेकिन 2 फरवरी से पूरे प्रदेश में ये लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जमीन खरीदने और बेचने वाले के लिए जब कोई आवेदन करेगा, तो आधार बेस्ड सत्यापन में हां या न के ऑप्शन पर क्लिक करना होगा, जिस मोबाइल नंबर से आधार लिंक है, उस पर ओटीपी जाएगा। ओटीपी भरने से आधार से सत्यापित हो जाएगा, उसका आवे. दन उनके कार्यालय के ऑपरेटर के पास आ जाएगा। जब खरीदार और विक्रेता उनके कार्यालय में आएगा, तो वहां पर एक डिवाइस रहेगी। जिस पर वह अपना अंगूठा लगाएगा, उससे वह मैच करता है, तो आधार वेरीफाइड हो जाएगा। आधार वेरीफाइड होने के बाद ही हम अंगूठा इंप्रेशन लेंगे और फोटो खींचेंगे और बिलिंग का पंजीकरण कर देंगे। इससे जो व्यक्ति फर्जी पहचान पत्र लेकर आ जाता था, तो वह फर्जीवाड़ा रोकने के लिए शासन ने यह प्रभावी कदम उठाया है। पाठक ने बताया कि हमारे कार्यालय में मॉडल के रूप में अभिलेखों का आवेदन कराया गया है, जिसमें 7 अभिलेखों का ट्रायल हमने सफलतापूर्वक किया है। जिसमें किसी प्रकार की परेशानी नहीं आई है।

एनआईसी केंद्र मुख्यालय लखनऊ की देखरेख में यह संपन्न हुआ है, ये ट्रायल हमारा कामयाब रहा। पाठक ने बताया कि आधार से पंजीकरण होने से जमीन खरीद-बिक्री की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और फर्जीवाड़े से मुक्त होगी। इससे दस्तावेजों की सत्यता सुनिश्चित होगी और बेनामी लेन-देन पर भी प्रभावी रोक लगेगी। उन्होंने बताया कि आधार प्रमाणीकरण के जरिए क्रेता और विक्रेता दोनों की पहचान पुख्ता होगी, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद की संभावना कम हो जाएगी।

### पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और भरोसेमंद बनाना उद्देश्य

शासन का उद्देश्य है कि डिजिटल माध्यमों का अधिकतम उपयोग कर पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और भरोसेमंद बनाया जाए। उप निबंधक कार्यालय में इस नई व्यवस्था को लेकर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि सोमवार से आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। आम लोगों ने भी इस पहल को सकारात्मक बताते हुए कहा कि इससे जमीन पंजीकरण की प्रक्रिया में ट्रांसपेरेंसी बढ़ेगी।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 81537.70
निफ्टी 25048.65




रु. 150430
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार देश



चांदी रु. 291770
प्रति किलो



# बजट घोषणाओं से मिलेगी शेयर बाजार को दिशा

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही तेजी के बाद अब निवेशकों को बजट और वृहद आर्थिक आंकड़ों का इंतजार रहेगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार को लोकसभा में वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करेंगी। देखना यह है कि बजट की घोषणाएं निवेशकों को रास आती हैं या नहीं। इसके अलावा जनवरी के विनिर्माण तथा सेवा क्षेत्र के खरीद प्रबंधक सूचकांक और वाहनों की बिक्री के आंकड़े भी अगले सप्ताह जारी होने वाले हैं। बाजार पर इन सभी का असर दिखेगा। साथ ही वैश्विक स्तर पर जारी उथल-पुथल और तेजी से बदलते राजनीतिक समीकरणों से भी निवेश धारणा प्रभावित होगी। बीते सप्ताह 26 जनवरी के अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। पहले तीन दिन प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही जबकि शुक्रवार को ए लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 732.08 अकं (0.90 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त के साथ 82,269.78 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी सप्ताह के दौरान 272 अंक यानी 1.09 अंक मजबूत हुआ और शुक्रवार को 25,320.65 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा लिवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.11 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 3.22 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में रहा। संसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 से शेयर पिछले सप्ताह मजबूत हुए, जबकि अन्य 13 के लाल निशान में रहे। बीईएल में सबसे अधिक 9.54 प्रतिशत की तेजी देखी गई, जबकि एशियन पेंट्स में 10.12 प्रतिशत की सर्वाधिक गिरावट रही। ज्यादातर बैंकों एवं वित्तीय कंपनियों में लिवाली को जोर रहा। एक्सिस बैंक का शेयर 8.74 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक का 4.68, एचडीएफसी बैंक का 1.43, आईसीआईसीआई बैंक का 0.87, बजाज फाइनेंस का 0.29 और बजाज फिनसर्व का 0.24 प्रतिशत चढ़ा।

### रामसर सूची में दो नई आर्द्रभूमि शामिल

**नई दिल्ली।** सरकार ने विश्व आर्द्रभूमि दिवस से एक दिन पहले आज रामसर नेटवर्क में दो नई आर्द्रभूमियों को शामिल करने की घोषणा की है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के एटा जिले में स्थित पटना पक्षी अभयारण्य और गुजरात के कच्छ जिले में स्थित छारी-ढांड को रामसर स्थलों की सूची में शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की पोस्ट का जवाब देते हुए एक्स पर पोस्ट किया। मोदी ने यादव की इस घोषणा पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि एटा (उत्तर प्रदेश) में स्थित पटना पक्षी अभयारण्य और कच्छ (गुजरात) में स्थित छारी-ढांड को रामसर स्थल के रूप में शामिल किया गया है।

# चावल, सस्ता, गेहूं महंगा, खाद्य तेल, दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव गिर गए, जबकि गेहूं में तेजी रही। वहीं, चीनी की कीमतों में कमोबेश टिकाव रहा, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 31 रुपये घटकर 3,810 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं चार रुपये चढ़कर 2,866 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी 21 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। दाल-दलहनों में उड़द दाल की औसत कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मसूर दाल 59 रुपये और चना दाल 24 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत 20 रुपये और तुअर दाल की 11 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 118 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। सोया तेल 88 रुपये और सूरजमुखी तेल 79 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति की कीमत 36 रुपये और सरसों तेल की 35 रुपये बढ़ गई।

पाम ऑयल 18 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। चीनी गत दिवस के स्तर पर ही टिकी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7755.67 रुपये, मसूर काली 8072.25 रुपये, मूंग दाल 10100.66 रुपये, उड़द दाल 10518.54 रुपये, तुअर दाल 10781.42 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2866.17 रुपये और चावल 3810.12 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3327.96 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4288.64 रुपये और गुड़ 4980.50 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17677.06 रुपये, मूंगफली तेल 17897.11 रुपये, सूरजमुखी तेल 16313.80 रुपये, सोया तेल 13980.95 रुपये, पाम ऑयल 12608.99 रुपये और वनस्पति 14555.22 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोंहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# नहीं चलेंगे समाज को बांटने वाले कानून

**कानपुर।** पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने केंद्र सरकार को वेस्ट इंडिया कंपनी बताते हुए एक बार फिर हुंकार भरी और कहा कि समाज को बांटने वाले कानून, जैसे यूजीसी और एससी/एसटी एक्ट, अब नहीं चलेंगे।

सवर्ण समाज जाग चुका है और किसी भी तरह के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने सरकार पर वोट बैंक की राजनीति के लिए विभाजनकारी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया। उत्तर प्रदेश के बरेली में सिटी मजिस्ट्रेट रहे पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री इस्तीफा देने के बाद शनिवार को अपने घर कानपुर पहुंचे। वहां उनके परिजनों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उनके समर्थक भी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

अलंकार अग्निहोत्री के गाड़ी से उतरते ही लोग 'शेर आया' के नारे लगाने लगे। समर्थकों से मिलने के बाद अलंकार अग्निहोत्री ने एक बार फिर प्रदेश और केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार ईस्ट इंडिया कंपनी भारत को लूटने के लिए आई थी, ठीक उसी प्रकार भारत सरकार लूट रही है। उन्होंने केंद्र सरकार को वेस्ट इंडिया कंपनी बताया, इसी के साथ उन्होंने केंद्र सरकार को ललकारते हुए कहा कि सवर्ण समाज अब जाग गया है। अलंकार अग्निहोत्री के घर पहुंचने पर उनकी मां समेत सभी परिजनों ने स्वागत किया।

### कफ सिरप माफिया की 5.77 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**सोनभद्र।** अवैध नशीले कोडीन युक्त कफ सिरप के मुख्य तस्कर भोला प्रसाद जायसवाल एवं उसके संगठित गिरोह द्वारा अर्जित 5.77 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियों को न्यायालय के आदेश पर कुर्क कर लिया गया है। सोनभद्र पुलिस की यह कार्रवाई संगठित अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने शनिवार को बताया कि इससे पूर्व 23 जनवरी 2026 को अभियुक्त भोला प्रसाद जायसवाल की 28.50 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां कुर्क की गई थीं। इसी क्रम में शनिवार को मड़ौली एवं भरलाई (तहसील सदर, सोनभद्र) तथा जगदीशपुर (तहसील पिडरा, जनपद वाराणसी) स्थित मुख्य अभियुक्त और उसके परिजनों की सात अचल संपत्तियां, जिनकी अनुमानित कीमत 4,55,02,762 रुपये है, कुर्क की गईं।

# कारीगर भारत की विरासत के संरक्षक

## अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेला 2026 का उपराष्ट्रपति ने किया शुभारंभ

फरीदाबाद, वार्ता



शनिवार से सूरजकुंड मेले का आगाज हो गया है। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने 39वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने मेला साथी मोबाइल ऐप को लॉन्च किया। इस ऐप के जरिए मेले की सारी जानकारी मिल सकेगी, जैसे कि कहां किस चीज का स्टॉल लगा है, कहां पार्किंग है, कहां खाने के स्टॉल है। इस तरह की सारी जानकारी मोबाइल ऐप से मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि कारीगर भारत की विरासत के संरक्षक हैं।

मेले के शुभारंभ के बाद उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने मेले परिसर में हरियाणा के अपना घर पवेलियन का दौरा किया, जहां हरियाणवी पगड़ी पहनाकर उनका पारंपरिक स्वागत-सत्कार किया गया। उपराष्ट्रपति ने मेले के थीम स्टेट मेघालय के स्टॉलों का अवलोकन कर शिल्पकारों से संवाद किया तथा उनके हुनर की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने मेले में सहभागी विभिन्न देशों और राज्यों की सांस्कृतिक विधाओं का अवलोकन कर कलाकारों एवं शिल्पकारों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा ने उपराष्ट्रपति को पांचजन्य शंख और महाभारत के दृश्य को दर्शाती एक आकर्षक पेंटिंग भेंट की। मेले को उद्घाटन के बाद उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला दशकों से भारत की सांस्कृतिक आत्मा, कलात्मक उत्कृष्टता और सभ्यतागत निरंतरता का जीवंत प्रतीक रहा है। ये उत्सव वसुधैव कुटुंबकम के उस शाश्वत भारतीय दर्शन को साकार करता है, जिसमें पूरी दुनिया को एक परिवार माना गया है। ये मेला निर्माण करने वाले हाथों, नवाचार से भरे मस्तिष्कों और हमारी पहचान गढ़ने वाली परंपराओं को एक साझा मंच पर एकत्रित करता है। पिछले लगभग चार दशकों से ये आयोजन हमारे कारीगरों, बुनकरों, मूर्तिकारों, चित्रकारों और लोक कलाकारों को वैश्विक पहचान दिला रहा है, जिनमें से अनेक पीढ़ियों से चली आ रही कलाओं को जीवित रखे हुए हैं। इस वर्ष आत्मनिर्भर भारत पर केंद्रित दृष्टिकोण ने मेले के महत्व को और भी गहन बना दिया है, क्योंकि हमारे कारीगर सदियों पुराने ज्ञान के संरक्षक हैं और उन्हें सशक्त बनाना एक समावेशी, सशक्त और टिकाऊ अर्थव्यवस्था की नींव है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक हस्तशिल्प क्षेत्र को राष्ट्रीय पुनर्जागरण के केंद्र में रखा गया है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना जैसे परिवर्तनकारी प्रयासों ने कारीगरों और शिल्पकारों को कौशल विकास, वित्तीय सहायता और बाज़ार से जुड़ाव प्रदान कर पूरे इकोसिस्टम को सशक्त बनाया है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ओटिज्म इलाज....** 2017, तथा भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा जारी राष्ट्रीय नैतिक दिशानिर्देशों का भी उल्लेख किया। अदालत ने कहा कि इन सभी दिशानिर्देशों में स्पष्ट रूप से यह उल्लेख है कि ऑटिज्म के इलाज में स्टेम सेल थेरेपी को नियमित उपचार के रूप में अनुशंसित नहीं किया गया है और इसे केवल स्वीकृत क्लिनिकल ट्रायल के तहत ही किया जा सकता है। मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ नाथ, श्री प्रतीक के. चड्ढा, असजद हुसैन, अनुनय चौधरी, श्रीकर येचुरी और श्री अनिकेत चौहान ने पक्ष रखा।

**2020 के...** ने प्राथमिकी दर्ज करने में हुई अस्पष्टीकृत देरी और जांच एजेंसी द्वारा मौके पर कथित रूप से मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों की जांच न किए जाने का भी उल्लेख किया अदालत ने कहा कि इन विरोधाभासों के लिए कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है, और जोड़ा कि अभियोजन पक्ष संदेह से परे अपना मामला साबित करने में विफल रहा है इसलिए, अदालत ने आरोपी को सभी आरोपों से बरी कर दिया।

# पूर्व प्रमुख अनुज साइकिल पर सवार

## भव्य समारोह में सैकड़ों समर्थकों के साथ सपा में शामिल







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सदर ब्लॉक के पूर्व प्रमुख अनुज मलिक अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ आज साइकिल पर सवार हो गए। सपा के मुजफ्फरनगर सांसद हरेन्द्र मलिक एवं जनपद के अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में उन्होंने भव्य समारोह में गरजते हुए अहसास करा दिया है कि बिजनौर में अब सपा का परचम लहराएगा।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा के जिला कार्यालय पर आज दोपहर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनुज मलिक अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ सपा में शामिल हुए। उनका जोरदार स्वागत किया गया। मुजफ्फरनगर के सांसद हरेंद्र मलिक ने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) पंचायत एवं स्वागत समारोह में भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने भाजपा को किसान, मजदूर और संविधान विरोधी करार देते हुए 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनाने का जोरदार आह्वान किया। सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की नीतियों पर चलकर किसाना. ॅ, पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के हितों की बात करने वाले एकमात्र नेता सपा प्रमुख अखिलेश यादव हैं। उन्होंने पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव और पूर्व केन्द्रीय मंत्री अजीत सिंह को याद करते हुए कहा कि दोनों ने चरण सिंह के सपनों को साकार करने के लिए भाइयों की तरह काम किया। आज सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ही चरण सिंह की तरह किसानों के हितों की बात कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि सब एकजुट होकर किसान विरोधी भाजपा सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकें।

सांसद हरेंद्र मलिक ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनुज मलिक का जोरदार स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे समर्पित नेता का पीडीए परिवार में शामिल होना पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समुदाय की एकजुटता को अधिक मजबूत करेगा। यह जनपद में पार्टी के जनसमर्थन को नई ऊर्जा देगा। हम मिलकर सामाजिक न्याय और किसानों व मजदूरों के हितों की लड़ाई को तेज करेंगे।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनुज मलिक ने कहा कि समाजवादी पार्टी के आदर्शों, सामाजिक न्याय और विकास की राजनीति को देखते हुए उन्होंने यह फैसला लिया है। सांसद हरेंद्र मलिक जैसे लोकप्रिय नेता की मौजूदगी और पार्टी के मजबूत संगठन ने उन्हें प्रेरित किया। अब वे पूरी निष्ठा से पार्टी के लिए काम करेंगे और बिजनौर में पीडीए की आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है। प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ सपा की सरकार बनेगी। भाजपा सरकार की नीतियों से हर कोई परेशान है। जनता बदलाव चाहती है। जनपद की जनता के साथ भी भेदभाव हो रहा है। सपा भाईचारा, शांति व विकास पर विश्वास रखती है।

भव्य स्वागत समारोह की अध्यक्षता निवर्तमान जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने की। जबकि संचालन महासचिव धनंजय यादव ने किया। कार्यक्रम में पूर्व अपर जिला जज व नगीना लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी मनोज कुमार, विधायक स्वामी ओमवेश, हाजी तसलीम अहमद, राम अवतार सैनी, मनोज पारस, नौगांवा सादात विधायक समरपाल सिंह, पूर्व विधायक हाजी नईम उल हसन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. रमेश तोमर, पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष महमूद कस्सार, प्रभा चौधरी, महमूद चौधरी आदि ने विचार रखे। समारोह में डॉ. कुंतेश सैनी, हनी फैसल, योगेंद्र चौधरी, श्लोक पवार, काशिफ खान, आलोक चौधरी, फरहान खान, नवाब मंसूरी, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बीके कश्यप, पंकज विश्नोई, मदन लाल सैनी, आशुतोष विश्वकर्मा, राधा सैनी, नमन प्रधान, पूर्व चेयरमैन शमशाद अंसारी, सतपाल सिंह, अखलाक पप्पू, शिराज जैदी, डॉ. लाखन सिंह पाल, अफजाल उल हक, धर्मेंद्र भुइयार, मुस्तकीम सभासद आदि मौजूद रहे।

## अनुज मलिक के आने से बिजनौर सीट पर सपा की स्थिति मजबूत

**बिजनौर।** पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनुज मलिक के सपा में शामिल होने से जनपद मुख्यालय पर पार्टी की स्थिति बेहद मजबूत हो गई है। अनुज मलिक जमीन से जुड़े हुए नेता है। वह व्यवहार कुशल एवं मृदभाषी है। जो भी उनसे एक बार मिल लेता है, वह बार-बार मिलना चाहता है। जनपद मुख्यालय पर पार्टी के पास फिलहाल कोई ऐसा नेता नहीं था, जो भाजपा नेताओं की आंखों में आंख डाल कर मुकाबला कर सके। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा सके। जनपद मुख्यालय को पार्टी को ऐसे जाट नेता की जरूरत थी, जो पार्टी कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान कर सके। अनुज मलिक के सपा में शामिल होने से पार्टी को बिजनौर सीट के साथ-साथ अन्य सीटों पर भी फायदा होगा।






## नशे की हालत में युवक का तांडव

### दो महिलाओं पर हमला, एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मौहम्मदपुर सदा उर्फ कटिया मेमनपुर में नशे की हालत में एक युवक द्वारा की गई हिंसक वारदात ने पूरे गांव को दहला दिया। युवक ने घर में घुसकर दो महिलाओं पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिसमें एक बुजुर्ग महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरी महिला गंभीर रूप से घायल होकर जिंदगी और मौत से जूझ रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी पूर्व प्रधान कुलदीप सिंह की 62 वर्षीय पत्नी रुक्मणी देवी शुक्रवार शाम करीब पांच बजे घर में अकेली थीं। इसी दौरान गांव का ही युवक ऋषभ चौहान पुत्र शीशराम चौहान नशे की हालत में उनके घर में घुस गया। आरोप है कि युवक ने बिना किसी कारण रुक्मणी देवी पर हमला कर दिया। रुक्मणी देवी के शोर मचाने पर पास में रहने वाली 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला उषा रानी पत्नी स्वर्गीय गोपाल उन्हें बचाने के लिए मौके पर पहुंचीं, लेकिन हमलावर ने उन पर भी हमला कर दिया। अचानक हुई इस घटना से घर में अफरा-तफरी मच गई। दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे। इस बीच आरोपी युवक छत से कूदकर फरार होने का प्रयास करने लगा, लेकिन ग्रामीणों ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। घायलों को तत्काल धामपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए दोनों को मुरादाबाद रैफर कर दिया। मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान शुक्रवार देर रात बुजुर्ग महिला उषा रानी की मौत हो गई। महिला की मौत की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई और पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया। वहीं रुक्मणी देवी की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

ग्राम प्रधान संध्या चौहान ने बताया कि आरोपी युवक नशे का आदी है और पहले भी पूर्व प्रधान के घर में चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है। आशंका जताई जा रही है कि वह इस बार भी चोरी की नीयत से घर में घुसा था, लेकिन घर में महिला के जाग जाने पर उसने हमला कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। कोतवाल मृदुल कुमार ने बताया कि मृतका के परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक सवार तीन दोस्तों को अज्ञात वाहन ने रौंदा

### दो की मौत, तीसरा गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर/झालू।** गोलबाग के निकट एक बाइक की अज्ञात वाहन से भीषण भिड़ंत हो जाने से दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया।

थाना कोतवाली शहर के गांव गंगदासपुर निवासी बलराम (22 वर्ष ) पुत्र करतार सिंह व अंकित ( 24 वर्ष) पुत्र अशोक कुमार व सोनू शुक्रवार की देर शाम करीब आठ बजे कस्बा झालू से बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गोलबाग के निकट उनकी बाइक की नंदी गोशाला के समीप किसी अज्ञात वाहन से जबरदस्त भिड़ंत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार



के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों ने बलराम व अंकित को मृत घोषित कर दिया और घायल सोनू का उपचार चल रहा है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह का कहना है कि मामले की जांच कर रही है।


## एक नजर

### छात्राओं के लिए विदाई समारोह



**धामपुर।** लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में कक्षा द्वादश की छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्या श्रीमती आभावती द्वारा सरस्वती माँ के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया। क्रार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अर्चना एवं एकादश की छात्राओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एकादश की छात्राओं द्वारा द्वादश की छात्राओं को टीका लगाकर स्वागत किया गया। छात्राओं द्वारा रेप वॉक किया गया, जिसमें छात्रा द्वादश आयुषी आर्य को मिस फेयरवेल चुना गया। छात्रा को प्रधानाचार्या द्वारा क्राउन पहना कर मिस फेयरवेल का खिताब दिया गया। छात्रा आकृति सिंह, अंकित सिसोदिया रनर अप को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या श्रीमती आभावती द्वारा भूमिका चौहान, शगुन सैनी, पल्लवी रानी, संस्कृति चौहान, रिया सैनी, सोनाक्षी, शशि चौहान, भाव्या, ज्योति, वैष्णवी आदि सभी छात्राओं को शुभकामना संदेश दिया तथा सभी के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना की। इस अवसर पर शिक्षिका अनीता, सरिता, रेनू, अलका, पूर्णिमा, पारुल, मीनाक्षी, प्रीति, प्रियंका, विनिता, खुशबू, दीपिका, मेघना एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### तीन को शबे बरात : काजी माजिद



**बिजनौर।** शहर के काजी, काजी माजिद अली ने बताया कि शबे बरात तीन फरवरी को मनाई जाएगी और अगले दिन चार फरवरी को रोजा रखा जाएगा। शहर काजी ने तमाम मुसलमान से अपील करते हुए कहा कि तीन और चार फरवरी के बीच की रात इबादत की रात है। इसमें सब लोग सिर्फ अल्लाह की इबादत करें और किसी भी खुराफात में न पड़े। अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगे। साथ ही जो लोग इस दुनिया से जा चुके हैं, उनके लिए मगफिरत की दुआ करें और अपने मुल्क, अपने शहर व तमाम दुनिया में अमन और शांति के लिए अल्लाह से दुआ करें।

### गरीब चालकों को बांटें लिहाफ



**बिजनौर।** बैटरी रिक्शा चालक एसो. (रजि.) ने नुमाइश ग्राउंड में एक लिहाफ वितरण समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों गरीब बैटरी रिक्शा चालकों को लिहाफ वितरित किए गए। यूनियन के अध्यक्ष दीपक गर्ग उर्फ मोनू ने अपने कहा कि एसो. की स्थापना को मात्र एक साल हुआ है। इस दौरान उन्होंने 'नर सेवा नारायण सेवा' की भावना से कई सामाजिक कार्य किए हैं। महामंत्री नानकचंद खेड़ा ने यूनियन के कार्यों की सराहना करते हुए अध्यक्ष दीपक गर्ग की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दीपक गर्ग सराहनीय कार्य कर रहे हैं और ऐसे अध्यक्ष मिलना गर्व की बात है। उन्होंने सभी रिक्शा चालकों से यूनियन से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष गौरव खेड़ा, मौहम्मद शहादत, मौहम्मद नौशाद, बाबू भाई, रफत हुसैन, इसरार सहित अन्य पदाधिकारी और सैकड़ों रिक्शा चालक मौजूद रहे।

### फांसी के फंदे पर लटकी महिला



**मंडावर।** ग्राम मौहम्मदपुर देवमल में आज सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला का शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। थाना किरतपुर क्षेत्र के ग्राम ज्वाला चंडी निवासी हरवीर सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री दामिनी उर्फ सोनी की शादी दो वर्ष पूर्व 17 जनवरी 2024 को पूरे रीति रिवाज के साथ थाना मंडावर क्षेत्र के ग्राम मौहम्मदपुर देवमल निवासी अभिषेक पुत्र मुन्नू के साथ की थी। उन्होंने अपनी हैसियत के मुताबिक अभिषेक की मांग पर दहेज में कार व अन्य सामान दिया था। लेकिन अभिषेक दहेज में दी कार से खुश नहीं था और वह स्कॉर्पियो की मांग करने लगा था। जिसके बाद वह स्कॉर्पियो लेने के लिए दामिनी पर मायके से पांच लाख रुपय लाने का दबाव बनाने लगा था। दामिनी के कहने पर उन्होंने दो बार पचास-पचास हजार रुपए उसके ससुराल वालों को दे दिए थे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को अभिषेक ने उन्हें बिजनौर रेलवे स्टेशन पर बुलाया और कहने लगा कि दामिनी ने तुमसे पांच लाख रुपए लाने को कहा था। उन्होंने जल्द ही पांच लाख रूपए का इंतजाम कर अभिषेक को देने के लिए कहा, तो अभिषेक ने उन्हें दो दिन में पैसे नहीं देने पर बेटी का शव उसके घर से ले जाने की बात कही। जिसके बाद उनके पुत्र उज्जवल राठी ने भी अपनी बहन दामिनी से फोन पर बात की, तो वह काफी डरी हुई थी। उनके बेटे ने उन्हें कॉन्फ्रेंस पर लेकर दामिनी से बात कराई, तो उसने कहा कि पापा अगर आपने उसके ससुराल वालों को जल्द ही पांच लाख रुपए नहीं दिए, तो वह उसे मार देंगे। इस बीच शनिवार की सुबह दामिनी के ससुर मुन्नू ने फोन कर उनकी पुत्री की मौत की खबर दी। पिता हरवीर सिंह ने दामिनी के पति अभिषेक, ससुर मुन्नू, सास रेखा व देवर भूरे पर हत्या करने का आरोप लगाया है। थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने बताया की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### भाई-बहन समेत तीन घायल

**अफजलगढ़।** थाना रेहड़ क्षेत्र के वादीगढ़-सुआवाला मार्ग स्थित गांव भगतावाला के समीप दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में कुछ देर के लिए मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई। मुरादाबाद जनपद के ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के गांव ख्वाजापुर मढैया निवासी नितेश कुमार अपनी बहन भावना के साथ बाइक से रिश्तेदारी में गांव फतेहपुर धारा (रेहड़) जा रहे थे। इसी दौरान गांव भगतावाला के पास सामने से आ रही गांव उदयपुर निवासी हरपाल की बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकें सड़क पर दूर जा गिरीं और बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और पीआरवी टीम ने घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। चिकित्सकों ने नितेश कुमार की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया, जबकि अन्य घायलों का उपचार पीएचसी पर जारी है। थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि घटना के संबंध में तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# त्यौहार शांतिपूर्वक मनाएं : डीएम

## जुलूस निर्धारित मार्गों से निकलें, सोशल मीडिया पर रहेगी कड़ी निगाह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संत रविदास जयंती एवं महाशिवरात्रि कांवड़ यात्रा पर्व सहित आगामी सभी पर्वों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए तैयारी समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने जन सामान्य का आह्वान करते हुए कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द को बनाए रखते हुए आगामी पर्वों को परंपरागत एवं शांतिपूर्ण तरीके से मिलजुल त्यौहारों को मनायें। उन्होंने उपस्थित धार्मिक गुरुओं का आह्वान किया कि अगर कहीं पर कोई समस्या या विवाद है, तो जिला प्रशासन को अवगत कराएं ताकि समय रहते ही समस्या का उचित निस्तारण किया जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे कि एक दूसरे की धार्मिक भावनाएं आहत हों, शोभायात्रा परंपरागत मार्गों से ही निकाली जाए तथा किसी भी अवस्था में कोई नई परंपरा न डालें। उन्होंने उपस्थित सभी धर्मगुरूओं एवं प्रबुद्धजनों से आगामी पर्वों को शांतिपूर्वक मनाने एवं कानून व्यवस्था बनाने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सोशल मीडिया पर कड़ी निगाह रखे और सभी जिम्मेदारियों का अच्छे से निर्वहन करें। उन्होंने समस्त अधिकारियों को शोभायात्रा/कांवड़ यात्रा के रूटों पर साफ-सफाई एवं पानी की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शोभायात्रा/कांवड़ यात्रा वाले मार्गों पर विद्युत तार यदि जर्जर हैं, तो उन्हें बदला जाए या फिर सुनिश्चित किया जाए कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाए। उन्होंने पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में संयुक्त रूप से आयोजकों, गणमान्य व्यक्तियों एवं स्थानीय निकाय के अधिकारियों के साथ संयुक्त शान्ति समिति की बैठकें आयोजित कर स्थानीय स्तर पर पूर्व में हुई घटनाओं व समस्याओं पर विचार विमर्श करते हुए उनका निराकरण करें। उन्होंने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों के प्रबुद्धजनों से संवाद बनाकर रखें जिससे यात्रा में आने वाली किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व में ही पूर्ण करना सुनिश्चित करें, जिससे आगामी त्यौहार सकुशल शांतिपूर्वक सम्पन्न हो सकें। बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुधारण बनाए रखने के दृष्टिगत संयुक्त रूप से थानावार समीक्षा की गई।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा द्वारा समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि विभिन्न थाना क्षेत्रों के अंतर्गत संवेदनशील व अति संवेदनशील ग्रामों में निकाले जाने वाली शोभायात्राओं के संबंध में क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को विशेष रूप से सतर्क रहने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आयोजक इस बात का ध्यान रखें कि पर्व को इस प्रकार से मनाया जाए कि किसी अन्य को असुविधा न हो। उन्होंने आयोजकों से कहा कि पहले से अनुमति अनिवार्य रूप से लें, जिससे पुलिस-प्रशासन समय से आपका सहयोग कर सके।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, समस्त उपजिलाधिकारी/क्षेत्राधिकारी पुलिस, समस्त धर्म गुरु/आयोजक सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# मानसिक चुनौतियों पर जागरूकता व निराकरण के बताए व्यावहारिक उपाय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में किशोरी बालिका (माध्यमिक) कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित चार दिवसीय सेमिनार श्रृंखला के तीसरे दिन 'किशोरावस्था में होने वाली मानसिक समस्याएं एवं उनका निराकरण' विषय पर जागरूकता सेमिनार संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती चारू ने की, जबकि संचालन श्रीमती रजनी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। सेमिनार में चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. अरविंद चौधरी, डॉ. उषा सिंह, डॉ. हेमेन्द्र सिंह एवं डॉ. आयुषी भारद्वाज ने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक परिवर्तनों पर विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों ने किशोरावस्था के दौरान तनाव, अवसाद, चिड़चिड़ापन, आत्मविश्वास की कमी, पढ़ाई का दबाव तथा डिजिटल माध्यमों के बढ़ते प्रभाव से उत्पन्न मानसिक समस्याओं पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि सकारात्मक सोच, संतुलित दिनचर्या, योग-ध्यान, खेलकूद, पारिवारिक संवाद और आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सकीय परामर्श से इन समस्याओं का प्रभावी निराकरण किया जा सकता है।

सेमिनार के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं ने खुलकर अपनी जिज्ञासाएं रखीं। विद्यालय प्रशासन ने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को किशोरियों के मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

# नरगदी में विराट हिंदू सम्मेलन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** खंड के मंडल गिलाड़ा स्थित ग्राम नरगदी में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने हिंदुत्व, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक समरसता पर बल दिया।

मुख्य वक्ता एवं अतिथि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विभाग प्रचारक क्रांति कुमार एवं सुनील कुमार उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में हरिद्वार स्थित अवधूत आश्रम के महामंडलेश्वर रूपेंद्र प्रकाश महाराज ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता टीकाराम ने की, जबकि संचालन नेपाल द्वारा किया गया। आयोजन की कमान समिति अध्यक्ष शोभित त्यागी ने संभाली। प्रमुख संबोधन में महामंडलेश्वर रूपेंद्र प्रकाश महाराज ने कहा कि हिंदुत्व की विशेषताओं और भारतीय संस्कृति की महानता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने समाज को अपनी जड़ों से जुड़ने का आह्वान किया। सुनील कुमार ने कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की गौरवशाली यात्रा को साझा किया और बताया कि कैसे संघ ने राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाई है। क्रांति कुमार (विभाग प्रचारक)ने 'पंच परिवर्तन' (सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य) के विषय पर मार्गदर्शन दिया और इन्हें जीवन में उतारने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर मूलचंद सिंह, मृत्युंजय, विपिन, खंड कार्यवाह सचिन, विश्वास, क्षेत्रपाल, कपिल कुमार, विनिल त्यागी, प्रदीप, सुभाष सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी और कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

# थाना परिसर में व्यापारियों की मासिक बैठक



### सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारी का सशक्त संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना परिसर में प्रत्येक माह आयोजित होने वाली व्यापारियों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर के व्यापारियों की सुरक्षा को और अधिक मजबूत करना, पुलिस-व्यापारी समन्वय को बेहतर बनाना एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना रहा।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने सभी सर्राफा व्यापारी एवं अन्य व्यापारियों से सौहार्दपूर्ण अनुरोध किया कि वे अपने-अपने प्रतिष्ठानों के बाहर एवं भीतर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। उन्होंने कहा कि व्यापारी नगर की रीढ़ हैं और उनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। पुलिस तभी प्रभावी ढंग से कार्य कर सकती है, जब व्यापारियों का सहयोग हमें मिले। थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, असामाजिक तत्व या घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन हर समय उनके साथ खड़ा है और सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।

इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अरुण कुमार वर्मा के पुत्र अमित वर्मा ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी व्यापारियों से आग्रह किया कि वे आधुनिक सुरक्षा संसाधनों का उपयोग करें और सीसीटीवी कैमरे लगाकर न केवल स्वयं सुरक्षित रहें, बल्कि अपराध नियंत्रण में पुलिस का सहयोग भी करें। बैठक के दौरान व्यापारियों ने अपनी समस्याएं एवं सुझाव भी रखे, जिन्हें प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने गंभीरता से सुना और शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। इस मासिक बैठक में नगर के तमाम सर्राफा व्यापारी विभिन्न व्यापार संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में व्यापारीगण मौजूद रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

## हाथियों का एक झुंड आबादी की तरफ बढ़ने से मचा हड़कंप

**अफजलगढ़।** कालागढ़ कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से हाथियों का एक झुंड बाहर निकलकर उत्तर प्रदेश - उत्तराखंड सीमा पर कालागढ़ के सीमावर्ती क्षेत्र स्थित खेतों की ओर बढ़ गया। इससे स्थानीय लोगों में भय का माहौल बन गया। सीमावर्ती क्षेत्र में कई गांव आबादी वाले हैं। जिस पर घटना की सूचना शिवसेना के जिलाध्यक्ष संजय राणा ने तुरंत वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन क्षेत्राधिकारी नन्द किशोर रूवाली वन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हाथियों को जंगल की ओर लौटाने का प्रयास शुरू किया। परंतु हाथियों का झुंड आबादी की ओर बढ़ने लगा, जिससे ग्रामीणों तथा वन विभाग की टीम में हड़कंप मच गया, प्रारंभिक प्रयासों से झुंड नियंत्रण में नहीं आया और स्थिति गंभीर होती दिखाई दी। अथक प्रयास के बाद वन विभाग की टीम ने हवाई फायरिंग और पटाखों का इस्तेमाल कर हाथियों को वापस जंगल की ओर मोड़ दिया।


# गणतंत्र दिवस की सभी को

हार्दिक बधाई

# धीरज राय वर्मा

सफाई निरीक्षक-पालिका, नगीना

स्वच्छता अभियान में अपना अमूल्य सहयोग दें।


# झूठा निकाह कर रकम ठगने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** व्हाट्सएप पर आनलाईन निकाह करने वाली एक विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने और धोखाधड़ी कर पैसे हड़पने का गंभीर मामला दर्ज कराया है।

पीड़िता निवासी अमरोहा द्वारा नहटौर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि यह मामला फरवरी 2025 में शुरू हुआ, जब नहटौर के मोहल्ला जिगर कॉलोनी के शुएब नामक युवक के साथ उसका 'ऑनलाइन वीडियो कॉल' के जरिए निकाह कराया गया। आरोप है कि निकाह के समय रुपए 5 लाख की मांग की गई थी, जिसमें से रुपए 3 लाख नकद दिए गए। इसके बाद नवंबर 2025 में बारात आने पर पीड़िता को विदा किया गया, जिसमें रुपए 1.5 लाख नकद और अन्य सामान दिया गया। पीड़िता का आरोप है कि शादी के कुछ ही दिनों बाद से ससुराल वाले कम दहेज का ताना देने लगे और रुपए 3 लाख की अतिरिक्त मांग करने लगे। 21 नवंबर 2025 की रात को, जब पीड़िता के पति सो रहे थे, उसके देवर शाहजेब पर भी गंभीर आरोप लगाए गए है। विरोध करने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता ने बताया कि 29 नवंबर 2025 को ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया और उसके जेवर भी छीन लिए। पीड़िता का दावा है कि उसके साथ झूठा निकाह करके उसे फंसाया गया है और उसके परिवार के पैसे ठगे गए हैं। थाना प्रभारी धीरज नागर ने कहा कि शुएब (पति), अशरफ (ससुर), शाहजेब (देवर), गुड्डी (सास), शीबा व अकरम (ननद और ननदोई) के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शेरकोट।** हाईवे पर कार की टक्कर से बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने घायल युवक को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

नगर के मौहल्ला समना सराय निवासी प्रिंस पुत्र चंदन किसी आवश्यक कार्य से बाइक द्वारा हरेवली तिराहे की ओर जा रहा था। इसी दौरान हाईवे पार करते समय अफजलगढ़ की ओर से धामपुर जा रही तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार चालक सहित वाहन को थाने ले गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि फिलहाल कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश, जिला बिजनौर**

नम्बर मुकदमा- 780/2010

**सोनिया शर्मा बनाम मुनव्वर जहां आदि**

1. रहीम पुत्र स्व. इदरीश निवासी मकान नं. 26, गली डॉ. नईम वाली, बी-24, चाहशीरीं बिजनौर, 2. नवेद पुत्र स्व. इरफान अहमद निवासी मौहल्ला मिर्दगान, बिजनौर, तहसील व जिला बिजनौर, 3. नदीम पुत्र स्व. इरफान अहमद निवासी मौहल्ला मिर्दगान, बिजनौर तहसील व जिला बिजनौर।

हरगाह के आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 10.02.2026 बवक्त 10 बजे दिन के अमालातन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुल उमूर अहम मुताल्लिक के मुकदमा जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो जो कि जवाब में ऐसे सवालात का जवाब दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा बगैर हाजिर आपको समसुआ और फैसला होगा।

नियत दिनांक:- 10.02.2026

**प्रबंधक**
**लघुवाद न्यायाधीश**
**बिजनौर**

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांदपुर (बिजनौर)

पत्रांक: 983/न.पा.परि. चान्दपुर/2025-26 दिनांक:- 31.01.2026

## सार्वजनिक सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों/एकल स्वामियों सहकारी समितियों/गैर सरकारी संस्था एन.जी.ओ./कंपनियों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, चान्दपुर, जनपद बिजनौर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2016 के अन्तर्गत स्थापित मटेरियल रिकवरी फेसेलिटी सेन्टर (MRF), सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट प्लान्ट के संचालन व कूड़े का वैज्ञानिक विधि से निस्तारण के उपरान्त प्राप्त होने वाले आर.डी.एफ., इनर्ट व लिगेसी वेस्ट आदि के निस्तारण किये जाने हेतु प्रति टन दर के आधार पर प्रस्ताव दिनांक 02.02.2026 से दिनांक 09.02.2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। प्राप्त प्रस्ताव दिनांक 09.02.2026 को अपराह्न 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे। इच्छुक पंजीकृत फर्मों/एकल स्वामियों सहकारी समिति/ गैर सहकारी संस्था एन.जी.ओ./ कम्पनी अपने प्रस्ताव के साथ जमानत धनराशि अंकन रुपये 10,00,000/- एफ.डी.आर./नकद जमा करा सकते है। अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, चांदपुर, जनपद बिजनौर को पूर्ण अधिकार होगा कि किसी एक अथवा समस्त प्रस्ताव को बिना कारण बताए अस्वीकृत कर देंगे, सशर्त प्रस्ताव मान्य नहीं होंगे। विस्तृत शर्तों एवं विवरण की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में सम्बंधित पटल से प्राप्त की जा सकती है।

**(कुनाल रस्तौगी)** — **अधिशासी अधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट**

**(जीनत परवीन)** — **अध्यक्ष**

## एक नजर

### गोला भैया ने किया शोभायात्रा का उद्घाटन



**चांदपुर।** ग्राम बाबरपुर में स्थित संत रविदास धर्मशाला में रविदास जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम रविदास धर्मशाला में समाज के लोगों ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए शोभायात्रा निकाली। इस शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार की सुंदर-सुंदर झांकियां व बैंड बाजे शोभा यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। शोभायात्रा का जिला पंचायत सदस्य पद के आजाद समाज पार्टी से ब्लॉक जलीलपुर वार्ड एक के संभावित प्रत्याशी इरशाद उर्फ गोला भैया ने फीता काटकर उद्घाटन किया। रविदास जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस मौके पर शमीम अख्तर रहीसुद्दीन, करीमुद्दीन, नदीम अहमद, अलीमुद्दीन, ताजिम अहमद, मोंटी यादव, साकिब अली, शमशाद अहमद, इदरीश अहमद, सतीश कुमार, अरविंद कुमार, विनोद, कलवा, रमेश आदि शामिल रहे। इससे पहले ग्राम बाबरपुर पहुंचने पर इरशाद अहमद उर्फ गोला भैया का रविदास जयंती कार्यक्रम में समाज के लोगों द्वारा फूलों की मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। ग्राम प्रधान गुड्डी देवी, लेखपाल अंकुर सेठी, निखिल, अशोक, अंकित, रोहित, ब्रहमपाल, स्वाति, गुड़िया, अर्चना, सर्वेश देवी आदि का विशेष सहयोग रहा।

### क्रिसेंट में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर




**चांदपुर।** मुस्लिम फण्ड रजि. बसी किरतपुर के तत्वावधान में क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में सीएलगुप्ता आई इंस्टीट्यूट मुरादाबाद की ओर से विद्यार्थियों के लिए एक नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्कूल के कुल 1120 विद्यार्थियों की आंखों की जांच की गई। जांच के दौरान आंखों की बारीकी से जांच हेतु अत्याधुनिक मशीनों का उपयोग किया गया। शिविर के दौरान मुस्लिम फण्ड किरतपुर के सचिव एवं स्कूल प्रबंधक मुंशी हसीनुद्दीन, स्कूल के वाइस मैनेजर मरगूब अहमद तथा प्रधानाचार्य नदीम बख्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल मार्गदर्शन अकादमिक हेड शाहजाद खान के द्वारा किया गया। उनके सशक्त नेतृत्व क्षमता एवं बेहतर समन्वय के चलते शिविर का आयोजन अत्यंत व्यवस्थित एवं सफल रहा। विद्यार्थियों की समयबद्ध जांच, अनुशासन और चिकित्सकीय टीम के सहयोग में शाहजाद खान की अहम भूमिका सराहनीय रही। शिविर को सफल बनाने में स्कूल के समस्त स्टाफ का सक्रिय योगदान रहा। अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों ने इस जनहितकारी पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा की और आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

### संकरी गली में फंस कर बारहसिंगा की मौत

**कोतवाली देहात।** एक बारहसिंगा बरुकी के आस-पास घूम रहा था। अचानक उस पर कुत्तों ने हमला कर दिया। हमला करने के बाद से बचने के लिए बारहसिंगा सहकारी समिति के निकट एक संकरी गली में फंस गया। ग्रामीणों ने रस्सी डालकर बारहसिंगा को बचाने का प्रयास किया, लेकिन बारहसिंगा बाहर नहीं निकाला जा सका। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार वन विभाग तथा पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन वन विभाग का कोई भी कर्मचारी 3 घंटे तक मौके पर नहीं पहुंचा। इस दौरान बारहसिंगा की मौत हो गई। ग्रामीणों ने वन विभाग के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

### गुलदार ने माहे को बनाया निवाला

**नहटौर।** क्षेत्र के गांव मंडोरी में पूर्व प्रधान घनश्याम सिंह के गन्ने के खेत में गुलदार घुसता हुआ नजर आया था, जिस पर ग्रामीणों ने घेराबंदी की थी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी। वन विभाग की टीम ने सर्च अभियान चलाया था और ड्रोन कैमरे की मदद से गुलदार का पता लगाने का प्रयास किया था, लेकिन गुलदार का कोई अता पता नहीं लग सका था। वन विभाग ने पिंजरा लगाया था। शनिवार को जब कुछ किसान अपने खेतों पर गए तो मुन्नी देवी के गन्ने के खेत में एक माहे के बच्चे का अधखाया हुआ शव मिला है। शव के आसपास गुलदार के पद चिन्ह भी मिले हैं। जिससे गुलदार के द्वारा माहे के बच्चे को मारने की आशंका व्यक्त की जा रही है। क्षेत्र में गुलदार की दस्तक को लेकर ग्रामीण में दहशत का माहौल बना हुआ है। डिप्टी वन रेंजर हरदेव सिंह का कहना है कि ग्रामीण सतर्कता बरते और समूह के रूप में जंगल जाएं। गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया है।

### गुरु रविदास जयंती धूमधाम से मनाई



**नहटौर।** क्षेत्र के ग्राम बल्लाशेरपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में महान समाज सुधारक और संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक और प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुष्कर सिंह और डा. राजपाल सिंह विद्यालय के प्रधानाचार्य और गणमान्य अतिथियों द्वारा संत रविदास जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने गुरु रविदास के जीवन पर आधारित भजनों और गीतों की सुंदर प्रस्तुति दी। विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि संत रविदास जी ने समाज में व्याप्त भेदभाव और छुआछूत को मिटाकर मानवता और समानता का संदेश दिया। उन्होंने सिखाया कि 'मन चंगा तो कठौती में गंगा', अर्थात पवित्र मन ही सच्ची भक्ति का आधार है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में समरसता लाई जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया और सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राएं और ग्रामीण उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य अर्जुन सिंह शर्मा, मनोज कुमार, संजय सिंह, राम अवतार सिंह, जयप्रकाश सिंह, अंजलि रानी, दीपा रानी, रूप रानी आदि मौजूद रहे।


**Abdul Sami Memorial law College**

Vill. Gauspur Rai, Najibabad Road, Kiratpur, District Bijnor

**Required for Law Faculty**

1. History - 01
2. Law - 03

Qualification & salary as per U.G.C. Regulation Norms. Apply With documents and recent photograph within 15 days from the date of Publication of advertisement.

Email Id - asmlawcollege@gmail.com
Contact No. - 7088640006

Manager

# स्कूलों में छात्राओं के लिए बनेंगे अलग शौचालय

## डीएम जसजीत कौर ने दिए निर्देश, ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। डीएम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक स्कूल में बालिका छात्राओं के लिए अलग से शौचालय की व्यवस्था करें। साथ ही उसमें पानी की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि संपूर्णता अभियान-0.2 के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग सहित जिन विभागों के इंडिकेटर अद्यतन नहीं है, तत्काल उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता करना न बरतें। उन्होंने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह स्वयं समस्त विद्यालयों में एकेडमिक भ्रमण करना सुनिश्चित करें तथा जहां भी कोई कमी पाई जाती है, तो उस कमी को प्राथमिकता के आधार पर दूर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत जिन स्कूलों में निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण नहीं हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर विद्यालयों का निरीक्षण कर अपूर्ण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब की मॉनिटरिंग करें तथा यह भी देखना सुनिश्चित करें कि लैब में कितने कंप्यूटर हैं और कितन ठीक प्रकार से संचालित हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी कंप्यूटर लैब में कोई समस्या उत्पन्न हो रही हो, तो तत्काल उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा परिषदीय विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के निर्धारित मानकों स्वच्छ पेयजल, शौचालय, फर्नीचर, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, रैंप, खेल सामग्री, पुस्तकालय एवं अन्य सुविधाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई और अधिकारियों को शेष कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना, डीसी मनरेगा सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी एवं खंड शिक्षा शिक्षा अधिकारी मौजूद थे।

## फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन



**बिजनौर।** आर.वी. इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालजी के परिसर में यूनिवर्सल ह्यूमन वेल्यू विषय पर एक 03 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया था, जिसका आज समापन हुआ। यह प्रोग्राम ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एडुकेशन न्यू दिल्ली के तत्वाधान से कराई गई है। कार्यक्रम के समापन में संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर सन्नी देशवाल, निदेशक डा. नितिन अग्रवाल, डा.आशुतोष कंसल और लोकल प्रोग्राम कोर्डिनेटर मौहम्मद अरशद, डा. नवीन कुमार व डा. विवेक अग्रवाल से मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इस फैकल्टि डेवलपमेंट प्रोग्राम में आर.वी. इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी व अन्य तकनीकी संस्थानो के 75 से ज्यादा फैकल्टी प्रतिभागी रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों व छात्रों में मानवीय मूल्यों, नैतिकता, आत्म अन्वेषण, व्यवसायिक विकास तथा मूल्य आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में मुख्य संसाधन वक्ता के रूप में डा. नवीन कुमार, डा. विवेक अग्रवाल और डा. आशुतोष कंसल ने सभी का मार्गदर्शन किया। समापन सत्र के अंत में लोकल प्रोग्राम कोर्डिनेटर मौहम्मद अरशद ने सभी अतिथियों व वक्ताओं का धन्यवाद किया।

## एक नजर

### अज्ञात शव मिलने से सनसनी



**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत जमालपुर स्थित पोषक नहर के रेलवे पुल के नीचे एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों द्वारा शव देखे जाने की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। सूत्रों के अनुसार मृतक युवक के ट्रेन से गिरने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं और मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### क्षेत्रीय प्रबंधक को सेवानिवृत पर दी विदाई



**धामपुर।** बस स्टेशन सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक पी.एल. पथरिया का सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ शाखा धामपुर डिपो के तत्वाधान मे नहटौर बस स्टेशन पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक श्री पी एल पथरिया का सेवानिवृत समारोह का आयोजन किया गया। सरल स्वभाव के धनी पी.एल. पथरिया धामपुर डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सेवानिवृत होने पर सभी कर्मचारियों अधिकारियों ने फूलमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मंच पर उपस्थित वरिष्ठ केंद्र प्रभारी महावीर सिंह, मुख्य अतिथि सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक पी.एल. पथरिया, भूतपूर्व सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ललित किशोर त्रिवेदी, भूतपूर्व रोडवेज कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कर्मवीर सिंह रहे। मंच का संचालन वरिष्ठ लिपिक श्री तपराज सिंह ने किया तथा अध्यक्षता राजेंद्र शर्मा द्वारा की गई।

### शिव मंदिर से निकाली कलश यात्रा



**धामपुर।** नगीना रोड स्थित कृष्णा नगर कॉलोनी में शिव मंदिर की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई, जिसका नगर में स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा कर एवं मिष्ठान वितरित कर स्वागत किया गया। कलश यात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर नगीना चौराहे होते हुए एवं मार्केट होते हुए मंदिर पर आकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में पीत वस्त्र पहने हुए महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी। कलश यात्रा में सबसे आगे बैंड बाजा धार्मिक धुन बजाते हुए चल रहे थे और अंत में सुसज्जित गाड़ी में प्रसाद वितरित करते हुए श्रद्धालु चल रहे थे। कलश यात्रा में रीना रानी, शशि कौशिक, सुषमा राजावत, सुनीता, पूनम देवी, सरोज देवी, अर्चना रानी, मोनिका, सुनीता, रेखा देवी, अंजली देवी, कविता देवी, पिंकी देवी, धीरेन्द्र चौहान, प्रदीप कुमार कौशिक, टीकाराम जैन, सुरेंद्र सिंह, राजू राजावत, अखिलेश कुमार, पंकज कुमार, धर्मवीर सिंह, शीशराम सैनी आदि शामिल रहे।

### स्थापना दिवस पर भजन संध्या



**धामपुर।** मौहल्ला खातियान स्थित सुनारो वाले शिव मंदिर मैढ सभा में श्री राधा कृष्ण जी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः काल श्री राधा कृष्ण जी की मूर्ति को पंचामृत से स्नान कर कर श्रृंगार किया गया तथा नए वस्त्र पहनाकर, फल-फूल, माखन मिश्री का भोग लगाकर विधिवत पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम किया गया, जिसमें नमीता वर्मा तथा उमा वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर गणेश वंदना की गई। कमलेश वर्मा द्वारा मुरली बजाने वाले क्या तेरे मन में समय काहे को मुरली बजाई तूने काहे को मुरली बजाई। सुमन वर्मा द्वारा सारी दुनिया है दीवानी राधा रानी आपकी कौन है जिस पर नहीं है मेहरबानी आपकी। सोमवती द्वारा भक्तों के लिए क्या-क्या ने किया राधा के पिया राधा के पिया। उमा वर्मा द्वारा चोरी-चोरी माखन खाते हो खाते हो प्रभु खाते हो। तुमको किसी का डर नहीं तुम नारायण हो नर नहीं। सुनीता दीक्षित द्वारा तुम्हें हम याद करते हैं झलक अपनी दिख जाओ तेरे चरणों में पढ़ते हैं व्यथा अपनी सुनाते हैं दरस अपनी दिखा जाओ। इस अवसर पर शशि वर्मा, शालिनी वर्मा, नमीता वर्मा, उमा वर्मा, कमलेश वर्मा, रेणु वर्मा, निशा वर्मा, ममता वर्मा, सुमन वर्मा, बीना वर्मा, गीता रानी, कंचन विश्नोई, रेनू तोमर, प्राची अग्रवाल, अमिता अग्रवाल, सोमवती, प्रेमवती, सुनीता दीक्षित, लक्ष्मी तथा अन्य महिलाएं उपस्थित रही। अंत में आरती करके प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेश वर्मा का योगदान रहा।

### दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर



**नहटौर।** कोतवाली देहात मार्ग पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने दो बाईको की आमने-सामने की टक्कर हो गई। प्रत्यदर्शी आफताब आलम, आमिर, अखिल, अमित कुमार आदि ने बताया कि दोनों बाईकों की आमने-सामने की जबरदस्त टक्कर हुई। जिसमें एक बाइक सवार घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके पर भीड़ जमा हो गई। दोनों बाईकों की आपस में टक्कर पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## एक नजर

### सोलर फेंसिंग की प्रक्रिया शुरू



**अफजलगढ़।** जंगली जानवरों की रोकथाम हेतु सोलर फेंसिंग लगाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। लंबे समय बाद किसानों को राहत मिलेगी। कालागढ़ कार्बेट टाइगर रिजर्व वन क्षेत्र से सटी उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड सीमा पर वन्यजीवों के खेतों में प्रवेश पर रोक लगाने के लिए कालागढ़ वन विभाग ने सोलर फेंसिंग लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। कार्बेट टाइगर रिजर्व से सटे थाना क्षेत्र के इस्लामनगर पंचायत व आसपास के ग्राम में लगभग चार किलोमीटर लंबी सोलर फेंसिंग लगाई जाएगी, जिससे किसानों को जंगली जानवरों से राहत मिल सकेगी। वन विभाग द्वारा पुराना कालागढ़ लकड़घाट से कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केंद्र के परेड ग्राउंड होते हुए सूखासोत मार्ग से प्राथमिक विद्यालय के समीप बनी सुरक्षा दीवार तक सोलर फेंसिंग के लिए पिलर लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कार्बेट टाइगर रिजर्व के वन्यजीवों को सीमा पार कर ग्रामों के खेतों में आने से रोकना है, ताकि किसानों की फसलें सुरक्षित रह सकें और मानव-वन्यजीव संघर्ष में कमी लाई जा सके। इस संबंध में रेंजर नंद किशोर रूवाली ने बताया कि ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए वन विभाग वन्यजीवों को जंगल क्षेत्र तक सीमित रखने का प्रयास कर रहा है। सोलर फेंसिंग लगने से फसलों की सुरक्षा के साथ-साथ ग्रामीणों को भी बड़ी राहत मिलेगी। गौरतलब है कि भारतीय किसान यूनियन, ग्रामीण संघर्ष समिति व शिवसेना लगातार सोलर फेंसिंग लगाने की मांग करते आ रहे थे।

### बारहसिंघा को कुत्तों ने किया घायल

**नांगल सोती।** आबादी में घुसे बारहसिंघा पर कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची वानिकी विभाग की टीम ने बारहसिंघा का उपचार कराया। आज सुबह एक बारहसिंघा जंगल से भटक कर गांव हरचंदपुर आबादी में आ गया, जिसे देख कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। बमुश्किल ग्रामीणों ने बारहसिंघा को कुत्तों से छुड़ाया। हमले में वह जख्मी हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर सामाजिक वानिकी विभाग के दरोगा विकास कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम बारहसिंघा को जालपुर स्थित वन विभाग की नर्सरी में ले गई और चिकित्सकों से उसका उपचार कराया। दरोगा विकास कुमार ने बताया कि बारहसिंगा के सही होने पर उसे जंगल में छोड़ दिया जाएगा।

### हसन मुराद ने किया नाम रोशन



**हीमपुर दीपा।** जनपद बिजनौर के एक छोटे से ग्राम से ताल्लुक रखने वाले हसन मुराद ने न केवल विदेश से एमबीबीएस परीक्षा को प्रथम बार में बल्कि एफएमजीई (विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा) को भी पहली ही बार में पास कर लिया। ग्राम सिरधनी निवासी मौहम्मद रजा के बेटे हसन मुराद ने एमबीबीएस और एमएफजीई की परीक्षा को प्रथम बार में ही पास कर न केवल अपने माता-पिता बल्कि जनपद भर का नाम रोशन कर दिया है। उन्होंने गरीब लोगों की चिकित्सा सेवा करना ही अपने जीवन का लक्ष्य बताया है।

# भाजपा की नीतियों और व्यापारी हितों के पक्षधर हैं अरुण वर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अरुण कुमार वर्मा क्षेत्र में एक जिम्मेदार जागरूक और सुलझे हुए व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते हैं।

अरूण वर्मा व्यापारिक वर्ग, सामाजिक सरोकारों और राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों पर संतुलित व्यावहारिक और दूरदर्शी दृष्टिकोण रखते हैं। उनका मानना है कि किसी भी क्षेत्र की आर्थिक मजबूती का आधार वहां का सशक्त और सुरक्षित व्यापारिक ढांचा होता है। अरुण कुमार वर्मा का कहना है कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने बीते वर्षों में व्यापार और उद्यम को बढ़ावा देने के लिए कई ठोस और प्रभावी कदम उठाए हैं। डिजिटल भुगतान प्रणाली को प्रोत्साहन देकर पारदर्शिता बढ़ाना कानून व्यवस्था को मजबूत करना और व्यापार के अनुकूल वातावरण तैयार करना ऐसे प्रयास हैं, जिनका सीधा लाभ छोटे और मध्यम व्यापारियों को मिला है। इससे न केवल व्यापार में सुगमता आई है बल्कि विश्वास का माहौल भी मजबूत हुआ है। साथ ही वे यह भी स्पष्ट रूप से स्वीकार करते हैं कि जमीनी स्तर पर व्यापारियों को अभी भी कई व्यावहारिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय बाजारों की अव्यवस्था, सुरक्षा से जुड़े मुद्दे, अतिक्रमण और छोटे व्यापारियों पर बढ़ता आर्थिक दबाव ऐसे विषय हैं जिन पर निरंतर और गंभीरता से काम किए जाने की आवश्यकता है। उनका मानना है कि इन समस्याओं का स्थायी समाधान केवल संवाद, सहयोग और नीति-स्तर पर संवे. दनशील निर्णयों से ही संभव है। सामाजिक दृष्टि से अरुण कुमार वर्मा की सोच हमेशा समावेशी और सकारात्मक रही है। वे मानते हैं कि राजनीति का वास्तविक उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विश्वास, सुरक्षा और विकास की भावना पहुंचाना होना चाहिए। सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारा और जिम्मेदार नागरिकता को वे किसी भी मजबूत समाज की सबसे बड़ी पूंजी मानते हैं। क्षेत्र के लोग उन्हें सरल स्वभाव, स्पष्ट विचारों और व्यवहारिक सोच वाले नेता के रूप में देखते हैं।

## स्कूटी सवार दो छात्राएं घायल

**स्योहारा।** शीतल (21 वर्ष) पुत्री भूदेव सिंह एवं नेहा (19 वर्ष) पुत्री कुशलवीर दोनों निवासी राणा नगला थाना स्योहारा स्कूटी से लक्ष्य कॉलेज में परीक्षा देने जा रही थी। जैसे ही छात्राएं सारंग स्कूल के पास ग्राम श्यामाबाद मुरादाबाद रोड पर पहुंची, उसी दौरान धामपुर डिपो की रोडवेज बस संख्या यूपी17टी-9083, जो मुरादाबाद की ओर जा रही थी से स्कूटी सवार छात्राओं की अचानक मोड़ने के दौरान टक्कर हो गई। हादसे में दोनों छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सीएचसी स्योहारा पहुंचा कर उपचार कराया। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर मुरादाबाद रैफर कर दिया गया। सूचना पर छात्राओं के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने मौके से स्कूटी एवं रोडवेज बस को अपने कब्जे में ले लिया है।

## दिल्ली में सम्मानित हुए ग्राम प्रधान शौवीर सिंह



### धर्मपुरा पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** निकटवर्ती आदर्श ग्राम पंचायत धर्मपुरा के ग्राम प्रधान शौवीर सिंह के दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने के बाद गांव धर्मपुरा में खुशी की लहर दौड़ गई। दिल्ली से धर्मपुरा अपने निवास स्थान पहुंचने पर ग्राम प्रधान शौवीर सिंह का जोरदार स्वागत किय।

ग्राम प्रधान के आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष मुनेंद्र काकरान, पूर्व युवा जिला उपाध्यक्ष कपिल चौधरी, अरविंद चौधरी, रूपेंद्र चौधरी, अमीनी अमीनुद्दीन, शोहित, मोनू, डॉ. धर्मवीर सिंह तथा सूरज चौधरी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने शौवीर सिंह को सम्मान मिलने पर बधाई देते हुए इसे धर्मपुरा गांव और जनपद बिजनौर के लिए गर्व की बात बताया। ग्राम प्रधान शौवीर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान गांव की जनता के सहयोग और विश्वास का परिणाम है तथा वे आगे भी ग्राम पंचायत के विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते रहेंगे। ग्राम प्रधान के सम्मान से पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है और ग्रामीण इसे धर्मपुरा के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बता रहे हैं।

## रविदास जयंती धूमधाम से मनाई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना के पश्चात संत शिरा. मणि गुरु रविदास जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। विद्यालय के शिक्षक गजेंद्र कुमार ने संत रविदास जी के सामा. जिक समानता, भक्ति और सेवा के संदेश पर प्रकाश डालते हुए भैया बहिनों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा के संत रविदास जी ने अपनी रचनाओं से समाज को जाति-भेदभाव से मुक्त करने का संदेश दिया। आज के युवाओं को उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। आगे बताते हुए उन्होंने कहा कि रविदास जी एक ऐसे महापुरुष थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन भक्ति, सेवा और सामाजिक समानता को समर्पित कर दिया। जातिवाद और अंधविश्वास के खिलाफ काम करने के कारण संत शिरोमणि रविदास जी हमेशा पूजनीय हैं। वह एक आध्यात्मिक व्यक्ति थे। इस अवसर पर लोग पवित्र नदियों में स्नान करते हैं। फिर, संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जीवन से जुड़ी महान घटनाओं और चमत्कारों को याद करके अपने गुरु रविदास जी से प्रेरणा लेते हैं। 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' संत गुरु रविदास जी की यह एक प्रसिद्ध लोकोक्ति है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेंद्र सिंह, अनुज कुमार, गजेंद्र सिंह, टीकम सिंह, शैलेंद्र कुमार, नरेश कुमार, राजेंद्र सिंह, रंजना शर्मा, ज्योति प्रभा आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सहयोग रहा है।

# तहसील परिसर में दो नवनिर्मित अधिवक्ता चैंबरों का उद्घाटन



**धामपुर।** तहसील परिसर में दो नव-निर्मित अधिवक्ता चैंबरों का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में जिला अधिवक्ता एसोसिएशन धामपुर के संस्थापक अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता गजेन्द्र सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए।

तहसील धामपुर में अधिवक्ता कुमारी सना अंसारी एडवोकेट एवं मौ. साहिल एडवोकेट द्वारा स्थापित चैंबर का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता गजेन्द्र सिंह ने दोनों नवोदित अधिवक्ताओं के सिर पर हाथ रखकर उन्हें आशीर्वाद दिया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि कुमारी सना अंसारी एडवोकेट एवं मौ. साहिल एडवोकेट ने वर्ष 2025 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण कर विधि व्यवसाय में प्रवेश किया है।

### अधिवक्ताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना

इस अवसर पर राजा वीर सिंह रघुवंशी, पूर्व अध्यक्ष शहजादा परवेज एड, पूर्व अध्यक्ष भीम सिंह, वर्तमान अध्यक्ष विनोद कुमार सैनी एडवोकेट, उपाध्यक्ष सुमन लता रघुवंशी, संजीव एडवोकेट, सिकंदर नौमान, सुरेन्द्र पाल सिंह नेगी एडवोकेट, जयप्रकाश, महिला उपाध्यक्ष शारदा देवी, संयुक्त सचिव विनोद राजपूत, पूर्व उपाध्यक्ष मोहन कुमार चौहान एडवोकेट, अमरजीत शर्मा एडवोकेट सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में जफर अली एडवोकेट ने कुमारी सना अंसारी एडवोकेट एवं मो. साहिल एडवोकेट को वकालत का बोध कराते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# नैनो उर्वरक के उपयोग व महत्व पर कार्यशाला

## कृषि विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों व किसानों को दी विस्तृत जानकारी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में कृषि विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों व प्रगतिशील किसानों के लिए एक दिवसीय नैनो उर्वरक उपयोग एवं महत्व आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप निदेशक कृषि घनश्याम वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि एससीडीआई नगीना राजेश सिंह रहे।

क्षेत्र अधिकारी इफको शिवम तिवारी द्वारा कार्यक्रम संचालन किया गया एवं उपस्थित कृषि विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया गया। इफको के क्षेत्र अधिकारी ने बताया कि नैनो उर्वरकों के प्रयोग से कृषि लागत में कमी आएगी साथ ही यूरिया एवं डीएपी के अत्यधिक प्रयोग से जल, मृदा एवं पर्यावरण को होने वाले नुकसान से भी अवगत कराया। इसके अलावा फसलों में नैनो डीएपी से बीज, जड़, कंद, सेट शोधित कर बुवाई, रोपाई करने की सलाह दी। दानेदार डीएपी की मात्रा आधी प्रयोग करने की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि नैनो डीएपी 500 मिलीलीटर की बोतल से 100 किलोग्राम बीज को शोधित कर सकते हैं। जिसकी कीमत मात्र 600 रुपए है और दानेदार डीएपी से काफी सस्ता है। उन्होंने बताया कि नैनो डीएपी के प्रयोग से लागत में कमी आएगी साथ ही उत्पादन एवं उत्पाद की गुणवत्ता भी बढ़ती है। उन्होंने सलाह दी कि नैनो यूरिया फसल की पत्तियों पर घोल बनाकर स्प्रे करें। उन्होंने कई उत्पादों के साथ-साथ समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए मृदा स्वास्थ्य संवर्धन एवं रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं जैविक उर्वरकों पर गहन जानकारी दी। क्रार्यक्रम में घनश्याम वर्मा ने विभाग के समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों को नैनो उर्वरकों, न्यू एज फर्टिलाइजर एवं अन्य इफको के उत्पादों की आवश्यकता, प्रयोग विधि एवं उनसे फसलों में होने वाले लाभ की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही रासायनिक उर्वरकों से होने वाले मृदा स्वास्थ्य, जल प्रदूषण, पर्यावरण प्रदूषण एवं मानव-जीवन पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों पर प्रकाश डाला। विकास खण्ड से आए समस्त सहायक विकास अधिकारी कृषि, तकनीकी सहायक कृषि, एटीएम/बीटीएम एवं क्षेत्र अधिकारी इफको को नैनो उर्वरकों को वृहद स्तर पर प्रचार एवं प्रसार हेतु निर्देशित किया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक के.के. सिंह ने बताया कि किसान लगातार रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल बढ़ाते जा रहे हैं, जिससे मृदा की उत्पादकता लगातार घटती जा रही है और कई प्रकार के दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। अब आवश्यक हो गया है कि रासायनिक उर्वरकों के अनियन्त्रित उपयोग में रोक लगाई जाये। इस क्रम में सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती व जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं। उक्त योजनाओं में नैनो उर्वरकों का समावेश किया जा सकता है।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र की मत्स्य विज्ञान विभाग की वैज्ञानिक शिवांगी ने गन्ने की उन्नत कृषि को लेकर मृदा स्वास्थ व मृदा पीएच एवं मृदा कार्बन को लेकर जानकारी दी। किसानों को मृदा परीक्षण के लिए मृदा नमूने लेने की विधि बताई तथा पोषक तत्व प्रबंध की जानकारी दी। कार्यक्रम में ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक नगीना राजेश सिंह ने गन्ने की नई प्रजातियों व अधिकतम उत्पादन लेने के लिए बुवाई की ट्रेंच विधि व नवीनतम तकनीक के प्रयोग करने की सलाह दी तथा सहफसली फसलों के प्रयोग के बारे में तथा फसल चक्र अपनाने की सलाह दी। गन्ने की पेड़ी प्रबंधन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया तथा गन्ना समिति की ओर से कृषि यंत्रों के किसानों के किराए पर उपलब्ध होने की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में अप कृषि निदेशक द्वारा इफको की ओर से निःशुल्क सब्जियों के बीज की किट उपलब्ध कराई गई।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक शिवांगी, अरविंद कुमार एचआई उद्यान विभाग, शरद कुमार प्रगतिशील किसान व कृषि विभाग के एटीएम, बीटीएम, एडीओ एजी, एसएमएस, एमडीई अनिल कुमार, आईएफएफडीसीए केंद्र बुन्दकी के संचालक हेमेंद्र सिंह सहित करीब 80 लोगों ने प्रतिभाग किया।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई

## हादसे में बाइक सवार दो घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** छोटा हाथी वाहन और बाइक की भिड़ंत में दो बाइक सवार घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम सदरुद्दीननगर में एक छोटा हाथी वाहन और बाइक की भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार नितिन (24 वर्ष) पुत्र राजेंद्र सिंह और हिमांशु (23 वर्ष) पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासीगण ग्राम पपसरा घायल हो गए।

घायलों को तुरंत सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई
सरदार हरमीत सिंह मल्होत्रा
नगर मंडल महामंत्री
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, नगीना



गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई
रोहित विश्नोई
सभासद-विश्नोई सराय द्वितीय
वार्ड संख्या 5, नगर पालिका परिषद, नगीना



गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं





आलमगीर काजमी
मैनेजर
ओम प्रकाश
प्रिंसिपल
नेशनल जूनियर हाई स्कूल
निकट थाना नगीना, जनपद बिजनौर
मोबाइल नम्बर:-8906351817

गणतंत्र दिवस की नागरिकों, अभिभावकों, विद्यार्थियों व स्टाफ को
हार्दिक शुभकामनाएं
यशवीर सिंह
प्रधानाचार्य- हिन्दू इंटर कॉलेज
नगीना, जनपद-बिजनौर



सेंट मेरिस स्कूल नगीना की प्रबंध समिति, स्टाफ और छात्रों की ओर से सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
नर्सरी से इंटरमीडिएट तक आइसीएससी बोर्ड से मान्यता प्राप्त
फोन नम्बर :- 01343-252307
नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी कक्षाओं में प्रवेश प्रारम्भ
Registration online now @ www.marysnagina.com

गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई
पूर्ति विभाग
नगीना, जनपद बिजनौर

गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई
सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता संघ
नगीना, जनपद-बिजनौर
निवेदक:- नफीस अहमद उस्मानी, सुनील गोयल, टिकेन्द्र विश्नोई, काजी सुहेल, दिनेश कुमार, सतीश मल्होत्रा ( शेरू ), सुनील विश्नोई, अभय, अफजल अंसारी एवं स्टाफ नगीना ( बिजनौर )

गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं




अंजली मित्तल
नगर अध्यक्ष

सौरभ मित्तल
नगर अध्यक्ष पति

भारतीय जनता पार्टी, नगीना




गणतंत्र दिवस की नागरिकों, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को
मुबारकबाद

श्रीमती ताहिरा बेगम
प्रबंधक व चेयरपर्सन
न.पा.परि., नगीना

एम.एम. इंटर कालेज, नगीना

मौ. शाहिद अंसारी
अली गौहर
प्रधानाचार्य

नोट:- नगर का एक मात्र उच्चस्तर की शिक्षा प्रदान करने वाला शिक्षण संस्थान

गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं




डॉ. विशाल दिवाकर
प्रभारी चिकित्सा अधिकारी

आरबीएसके
चिकित्सा अधिकारी

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नगीना

गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई

प्रदीप शर्मा
रेंजर- वन विभाग, नगीना
धरती को हरा-भरा रखने के लिए वृक्षारोपण करें।





सभी सम्मानित नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

गोयल पब्लिक स्कूल, नगीना
नर्सरी से इंटरमीडिएट तक
सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त



उपकार गोयल
( प्रिंसिपल )
मोबाइल नम्बर :- 7017113090

गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई



सुनील राजौरा
वन अधिकारी- नगीना रेंज
अफजलगढ़ सैक्शन, जनपद बिजनौर

# पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस से की सख्त कार्रवाई की मांग, पति सहित 7 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र की एक नवविवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट, अश्लील हरकतों, दुष्कर्म और अंततः तीन तलाक देने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच की मांग की गई है।

पीड़िता ने बताया कि उसका विवाह 8 मई 2025 को मौहल्ला जुलाहान, वार्ड संख्या-7, कस्बा व थाना जसपुर, जिला ऊधमसिंह नगर निवासी युवक के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुआ था। विवाह के दौरान उसके माता-पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज में मोटरसाइकिल, फ्रिज, वाशिंग मशीन, कूलर, डबल बेड, सोने-चांदी के आभूषण, घरेलू सामान सहित करीब एक लाख 78 हजार रुपये नकद दिए थे। आरोप है कि इसके बावजूद पति, ससुर, सास, देवर व, ननदें दहेज से संतुष्ट नहीं हुए और कम दहेज लाने के ताने देने लगे। कुछ ही दिनों बाद पति ने कारोबार के लिए मायके से दो लाख रुपये लाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। असमर्थता जताने पर पीड़िता के साथ मारपीट, गाली-गलौच और जान से मारने की धमकियां दी जाने लगीं। पीड़िता का आरोप है कि उसका ससुर का आदी है और उसके साथ अश्लील हरकतें करता था। पीड़िता के अनुसार 14 सितंबर 2025 की शाम, जब घर में कोई मौजूद नहीं था, तब ससुर ने चाकू दिखाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी उसने पति को दी, जिसके बाद 15 सितंबर 2025 को पुलिस चौकी जसपुर में प्रार्थना पत्र दिया गया, हालांकि परिवार की इज्जत के चलते उस समय दुष्कर्म की बात दर्ज नहीं कराई गई। आरोप है कि समझौते के बाद भी ससुर का व्यवहार नहीं बदला और विरोध करने पर पीड़िता व उसके पति को घर से निकाल दिया गया। किराये के मकान में रहने के दौरान भी ससुर द्वारा रास्ते में अश्लील टिप्पणियां की जाती रहीं। पीड़िता का कहना है कि बाद में सास-ससुर ने उसके पति को अपने पक्ष में कर लिया और पति द्वारा भी उस पर आपत्तिजनक दबाव डाला जाने लगा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब उसने इस सबका विरोध किया तो 3 जनवरी 2026 को पति ने उसे एक साथ तीन तलाक देकर हमेशा के लिए अलग कर दिया। इसके बाद पीड़िता अपने मायके ग्राम थाना ठाकुरद्वारा लौट आई और परिजनों को पूरी घटना से अवगत कराया। पीडिता ने पुलिस को तहसील देकर कानूनी कार्यवाही कीमांग की । पुलिस ने पति सहित सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## भगतपुर में सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल, एम्बुलेंस न पहुंचने से मुश्किलें बढ़ीं

**भगतपुर।** एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में एम्बुलेंस सेवा की अनुपलब्धता ने पीड़ित के उपचार में देरी की, जिससे स्थानीय लोगों में रोष है। सूत्रों के अनुसार, थाना भगतपुर क्षेत्र के गाव चक कचनाल निवासी सलमान पुत्र अकबर अली अपने गांव के ही शादान पुत्र समसा हुसैन से देर शाम बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। तभी भगतपुर टांडा मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में सलमान गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस को कॉल किया, लेकिन एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंची।

अंततः ग्रामीणों ने घायल की स्थिति गंभीर देखते हुए, अपने साधनों से ही उन्हें उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। एम्बुलेंस सेवा की इस लापरवाही पर लोगों ने नाराजगी जताई है।

## अवैध साइलेंसर लगाकर पटाखों जैसी तेज आवाज निकालने वाली बाइकों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी

**मुरादाबाद।** शनिवार को भी सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में पीली कोठी चौराहे के पास एसएसपी आवास के निकट पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर थाना सिविल लाइंस पुलिस एवं यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध साइलेंसर लगाकर पटाखों जैसी तेज आवाज निकालने वाले बुलेट बाइक सवार युवकों के खिलाफ सख्ती दिखाई। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने चौराहे और आसपास के मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कई बुलेट मोटरसाइकिलों को रोका गया, जिनमें अवैध साइलेंसर लगे पाए गए। पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत संबंधित वाहनों के चालान किए। साथ ही युवकों को मौके पर ही चेतावनी देते हुए कहा गया कि इस प्रकार की तेज आवाज से आमजन को असुविधा होती है और यह कानूनन अपराध है। पुलिस ने युवाओं से अपील की कि वह यातायात नियमों का पालन करें, वाहन में किसी भी प्रकार का अवैध संशोधन न कराएं और सुरक्षित व शांतिपूर्ण ढंग से वाहन चलाएं, ताकि शहर में कानून व्यवस्था और शांति बनी रहे।

## एक नजर

### पांच और पन्द्रह वर्ष की आयु में बच्चों का करायें आधार अपडेट: सीडीओ

**मुरादाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी ने बताया कि आधार कार्ड में 5 और 15 वर्ष की आयु में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (उंगलियों के निशान, आईरिस और फोटो) कराना अत्यंत आवश्यक है। समय पर बायोमेट्रिक अपडेट करने से डेटा सटीक रहता है, स्कूल प्रवेश व सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होती है। 5-17 वर्ष के बच्चों के लिए पहले (5 साल पर) और दूसरे (15 साल पर) अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट की कोई फीस नहीं है, यह पूरी तरह से मुफ्त है। बायोमैट्रिक अपडेट कराने से आधार डेटा सटीक रहता है, जिससे भविष्य में ऑथेंटिकेशन (प्रमाणीकरण) में समस्या नहीं आती है। अपडेट आधार की मदद से सरकारी योजनाओं का लाभः स्कूल प्रवेश, छात्रवृत्ति, और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) योजनाओं का लाभ लेना भी आसान हो जाता है। उन्होंने बताया कि 5 से 17 वर्ष की आयु के बीच होने वाले बायोमैट्रिक अपडेशन को यूआईडीएआई द्वारा 30 सितंबर 2026 तक निःशुल्क कर दिया गया है।

### जनपद न्यायाधीश ने नारी निकेतन एवं चाइल्डलाइन का किया निरीक्षण

**मुरादाबाद।** जनपद न्यायाधीश से माऊज बिन आसिम के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरादाबाद के अंतर्गत गठित मॉनिटरिंग कमेटी की चेयरमैन अपर जिला जज श्रीमती चंचल ने कमेटी के अन्य सदस्यों सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती तपस्या त्रिपाठी, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्यायालय सुश्री अलका रॉबिंस के साथ वन स्टॉप सेंटर, नारी निकेतन एवं चाइल्डलाइन का निरीक्षण किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती तपस्या त्रिपाठी ने बताया कि इस निरीक्षण का उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं सेवाओं की गुणवत्ता का आकलन करना था। निरीक्षण के दौरान वन स्टॉप सेंटर में दो पीड़ित महिलाएं मिलीं, कमेटी द्वारा पीड़िताओं से संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं केंद्र द्वारा प्रदान की जा रही सहायता के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। इसके उपरांत नारी निकेतन के निरीक्षण के दौरान कमेटी ने पाया कि नारी निकेतन में कुल 6 महिलाएं निवासरत थी जिनमें से एक महिला के साथ उसका बच्चा भी निवासरत मिला। निरीक्षण के दौरान गृह में निवासरत महिलाओं से वार्ता की गई तथा महिलाओं के स्वास्थ्य, खान-पान एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच पड़ताल की गई और नारी निकेतन द्वारा संधारित समस्त दस्तावेजों का भी जायजा लिया गया। इस दौरान आवासित महिलाओं को निर्धारित समय पर मेडिसिन उपलब्ध करवाने तथा उनकी उचित देखभाल कर उनके पुनर्वासन के लिए निर्देश दिए गए।

### भाकियू की बैठक में 2 फरवरी को होने वाले धरने को किया समाप्त

**बिलारी।** नगर के गन्ना समिति परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैट ग्रुप की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। इस बीच बैठक के बाद 2 फरवरी को एसडीएम कार्यालय पर होने वाले धरना प्रदर्शन को स्थगित कर दिया गया। शनिवार को बैठक के दौरान किसानों की अनेकों समस्याओं को लेकर चर्चा की। किसानों ने आवारा पशुओं और गन्ना मूल्य भुगतान को को लेकर चर्चा की, इस दौरान कहा कि एसडीएम कार्यालय पर जो धरना 2 फरवरी को दिया जाता अब उसे 11 फरवरी को किया जाएगा। सभी से आवहान किया कि किसान 11 बजे एसडीएम कार्यालय पर पहुंचे। इस दौरान अनेकों बिंदुओं पर रणनीति बनी। बैठक में जिला प्रवक्ता जयवीर सिंह, तहसील अध्यक्ष रनवीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष माजिद हुसैन ,प्रेमपाल सिंह, बबलू भाई, जिला उपाध्यक्ष भानु यादव,रामावतार यादव, जितेंद्र कुमार सिंह, अनीस अहमद, ब्लॉक मीडिया प्रभारी गुड्डू कुरैशी, अमित चौधरी, शराफत हुसैन, वीरपाल सिंह ,महीलाल सिंह, प्रेमपाल सिंह ,देवेंद्र सिंह, मोहम्मद यूनुस आदि सहित अनेकों मौजूद रहे।

### सिल्वर स्टोर स्कूल में हुआ वार्षिक समारोह

**बहजोई।** सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल, बहजोई में आज वार्षिक समारोह का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण सांस्कृतिक रंगों, उत्साह और उल्लास से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में लगभग 3000 दर्शकों की उपस्थिति रही, जिनमें अभिभावक, गणमान्य नागरिक, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएँ शामिल थे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन के सम्मानित सदस्य श्री दिवाकर गुप्ता, श्री आलोक गोयल एवं श्री बसंत शंकर रहे। अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। समारोह का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ, जिसके पश्चात स्वागत गीत ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत हनुमान चाली. सा, शिव तांडव, दशावतार, राधा-कृष्ण नृत्य, राम-परशुराम संवाद जैसे धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में कुल 29 आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गई, जिनमें आधुनिक और सामाजिक विषयों पर आधारित नृत्य-नाटिकाएँ भी शामिल रहीं। फोन एडिक्शन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति (एंटी-इंटॉक्सिकेशन), ऑपरेशन सिंदूर, ओल्ड एज होम, द्रौपदी चीर हरण जैसे विषयों ने समाज को जागरूक करने का प्रभावी संदेश दिया।

वहीं हिप-हॉप फ्यूजन, बॉलीवुड रेट्रो डांस, स्टेट फ्यूजन, लाठी-काठी डांस, कव्वाली, आघोरी जैसी प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में रंग भर दिए। कार्यक्रम के बीच-बीच में गब्बर, मोटू-पतलू, रापाल यादव, डोरेमॉन, हनुमान जी, मोदी जी, अखिल जेटालाल शेख, रामानंदाचार्य, अमरिश पुरी, स्पाइडरमैन, संभा जी जैसे रोचक इंटरल्यूड्स ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री संदीप शर्मा ने अपने संबोधन में विद्यालय की स्थापना से लेकर आज तक के संघर्ष, उपलब्धियों और शैक्षिक यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सभी कार्यक्रमों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और प्रस्तुति की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह का समापन सामूहिक उत्साह और तालियों की गूंज के साथ हुआ।सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल, बहजोई का यह वार्षिक समारोह निश्चित रूप से एक यादगार और प्रेरणादायक आयोजन रहा।

## स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत भेदभाव समाप्त करने के लिए छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



**ठाकुरद्वारा।** शनिवार को स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा (30 जनवरी से 13 फरवरी तक) के अंतर्गत क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, मदरसा अब्दुल गनी, जूनियर हाई स्कूल अब्दुल्लापुर लेदा में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं छात्र छात्राओं ने कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम मनाया। पैरामेडिकल वर्कर कुलवंत सिंह द्वारा उपस्थित सभी कर्मचारी एवं अधिकारियों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया गया इनके द्वारा बताया गया कि कुष्ठ छूने से नहीं फैलता, कुष्ठ रोग साध्य है। शरीर पर हल्के या गहरे रंग के दाग जिनमें सुन्नपन हो, कान पर गांठें हो, नसें फूली हों, हाथ पैरों में झनझनाहट हो कुष्ठ हो सकता है, नजदीकी सरकारी अस्पताल में जांच कराएं। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि एमडीटी से कुष्ठ ठीक हो जाता है, कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करें। लंबे समय तक इलाज न करने से रोगी में विकृति आने लगती है । यदि समय से इलाज मिल जाए तो व्यक्ति विकलांगता से बच जाता है और एमडीटी खाने से पूर्णतया ठीक हो जाता है । इस अवसर पर नॉन मेडीकल सुपरवाइजर मोहम्मदीन , पीएमडब्लू अरुण कुमार, आदि उपस्थित रहे ।

## चार महीने तक भटकती रही पीड़िता, तब जाकर दहेज उत्पीड़न के आरोप में दर्ज हुआ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** लगातार चार माह तक अधिकारियों और पुलिस के चक्कर काटने के बाद आखिरकार पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ससुराल पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मामला दहेज उत्पीड़न, छेड़छाड़, मारपीट, धमकी और पति को जबरन नशा मुक्ति केंद्र में बंद कराने से जुड़ा हुआ है।

जनपद रामपुर के थाना दड़ियाल के गांव चदुपुरा निवासी पीड़िता की शादी ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव पण्डितपुर निवासी युवक के साथ 5 अक्टूबर 2023 को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत मोदी भवन रामपुर में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार हुई थी विवाह के बाद कुछ समय तक ससुराल में सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन बाद में हालात बदलने लगे। आरोप है कि सास , ससुर , जेठ और ननद दहेज की मांग को लेकर लगातार उत्पीड़न करने लगे और पांच लाख रुपये की मांग की जाने लगी। दहेज न देने पर मारपीट, गाली-गलौच और जान से मारने की धमकियां दी जाती रहीं। पीड़िता का आरोप है कि जेठ ने उसके साथ कई बार अशोभनीय व्यवहार किया और छेड़छाड़ की। पीड़िता के अनुसार उसका पति सार्थक नशे का आदी नहीं है और वह उसके साथ रहना चाहता है, लेकिन परिवार के अन्य सदस्य दोनों को अलग करने की साजिश रचते रहे।

आरोप है कि ससुराल पक्ष ने साजिश के तहत पीड़िता को मायके भेज दिया और उसके पति को बिना जानकारी दिए जबरन नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करा दिया गया। बाद में उसे दूसरे नशा मुक्ति केंद्र में भी स्थानांतरित कर दिया गया। पीड़िता का कहना है कि उसके पति ने फोन कर बताया कि उसे केंद्र में जबरन बंद रखा गया है और उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है। साथ ही परिवार वालों से जान का खतरा भी बताया गया।

पीड़िता ने आशंका जताई है कि यदि उसके या उसके पति के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी ससुराल पक्ष की होगी। लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने से पीड़िता मानसिक रूप से परेशान और भयभीत रही। चार महीने बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गांव में चोर होने की अफवाह फैलाई वीडियो बनाने पर की गई मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** ड्यूटी करने संभल की फैक्ट्री में जा रहे दो युवकों के साथ बुरी तरह से ग्रामीणों ने मारपीट की। इस मामले में तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। बिलारी के गांव देवरी निवासी सुरेंद्र पुत्र चंद्रकेश ने कोतवाली में मुक. दमा दर्ज कराया कि वह अपने चचेरे भाई नेमपाल सिंह पुत्र तेजपाल सिंह के साथ 4:30 बजे रोजाना की तरह ड्यूटी करने संभल जा रहा था, जैसे ही वह श्यामपुर भूड़ी के जंगल में पहुंचे तो वहां काफी भीड़ थी, गांव के ही रहने वाले वीरेंद्र ने अफवाह फैलाई थी कि एक के खेत में चोर हैं, जिसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पूरे गन्ने के खेत में खोजवीन करी। लेकिन कोई भी चोर नहीं मिल सका। इस बीच कुछ लोग हाथों में अवैध तमंचे लिए हुए घूम रहे थे।

जब उनकी वीडियो बनानी शुरू की तो गांव के ही विजय सिंह पुत्र मदन लाल, गंगा सहाय पुत्र रामकुमार, हीरा पुत्र कमल सिंह के साथ गांव 20 से 30 लोगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे उनके गंभीर चोटें आई। जान से करने का प्रयास किया। किसी तरह वह बच पाए। इस मामले में तहरीर के बाद सभी पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## सीओ कोतवाली और सिटी मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में थाना मुगलपुरा पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना मुगलपुरा परिसर में शब-ए-बारात, रविदास जयंती एवं महाशिवरात्रि के अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी कोतवाली सुनीता दहिया एवं सिटी मजिस्ट्रेट ने की। इस अवसर पर थाना प्रभारी मुगलपुरा व थाना प्रभारी कोतवाली भी उपस्थित रहे।गोष्ठी में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, विभिन्न धर्मगुरुओं तथा पीस कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के दौरान आगामी त्योहारों को सकुशल, सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने उपस्थित गणमान्य नागरिकों से आपसी भाईचारे, धार्मिक सद्भाव एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने



की अपील की।क्षेत्राधिकारी सुनीता दहिया ने कहा कि सभी त्योहार आपसी समन्वय, सहयोग और समझदारी के साथ मनाए जाएं, ताकि किसी प्रकार की अफवाह या शरारती तत्वों को मौका न मिले। सिटी मजिस्ट्रेट ने भी प्रशासन की तैयारियों की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की समस्या या सूचना तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को दी जाए।गोष्ठी के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का संकल्प लिया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत पीपल गांव

**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांकः मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 31.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत पीपल गांव विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 16.02.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 16.02.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अशोक के घर से जगदीश वाले रास्ते तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 65 मी0 | 253506.54 | 1000 | 2% | 2 माह |
| 2 | लाल सिंह के घर से जगदीश के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 58 मी0 | 234834.93 | 1000 | 2% | 2 माह |
| 3 | आबिद के घर से शकूर के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 62 मी0 | 226056.20 | 1000 | 2% | 2 माह |
| 4 | मैन रास्ते से करनपाल सिंह के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 70 मी0 | 250322.86 | 1000 | 2% | 2 माह |

**सचिव/ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत पीपल गांव, वि० ख० भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

## उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन ने कुष्ठ आश्रम में महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन का वितरण कर किया जागरूक

**मुरादाबाद।** शनिवार को कुष्ठ आश्रम में उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन के तत्वावधान में महिलाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए सैनिटरी नैपकिन वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कुष्ठ रोग से प्रभावित एवं आश्रम में निवासरत महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सुरक्षित और स्वच्छ सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराना रहा।इस अवसर पर उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन सुशीला गौतम तथा डॉ. भानुप्रिया वाधवन, सचिव, उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुरादाबाद मंडल द्वारा किया गया। डॉ. भानुप्रिया वाधवन ने महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, सैनिटरी नैपकिन के सही उपयोग, समय-समय पर बदलाव तथा संक्रमण से बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और इसके दौरान स्वच्छता अपनाना महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।कार्यक्रम के दौरान कुष्ठ आश्रम में निवासरत महिलाओं को निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन वितरित किए गए। साथ ही उन्हें आत्मसम्मान के साथ स्वस्थ एवं स्वच्छ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। संगठन की सदस्यों ने समाज में महिलाओं के प्रति संवे. दनशील एवं सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश भी दिया।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों से अपील की गई कि वह महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़े विषयों पर अधिक से अधिक जागरूकता फैलाएँ तथा जरूरतमंद और वंचित महिलाओं की सहायता के लिए आगे आएँ। इस पहल की आश्रम में रहने वाली महिलाओं ने सराहना की और संगठन का आभार व्यक्त किया।

## श्री शिव कथा महोत्सव के दूसरे दिन हुआ शनि यज्ञ शिव-सती संवाद सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**मुरादाबाद।** पीताम्बरा बगलामुखी देवी महायज्ञ एवं श्री शिव कथा महोत्सव के दूसरे दिवस का शुभारम्भ प्रातःकालीन सत्र में श्री शनि महामृत्युंजय शनि यज्ञ के साथ हुआ। इस यज्ञ में मुख्य यजमान प्रिया अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, अभिषेक सिन्हा, संजय बंसल, अमित अग्रवाल एवं संजय गुप्ता रहे। अनुष्ठान श्री परिवार पीठाधीश्वर पंडित कृष्णा स्वामी जी के निर्देशन में आचार्य उत्तम पांडे, यश पांडे एवं तेजनारायण मिश्र द्वारा विधिवत सम्पन्न कराया गया। सांध्यकालीन सत्र में शुकतीर्थ से पधारे कथा व्यास आशीष माधव जी ने शिव-सती संवाद एवं शिव विवाह प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। कथा में बताया गया कि जहां सम्मान न मिले, वहां नहीं जाना चाहिए, चाहे वह मायका ही क्यों न हो। सती द्वारा दक्ष के यज्ञ में योगाग्नि में समर्पित होने और उसके पश्चात यज्ञ भंग की कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।माघ मेला क्षेत्र स्थित संत प्रभाकर के शिविर में भी भागवत कथा के



दौरान शिव-सती संवाद, शिव बारात, माता मैना की व्याकुलता एवं भगवान शिव के दिव्य चंद्रमौली स्वरूप का सजीव वर्णन किया गया। शिव पुराण के माध्यम से शिव पूजा की छह विधियों का महत्व भी बताया गया। कथा में देवी पार्वती द्वारा शिवजी से अपनी लीला समेटने का अनुरोध और शिवजी के दिव्य दूल्हा स्वरूप का वर्णन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल उपस्थित रहे। संचालन राजीव अग्रवाल मल्लू एवं अवनीत सक्सेना ने किया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



# रायबाकिना ने जीता खिताब

## एलेना रायबाकिना ने ऑस्ट्रेलिया ओपन में विश्व की नंबर-1 खिलाड़ी सबालेंका को हराया

**रायबाकिना ने सबालेंका को चौंकाकर पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता**

**मेलबर्न, वार्ता।** एलेना रायबाकिना ने विश्व की नंबर एक खिलाघे आर्यना सबालेंका को शनिवार को 6-4, 4-6, 6-4 से हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन का महिला एकल खिताब जीत लिया, जिससे उन्होंने 2023 में यहां चैंपियनशिप के फाइनल में मिली हार का बदला ले लिया। चार साल पहले उन्होंने पहला सेट जीता था लेकिन फाइनल तीन सेट में हार गई थीं। इस बार, पहले गेम में ब्रेक लेने और पहला सेट जीतने के बाद, उन्होंने दूसरा सेट हारने और तीसरे सेट में 3-0 से पिछड़ने के बाद वापसी की। उन्होंने लगातार पांच गेम जीते और फिर अपने पहले चैंपियनशिप पॉइंट पर एक ऐस के साथ मैच खत्म किया। यह पांचवीं सीड रायबाकिना का दूसरा बड़ा खिताब था, जिन्होंने 2022 में विंबलडन जीता था और चार साल पहले उस ऑस्ट्रेलियन फाइनल में मुकाबले में एकमात्र मेजर विजेता के तौर पर पहुंची थीं। जबकि सबालेंका ने ऑस्ट्रेलिया में लगातार जीत और 2024 और 25 में यूएस ओपन में जीत सहित तीन और मेजर खिताब जीते, रायबाकिना के नतीजे खराब हो गए और वह इस टूर्नामेंट तक किसी और मेजर फाइनल में नहीं पहुंचीं। पिछले नवम्बर में सीजन के आखिर में डब्ल्यूटीए फाइनल्स में सबालेंका पर जीत ने उनके करियर की दिशा बदल दी है। रायबाकिना ने शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया और उनकी सर्विस मजबूत थी, जिसमें छह ऐस थे और दूसरे सेट के आखिर और तीसरे सेट की शुरुआत में दो ब्रेक को छोड़कर – उन्होंने अपने सामने आए छह ब्रेकपॉइंट मौकों में से छह को बचाया। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, सबालेंका की चीखें और दहाड़ें तेज होती गईं और उनका जोश भरा ष्चलो चलते हैं खुद को प्रोत्साहित करना नियमित हो गया, रायबाकिना ने एक शांत, लगभग गंभीर, संयम बनाए रखा। आखिर में, उन्होंने अपनी सर्विस और अपने रिटर्न को बात करने दिया। मैच के बाद दोनों ने नेट पर एक-दूसरे को गले लगाया। रायबाकिना ने अपने बाएं हाथ से अपने रैकेट की स्ट्रिंग्स पर ताली बजाई और जीत के साथ भीड़ की ओर अपना हाथ ऊपर उठाया।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### शाहबाज की घातक गेंदबाजी से बंगाल ने हरियाणा को रौंदा

**रोहतक, वार्ता।** लेफ्ट आर्म स्पिनर शाहबाज अहमद (छह विकेट) की घातक गेंदबाजी से बंगाल ने हरियाणा को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में शनिवार को 188 रन से रौंद दिया। बंगाल ने हरियाणा के सामने 294 रन का लक्ष्य रखा जिसके जवाब में हरियाणा की टीम 105 रन पर सिमट गई। पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले शाहबाज ने दूसरी पारी में भी अपनी लय जारी रखते हुए 38 रन देकर छह विकेट झटके। शाहबाज को मैच में कुल 11 विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

### आयरलैंड ने यूएई को 30 रन से हराया सीरीज जीती



**दुबई, वार्ता।** कर्टिस कैमफर (नाबाद 54) के शानदार अर्द्धशतक और गेंदबाजों की सटीक गेंदबाजी से आयरलैंड ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को दूसरे टी 20 मुकाबले में शनिवार को 30 रन से हरा कर दो मैचों की सीरीज 2-0 से जीत ली। आयरलैंड ने सात विकेट पर 170 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाने के बाद यूएई को आठ विकेट पर 140 रन पर रोक दिया। कर्टिस कैमफर को 41 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से बनी नाबाद 54 रन की शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मार्क ऐडेर ने आयरलैंड की पारी में तीन छक्कों की मदद से नाबाद 34 रन का योगदान दिया। कर्टिस कैमफर और मार्क ऐडेर ने आठवें विकेट के लिए 69 रन की मैच विजई अविजित साझेदारी की।

# आईसीसी टी-20 विश्वकप ट्रॉफी का कुलदीप के स्कूल में गर्मजोशी से इस्तकबाल

**● स्कूली बच्चों ने भारतीय टीम के एक बार फिर विश्व विजेता बनने की कामना की**

**कानपुर, वार्ता।** आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप ट्राफी शनिवार को भारतीय टीम के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव के स्कूल करम देवी मेमोरियल अकादमी (केडीएमए) पहुंची जहां स्कूली बच्चों ने ट्राफी का गर्मजोशी से स्वागत किया और भारतीय टीम के एक बार फिर विश्व विजेता बनने की कामना की। कड़ाके की ठंड की परवाह किए बगैर आज सुबह से ही स्कूली बच्चे ट्राफी के इंतजार में कतारब( खड़े थे। ट्राफी के मंच तक पहुंचते ही 'कुलदीप कुलदीप' और भारतीय टीम की जीत की कामना करते हुए नारे लगने लगे। इस अवसर पर केडीएमए के चेयरमैन डा संजय कपूर ने कुलदीप के पिता राम सिंह यादव और कोच कपिल पांडे व स्कूल के कोच मनीष मेहरोत्रा का सम्मान किया। गौरतलब है कि आईसीसी टी-20 विश्वकप ट्राफी इन दिनो भारत भ्रमण पर है। बीसीसीआई ने ट्राफी को टी-20 विश्वकप में चुनी गई टीम के हर सदस्य के स्कूल में ले जाने का फैसला किया है। कुलदीप के सहपाठी और स्कूल में सहायक कोच आदित्य पाठक ने विश्वास जताया कि भारतीय टीम विश्व. कप में शानदार प्रदर्शन करेगी और विश्वकप पर कब्जा करेगी।

# पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन की खिताब की तलाश में कार्लोस अल्काराज

**जोकोविच की नजर 25वें मेजर खिताब पर**

**● 16 साल के अंतर वाले कार्लोस और जोकोविच अपने करियर के अलग-अलग पड़ावों पर**

**मेलबर्न, वार्ता।** सेमीफाइनल में मैराथन मुकाबलों से बच निकलने के बाद, कार्लोस अल्काराज और नोवाक जोको. विच अब रविवार के ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में इतिहास का अपना हिस्सा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। 16 साल के अंतर वाले अल्काराज और जोकोविच अपने करियर के अलग-अलग पड़ावों पर हैं, और बहुत अलग-अलग मील के पत्थर हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। 22 साल के अल्काराज करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने का लक्ष्य बना रहे हैं। उनके रास्ते में 38 साल के जो. कोविच हैं, जो इतिहास के सबसे सफल पुरुष ग्रैंड स्लैम चैंपियन हैं। सर्बियाई खिलाड़ी के पास सीजन के पहले मेजर में उतने ही ऑस्ट्रेलियन ओपन ट्रॉफी हैं जितनी हार (10) और अब वह टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे उम्रद. राज चैंपियन बनने की कोशिश कर रहे हैं। अल्काराज के साथ अपनी प्रतिद्वंद्विता के बारे में जोको. विच ने कहा कि जब भी हम खेलते हैं, हम दोनों के लिए इतिहास दांव पर होता है। ग्रैंड स्लैम का फाइनल, इसमें बहुत कुछ दांव पर लगा होता है, लेकिन यह मेरे खेले गए किसी भी दूसरे बड़े मैच से अलग नहीं है। बहुप्रतीक्षित फाइनल यह सवाल भी खड़ा करता है: कौन सा खिलाड़ी अपनी पूरी ताकत लगाकर एक और प्रयास कर सकता है? अल्काराज ने शुक्रवार को टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे लंबा सेमी-फाइनल जीता, जिसमें उन्होंने पिछले साल के फाइनलिस्ट अलेक्जेंडर ज्वेरेव को पांच घंटे, 27 मिनट के रोमांचक मैच में हराया। स्पेनिश खिलाड़ी ने बाद में कहा कि हमने अपने शरीर को उसकी सीमा तक धकेल दिया। इस बीच, जोकोविच ने दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन जानिक सिनर को चार घंटे और नौ मिनट के बाद हराया, एक ऐसा क्लासिक मैच जिसे सर्बियाई खिलाड़ी ने षपिछले एक दशक में मेरे सबसे अच्छे प्रदर्शनों में से एक बताया। जोकोविच ने अल्काराज के बारे में कहा कि जैविक रूप से, मुझे लगता है कि उसके लिए रिकवर करना थोड़ा आसान होगा। मेरी तैयारी वैसी ही है जैसी होनी चाहिए, और पिछले साल मैंने यहीं एक कड़े मैच में उसे हराया था। देखते हैं कि हम दोनों कितने फेश रह पाते हैं। कार्लोस ने पिछले साल के यूएस ओपन में अपने सबसे हालिया मुकाबले में जोकोविच को हराया था, फिर भी मैच के बाद सर्बियाई खिलाड़ी की फिटनेस की खूब तारीफ की, और कहा कि वह शारीरिक रूप से 25 साल का लगता है, इसलिए 38 साल की उम्र में उस लेवल को बनाए रखना प्रभावशाली है। अल्काराज और जोकोविच के बीच उनकी पीढ़ीगत प्रतिद्वंद्विता में अंतर बहुत कम रहा है। सिर्फ 12 महीने पहले, नोवाक ने रॉड लेवर एरिना में अल्काराज को हराया था, जहां वे रविवार को स्थानीय समय के अनुसार शाम को मुकाबला करेंगे। एटीपी हेड2हेड सीरीज में जोकोविच अल्काराज से 5-4 से आगे हैं, लेकिन उन्होंने मेजर में अपने पांच में से तीन मुकाबले गंवाए हैं। पिछले सितम्बर में न्यूयॉर्क में अल्काराज से हारने के बाद, नोवाक ने कार्लोस अल्काराज - सिनर का सामना करने के बारे में खुलकर बात की, जिन्होंने मिलकर पिछले आठ मेजर जीते हैं।

# एशिया कप में हार के बाद पाकिस्तान से बाजी पलटना चाहेगा भारत

**● भारत बिना हारे अंडर-19 आज एशिया कप जीतने वाली टीम से भिड़ेगा, जिसमें ड्रामा व रोमांच और युवा जोश होगा**



**जिम्बाब्वे, वार्ता।** क्रिकेट के शौकीनों के लिए एक ट्रीट है क्योंकि क्वींस स्पोर्ट्स क्लब अंडर 19 वर्ल्ड कप 2026 में एक रोमांचक सुपर-सिक्स मुकाबले की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है। बिना हारे भारत अंडर19 रविवार को एशिया कप जीतने वाली पाकिस्तान की अंडर19 टीम से भिड़ेगा, जिसमें ड्रामा, रोमांच और ऐसा युवा जोश होगा जो सिर्फ अंडर19 क्रिकेट ही दे सकता है। जब भारत और पाकिस्तान मिलते हैं, तो बादल भी देखने के लिए रुक जाते हैं। हर गेंद, हर बाउंड्री, हर विकेट इतिहास और गर्व का वजन लिए होता है। भारत अंडर19 अब तक बहुत बढ़िया रहा है। भरोसेमंद विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू पारी की शांत धड़कन रहे हैं, और उन्होंने संयम और सटीकता के साथ टीम को संभाला है। शानदार स्ट्रोक-मेकर वैभव सूर्यवंशी ने अग्रेसिव और सोचे-समझे शॉट्स से टॉप ऑर्डर को हिला दिया है, जबकि हेनिल पटेल समय पर ब्रेकथ्रू और स्मार्ट वैरिएशन से विरोधी बल्लेबाजों के लिए बुरा सपना बन गए हैं। कैप्टन आयुष म्हात्रे ने अपनी टीम को स्ट्रैटेजी और हिम्मत के साथ तैयार किया है, जिससे यह पक्का होता है कि इंडिया की लगातार जीत का सिलसिला बना रहे और हर मैच के साथ युवा खिलाड़ियों का कॉन्फिडेंस बढ़ता रहे। एशिया कप जीतने के बाद जोश से भरी पाकिस्तान अंडर19 टीम, जोश और आंखों में आग लेकर आती है। फॉर्म में चल रहे ओपनर समीर मिन्हास में अकेले दम पर मैच जिताने की ताकत और टेम्परामेंट है, जबकि अली रजा की शानदार स्विग और सीम बॉलिग किसी भी बैटिग लाइनअप को हिला सकती है। पाकिस्तान के कैप्टन फरहान यूसुफ शांत अग्रेसन के साथ लीड करते हैं, जिसमें टैक्टिकल स्किल के साथ दबदबा बनाने की भूख भी शामिल है। एशिया कप जीत ने कॉन्फिडेंस में एक और लेयर जोड़ी है, लेकिन वर्ल्ड कप में इंडिया का सामना करना एक अलग जंग का मैदान है, जिसमें फोकस, लचीलापन और टैलेंट की जरूरत होती है। क्वींस स्पोर्ट्स क्लब, जिसका बैलेंस्ड विकेट चेज करने वाली टीमों के लिए फायदेमंद है, एक मजेदार मुक. ाबले के लिए माहौल तैयार करता है। धूप वाला आसमान और हल्की हवाएं क्रिकेट के लिए लगभग परफेक्ट हालात का वादा करती हैं, लेकिन टॉस निर्णायक हो सकता है, जिससे मैच का नतीजा तय हो सकता है। एनालिस्ट इंडिया अंडर19 के जीतने की 74 प्रतिशत संभावना बता रहे हैं, लेकिन क्रिकेट एक ऐसा खेल है जहां एक ओवर, एक इनिग, एक स्ट्रोक जदिगी भर की कहानी बदल सकता है! दांव बहुत बड़े हैं। इंडिया एशिया कप में मिली हार का बदला लेना चाहता है, जबकि पाकिस्तान ग्लोबल स्टेज पर अपने चैंपियन होने का सबूत देना चाहता है।

# कमिंस टी-20 विश्व कप से बाहर


**● पैट कमिंस अभी तक चोट से पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं, जो विश्व कप में खेल सके**



**सिडनी, वार्ता।** आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया को एक बड़ा झटका लगा है, जब स्टार तेज गेंदबाज पैट कमिस पीठ की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। कमिंस अभी तक चोट से पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं और वह 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाले इस ग्लोबल इवेंट में नहीं खेल पाएंगे। टॉप-ऑर्डर बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट को भी मूल 15 सदस्ईय टीम से बाहर कर दिया गया है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन ड्वारशुइस और बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ को संशोधित टीम में शामिल किया गया है। नेशनल सिलेक्टर टोनी डोडमाइड ने कहा कि ए बदलाव खिलाड़ियों की फिटनेस और टूर्नामेंट के दौरान संभावित परिस्थितियों को ध्यान में रखकर किए गए हैं। डोडमाइड ने कहा कि पैट को अपनी पीठ की चोट से उबरने के लिए और समय चाहिए, इसलिए बेन एक तैयार विकल्प हैं जो बाएं हाथ की तेज गेंदबाजी का विकल्प, मजबूत फील्डिग और निचले क्रम में बल्लेबाजी की क्षमता प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि ड्वारशुइस की अच्छी गति से गेंद को स्विंग कराने और वेरिएशन का इस्तेमाल करने की क्षमता उपमहाद्वीप की परिस्थितियों के लिए उपयुक्त होगी। रेनशॉ को शामिल करने पर, डोडमाइड ने कहा कि बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने हाल के दिनों में सभी फॉर्मेट में प्रभावित किया है और मध्य क्रम को अतिरिक्त मजबूती देता है, खासकर श्रीलंका में पूल चरणों के दौरान स्पिन-अनुकूल परिस्थितियों की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि मैट ने ऑस्ट्रेलिया, क्वींसलैंड और ब्रिस्बेन हीट के लिए व्हाइट-बॉल क्रिकेट में विभिन्न भूमिकाओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। उनकी बाएं हाथ की बल्लेबाजी भी मध्य क्रम को एक अलग पहचान देती है। टी-20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी मिचेल मार्श करेंगे और वे उस खिताब को फिर से हासिल करना चाहेंगे जो उन्होंने आखिरी बार 2021 में जीता था।

ऑस्ट्रेलिया टीमः मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, टिम डेविड, बेन ड्वारशुइस, कैमरन ग्रीन, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू रेनशॉ, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा।

# चीन की झांग और मर्टेंस ने महिला युगल का खिताब जीता




**मेलबर्न, वार्ता।** चीन की झांग शुआई ने एलिस मर्टेंस के साथ मिलकर शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में सातवीं वरीयता प्राप्त अन्ना डैनिलिना और एलेक्जेंड्रा क्रूनिक को हराकर अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम महिला युगल खिताब जीता।

चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने धीमी शुरुआत और कुछ देर की घबराहट पर काबू पाते हुए रॉड लेवर एरिना में एक घंटे और 48 मिनट में 7-6 (4), 6-4 से जीत हासिल की। यह बेल्जियम की मर्टेंस और झांग की जोड़ी के लिए पहला बड़ा खिताब है, जो 2022 में विबलडन में उपविजेता रही थीं। पूर्व नंबर 2 डबल्स खिलाड़ी झांग ने पहले 2019 ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2021 यूएस ओपन ऑस्ट्रेलियाई सामंथा स्टोसुर के साथ जीता था। यह डैनिलिना और क्रूनिक के लिए निराशाजनक था, जो पिछले साल फेंच ओपन में उपविजेता रही थीं। कजाख-सर्ब जोड़ी ने तेज शुरुआत की, पहले गेम में झांग की सर्विस टूट गई और उसके तुरंत बाद मर्टेंस भी अपनी सर्विस नहीं बचा पाई।

# हरियाणा थंडर्स ने फाइनल में जगह बनाई

**● चौथे स्थान पर रही पंजाब रॉयल्स ने मुकाबले में हरियाणा को अंत तक चुनौती दी**



**नोएडा, वार्ता।** पहले सेमीफाइनल में हरियाणा थंडर्स ने संयमित और जुझारू प्रदर्शन करते हुए पंजाब रॉयल्स को 5-4 से हराया और प्रो रेसलिग लीग 2026 के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। शुक्रवार रात नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में, लीग चरण को चार जीत और आठ अंकों के साथ शीर्ष पर खत्म करने वाली हरियाणा ने शुरुआती दबाव झेलने के बाद दूसरे हाफ में मुकाबले की दिशा निर्णायक रूप से पलट दी-जिससे सीजन की सबसे निरंतर टीम होने का दावा और मजबूत हुआ।

लीग चरण में चौथे स्थान पर रही पंजाब रॉयल्स ने नौ बाउट्स के इस रोमांचक मुकाबले में हरियाणा को अंत तक कड़ी चुनौती दी। परविदंर को उनकी अहम वापसी जीत के लिए इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जिसने पंजाब की लय को तोड़ा। 76 किग्रा महिला बाउट में शानदार जीत के लिए फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रिया मलिक को मिला। वहीं 62 किग्रा मुकाबले में निर्णायक फॉल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का सम्मान इरीना कोलियादेंको को दिया गया, जिसने हरियाणा के फाइनल में प्रवेश की नींव रखी। 57 किग्रा पुरुष वर्ग में पंजाब ने पहले बढ़त बनाई, जहां चिराग छिक्कारा ने रोहित के खिलाफ शुरुआती एक्सचेंज पर नियंत्रण रखा। पीरियड 1 में निर्णायक टेकडाउन से चिराग आगे रहे और बाद में रोहित के पैसिविटी प्वाइंट के बावजूद 2-1 की करीबी जीत दर्ज की। 74 किग्रा पुरुष वर्ग में हरियाणा ने तुरंत जवाब दिया-परविदंर ने चंदरमोहन के खिलाफ दूसरे पीरियड में जोरदार वापसी की। एक्टिविटी प्वाइंट और पुश-आउट्स से पीछे रहने के बाद, परविदंर ने निर्णायक टेकडाउन और पावर मिनट में लेट पुश-आउट के साथ 8-8 की बराबरी के बाद आखिरी अंक के आधार पर बाउट अपने नाम की। हेवीवेट मुकाबले में पंजाब ने फिर बढ़त ली, जहां कप्तान दिनेश धनखड़ ने अनिरु( गुलिया को 8-6 से हराया। मुकाबला अंत तक कड़ा रहा-शुरुआती दौर में पुश-आउट्स और एक्टिविटी प्वाइंट्स के बाद पावर मिनट में दोनों ने बड़े टेकडाउन लगाए, जहां धनखड़ का कुल स्कोर निर्णायक साबित हुआ। 76 किग्रा महिला वर्ग में पंजाब की बढ़त और मजबूत हुई, जब प्रिया मलिक ने सीजन में पहली बार काजल धोचक को हराया। प्रिया के आक्रामक खेल ने 99 सेकंड के भीतर फॉल दिलाया और स्कोर 3-1 कर दिया। हरियाणा की वापसी 86 किग्रा पुरुष बाउट से शुरू हुई, जहां अशिरोव अशराफ ने संदीप मान को 5-1 से हराया।

# सैम करन की टी-20 हैट्रिक इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराया



**पल्लेकेले, वार्ता।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन अपने देश के दूसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने टी 20 हैट्रिक ली है। इंग्लैंड ने शुक्रवार को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में श्रीलंका को 11 रन (डीएलएस मेथड) से हराया। करन ने श्रीलंका के निचले क्रम को तहस-नहस कर दिया, उन्होंने लगातार गेंदों पर दासुन शनाका, महेश थीक्षाना और मथीशा पथिराना को आउट किया। इस तरह क्रिस जॉर्डन के टी-20 इंटरनेशनल में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद करन ऐसा करने वाले इंग्लैंड के दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। जॉर्डन ने 2024 आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान अपनी हैट्रिक ली थी। बाएं हाथ के ऑलराउंडर के अहम स्पेल ने श्रीलंका को 133 रन पर रोक दिया, जिसके बाद इंग्लैंड ने ओपनर फिल साल्ट (46) और टॉम बैंटन (29) के योगदान से बदला हुआ टारगेट हासिल कर लिया। करन का यह परफॉर्मेंस 7 फरवरी से शुरू होने वाले पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप से ठीक एक हफ्ते पहले आया है, और इससे इंग्लैंड को अपनी तैयारियों को बेहतर बनाने में सही समय पर मदद मिली है। मैच के बाद करन ने इंग्लैंड क्रिकेट से कहा कि यह कहना बहुत अच्छा है कि मैंने हैट्रिक ली है, लेकिन पहले कुछ ओवरों में थोड़ी मुश्किलों के बाद पर्सनली यह एक अजीब रात थी!टी 20 में बहुत उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। एक शानदार जीत, हम अपनी पहली टी-20 जीत से बहुत कॉन्फिडेंस लेते हैं। उन्होंने आगे कहा कि वाकई खास, जब मैं टॉप पर था।

# घरेलू विवाद में पत्नी ने पति पर मारपीट करने और जलाने का लगाया आरोप, पुलिस से की शिकायत

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना सिविल लाइंस क्षेत्र से घरेलू हिंसा का एक गंभीर मामला सामने आया है। मऊ निवासी जरीशा पत्नी अख्तर हुसैन ने अपने पति पर बेरहमी से मारपीट करने और अलाव की जलती लकड़ी से जलाने का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार उसकी शादी करीब 14 साल पहले अख्तर हुसैन से हुई थी। उनके चार बच्चे हैं सुहेल, सोफिया, शिफा और काफिया।घटना बीती रात करीब 7 बजे की बताई जा रही है। जरीशा का कहना है कि उसके पति अख्तर हुसैन लाइट का काम करते हैं। रात के समय उसने अपने पति से खाने के लिए आटा मंगाने को कहा था। इसी बात को लेकर पति गुस्से में आ गया और उसने घर में जल रही लकड़ी का टुकड़ा उठाकर जरीशा पर हमला कर दिया। आरोप है कि पति ने लकड़ी से जलाने के बाद जमकर मारपीट की।मारपीट के दौरान महिला के गर्दन, कमर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। शोर सुनकर बेटी शिफा मां को बचाने के लिए बीच में आई तो आरोपी पिता ने उसके साथ भी मारपीट कर दी, जिससे उसे भी चोटें आईं। पीड़िता का कहना है कि बेटी शिफा लगातार अपने पिता से गुहार लगाती रही कि "पापा, मां को मत मारो", लेकिन इसके बावजूद आरोपी नहीं रुका।घटना के बाद घायल महिला ने थाना सिविल लाइंस पहुंचकर अपने पति के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने महिला को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा, जहां उसका इलाज कराया गया। इस संबंध में इंस्पेक्टर सिविल लाइंस ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर पति अख्तर हुसैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं और दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# मानसरोवर कॉलोनी में पार्क में बैठने पर महिला के साथ कि मारपीट, पीड़िता ने पुलिस से की शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के मझोला थाना क्षेत्र अंतर्गत मानसरोवर कॉलोनी स्थित देवक. ीनंदन वाटिका पार्क को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि पार्क पर आसपास के 2-3 घरों के लोगों ने ताला लगा रखा है और अन्य कॉलोनीवासियों को पार्क में प्रवेश नहीं करने दिया जाता। इसी को लेकर एक महिला के साथ मारपीट की घटना घटित हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, बुद्ध विहार निवासी महिला कलावती देवक. ीनंदन वाटिका पार्क में बैठी हुई थीं। इसी दौरान वहां मौजूद दो युवकों ने महिला से सवाल किया कि वह पार्क में क्यों बैठी हैं और आपत्ति जताते हुए उनके साथ अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर युवकों ने महिला के साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गईं। घटना का वीडियो मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।मारपीट में घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।



पीड़िता कलावती का आरोप है कि मारपीट करने वालों में सिद्धांत चौहान तथा उसका एक अन्य साथी शामिल है। महिला का कहना है कि पार्क सार्वजनिक है, इसके बावजूद कुछ लोग जबरन कब्जा कर दूसरों को रोकते हैं।पीड़ित महिला ने मझोला थाने में लिखित शिकायत देकर आरो. पियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि शिकायत प्राप्त हो गई है और वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद कॉलोनी में आक्रोश का माहौल है और लोग सार्वजनिक पार्कों पर अवैध कब्जे के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## एक नजर

### गन्ना किस्म की पहचान के लिए दिया गया फील्ड कार्मिकों को प्रशिक्षण, यह देंगे किसानों को सामान्य अगैती और रिजेक्ट किस्मो की जानकारी

**कांठ (शाह टाइम्स)** गन्ना विभाग ने अप मिश्रित गन्ने की प्रजातियो को रोकने के लिए फील्ड कार्मिकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया है। यह कार्मिक अब किसानों के खेतों पर जाकर उन्हें गन्ने की किस्म की जानकारी देंगे और रिजेक्ट प्रजातियों के गन्ने की बुवाई ना करने के लिए भी किसानों को बताएंगे। बताया गया कि इस तरह का प्रशिक्षण अब संपन्न हो चुका है और गन्ना सर्वेक्षण प्रणाली को अधिक वैज्ञानिक पारदर्शी एवं गुणवत्ता पूर्वक बनाने के उद्देश्य से यह योजना लागू कर दी गई है। रिजेक्ट गन्ने के प्लाटों की पहचान एवं उन्हें चिन्हित करने का कार्य प्रारंभ किया गया है ताकि भविष्य में ऐसे प्लाटों से होने वाले उत्पादन एवं गुणवत्ता संबंधी नुकसान को रोका जा सके। इस कार्य के सफल क्रियान्वयन हेतु विभाग द्वारा ऐसे वैज्ञानिक एवं कार्मिकों का चिन्हांकन किया गया जो किस्म की पहचान में दक्षता रखते हैं फिर इन्हें मास्टर ट्रेनर के रूप में चयन करते हुए विभाग एवं चीनी मिलों के 5424 कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें गन्ने के विभिन्न किस्म की पहचान उनके भौतिक एवं वैज्ञानिक लक्षण फील्ड निरीक्षण की प्रक्रिया तथा रिपोर्टिंग प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। गन्ना समिति के सचिव खेत सिंह ने बताया कि अपर मुख्य सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास श्रीमती बीना कुमारी के निर्देशन में यह कार्य संपन्न हुआ और इससे किसानों को नुकसान से बचाया जाएगा और किसानों से शुद्ध बीज की उपलब्धता किसानो की आय में वृद्धि तथा चीनी मिलों के लिए बेहतर पेराई योग्य गन्ना उपलब्ध कराया जाएगा।



### एसएम इंटर कॉलेज में 2 व 3 फरवरी को होगी रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा

**चन्दौसी।** एस.एम. इंटर कॉलेज चन्दौसी में कक्षा-12 विज्ञान वर्ग के छात्रों की रसायन विज्ञान विषय की बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन आगामी 2 फरवरी एवं 3 फरवरी को किया जाएगा। परीक्षा विद्यालय परिसर में प्रात: 9 बजे से सायं 4 बजे तक सम्पन्न होगी। वहीं फजलुर्रहमान इंटर कॉलेज चन्दौसी के प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन ने बताया कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित इंटरमीडिएट (कक्षा 12) 2026 की रसायन विज्ञान विषय के प्रैक्टिकल परीक्षा 02 फरवरी 2026 दिन सोमवार को विद्यालय में प्रात: 09 बजे से आरंभ होगी।

### यूजीसी कानून के विरोध में किसानों का धरना प्रदर्शन, प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**चन्दौसी।** राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति (अराजनैतिक) के तत्वावधान में तहसील परिसर में यूजीसी कानून के विरोध में धरना-प्रदर्शन कर आंदोलन की शुरुआत की गई। आंदोलन में बड़ी संख्या में सवर्ण एवं पिछड़ी जाति के किसानों ने भाग लिया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा ने सवर्ण समाज के लोगों को शपथ दिलाई कि जब तक प्रधानमंत्री यूजीसी कानून वापस नहीं लेते, तब तक भारतीय जनता पार्टी को वोट नहीं दिया जाएगा। किसानों ने यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि मांगें न मानी गईं तो देशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। इसके बाद उग्र नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी चन्दौसी को सौंपा गया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि यूजीसी कानून से समाज में आपसी द्वेष और संघर्ष की भावना बढ़ रही है। साथ ही आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने और सरकारी नौकरियों में सभी वर्गों को मेरिट के आधार पर अवसर देने की मांग की गई। मांगें पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेता. वनी दी गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष राहुल कश्यप, योगेश पाल, अनुराग राघव, अवधेश कठेरिया, नरेश शर्मा, बाबू शर्मा, अमन राठौर, नरेशपाल सिंह, सतपाल, समरसिंह, सत्येंद्रपाल सिंह, सचिन कुमार, शिवम राघव, आकाश कठेरिया, मनोज तोमर, श्यामपाल सिंह, नरेश कुमार गौड, रामेश्वरदयाल शर्मा, अमन राठौर, रामपाल राघव आदि मौजूद रहे।

### हत्या के चार दोषियों को आजीवन कारावास प्रत्येक पर तीस हजार रुपये का अर्थदंड

**चन्दौसी।** थाना रजपुरा जिला संभल क्षेत्र में वर्ष 2012 में हुई हत्या के मामले में पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय ने चार अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला 16 नवंबर 2012 का है, जब वादिनी ओमवती पत्नी धर्मवीर निवासी मेहुआ हसनगंज थाना रजपुरा ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि रुपये के विवाद में उसके पति के साथ गाली-गलौज कर गोली मारकर हत्या कर दी गई। मामले में थाना रजपुरा पर मु0अ0सं0 425/2012 धारा 302/34/506 भादवि के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। 31 जनवरी 2026 को माननीय एडीजे कोर्ट संख्या-2 जनपद बदायूं ने अभियुक्तगण राजेन्द्र यादव, पप्पू, सुरेश (पुत्र भूरे उर्फ ईश्वरपाल) व रामनिवास पुत्र किशनपाल निवासी मेहुआ हसनगंज को दोष सिद्ध करते हुए आजीवन कारावास तथा प्रत्येक पर 30-30 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। सजा दिलाने में एडीजीसी संजीव कुमार गुप्ता व कोर्ट पैरोकार नीरज कुमार की अहम भूमिका रही।

### अक्रूरजी कन्या इंटर कॉलेज में परीक्षा समय से पहले समाप्त करने का आरोप, डीएम से शिकायत

**चन्दौसी।** शहर के मौहल्ला खुर्जा गेट निवासी ज्ञानप्रकाश शर्मा ने जिलाधिकारी से शिकायत कर अक्रूरजी कन्या इंटर कॉलेज चन्दौसी पर कक्षा 8 की गणित की वार्षिक परीक्षा में अनियमितता का आरोप लगाया है। शिकायत में बताया गया कि 30 जनवरी को आयोजित परीक्षा का निर्धारित समय दो घंटे था, लेकिन विद्यालय स्टाफ ने मात्र एक घंटे में ही परीक्षा समाप्त कर दी और छात्राओं की उत्तर पुस्तिकाएं छीन लीं। इससे अधिकांश बालिकाओं की परीक्षा अधूरी रह गई।

छात्राओं ने बताया कि विद्यालय में किसी शादी या दावत का कार्यक्रम था। मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है।

### सीएचसी निरीक्षण के दौरान डीएम ने बालिका के इलाज की सहायता के दिए निर्देश

**चन्दौसी।** शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चन्दौसी के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया से एक व्यक्ति ने अपनी 15 वर्षीय बेटी के लीवर से संबंधित पीड़ा साझा की। व्यक्ति अपनी बेटी को डायलिसिस कराने सीएचसी पहुंचा था। उसने बताया कि वह बेटी का इलाज दिल्ली, मुरादाबाद सहित अन्य स्थानों पर करा चुका है, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण अब उसके पास इलाज के लिए धन शेष नहीं बचा है। पीडिता के पिता ने बताया कि बीमारी के कारण परिवार अत्यंत परेशान है और यदि सरकारी सहायता मिल जाए तो बेटी का बेहतर इलाज संभव हो सकता है। इस पर जिलाधिकारी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए आश्वासन दिया कि प्रशासन की ओर से बेटी के इलाज में हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने अंतोदय कार्ड बनवाने, सरकारी योजनाओं के माध्यम से उपचार कराने तथा अपने स्तर से शिक्षा की व्यवस्था कराने का भरोसा दिलाया। साथ ही जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### प्रताड़ना से परेशान दुकानदार ने की थी आत्महत्या दो आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** शाहबाद चौराहे के पास स्थित एक दुकान से जुड़े आत्महत्या प्रकरण में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मामला उपेंद्र चौधरी की मौत से जुड़ा है। उनकी पत्नी इंदू चौधरी ने आरोप लगाया था कि उनके पति को लगातार मानसिक रूप से परेशान और प्रताड़ित किया जा रहा था, जिससे तंग आकर उन्होंने आत्महत्या कर ली। पत्नी की तहरीर पर बिलारी थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान राजू गुप्ता और टुईया उर्फ गंगाप्रसाद (राज. ेश), निवासी ओम विहार कॉलोनी बिलारी, को नामजद किया गया। आरोप है कि दोनों व्यक्तियों द्वारा मृतक पर लगातार मानसिक दबाव बनाया जा रहा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जॉब्स को केवल डिग्री या मार्क्स महत्वपूर्ण नहीं: कॉर्पोरेट एक्सपर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** एवीपीएन की टैलेंट एक्विजिशन लीडर सुश्री दीप्ति वर्मा ने कॉर्पोरेट भर्ती प्रक्रिया की वास्तविकताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा, चयन केवल अंकों या डिग्री पर आधारित नहीं होता, बल्कि अभ्यर्थी के व्यावहारिक कौशल, सोचने की क्षमता, संवाद शैली और संगठनात्मक संस्कृति के साथ सामंजस्य पर भी निर्भर करता है। एचआर प्रोफेशनल्स उम्मीदवार को केवल डिग्री होल्डर के रूप में नहीं, बल्कि एक सम्भावनाशील पेशेवर के रूप में देखते हैं। उन्होंने स्टुडेंट्स से कहा, प्रारंभिक स्क्रीनिंग से लेकर अंतिम चयन तक, रिज्यूमे प्रस्तुति, इंटरव्यू के दौरान आत्मविश्वास, बॉडी लैंग्वेज, और प्रश्नों के प्रति दृष्टिकोण का विशेष महत्व होता है। सुश्री दीप्ति वर्मा ने छात्रों को सलाह दी कि वे कॉलेज जीवन के दौरान ही इंटर्नशिप, लाइव प्रोजेक्ट्स, स्वयंसेवी कार्य, टीमवर्क और लीडरशिप अवसरों को गंभीरता से लें, क्योंकि ये अनुभव साक्षात्कार के समय उम्मीदवार को दूसरों से अलग पहचान दिलाते हैं। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि आज के कॉर्पोरेट जगत में एडैप्टेबिलिटी, डिजिटल अवेयरनेस और निरंतर सीखने की इच्छा सबसे बड़ी ताकत मानी जाती है। अंत में सुश्री दीप्ति वर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि करियर एक दौड़ नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक यात्रा है, जिसमें सही दिशा, धैर्य और निरंतर प्रयास से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। एक्सपर्ट सेशन में सीसीएसआईटी, टिमिट, लॉ, एग्रीकल्चर, फार्मेसी आदि कॉलेजों के छात्रों की मौजूदगी में सवाल-जबाव का दौर भी चला। सुश्री वर्मा तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट- सीटीएलडी की ओर से करियर टॉक्स- पाथवेज टु सक्सेस पर आयोजित विशेषज्ञ सत्र में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहीं थीं। विशेषज्ञ सत्र का विषय कॉर्पोरेट रेडिनेस और शीर्षक हाउ एचआर एक्चुली हायर्स: द सिक्रेट सेलेक्शन टिप्स रहा। इससे पूर्व मुख्य वक्ता सुश्री दीप्ति वर्मा, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. आरके द्विवेदी, सीटीएलडी के डायरेक्टर प्रो. पंकज कुमार सिंह आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके एक्सपर्ट सेशन का शुभारम्भ किया। डीन प्रो. द्विवेदी ने स्टुडेंट्स से कहा, जॉब्स के लिए वर्तमान समय में केवल तकनीकी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। स्टुडेंट्स को संचार कौशल, सकारात्मक दृष्टिकोण, कार्यस्थल पर अनुकूलन क्षमता तथा नैतिक मूल्यों की समझ विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट जगत में सफल बनाती है।



सीटीएलडी के प्रो. पंकज कुमार सिंह बोले, कैरियर टॉक्स श्रृंखला का मकसद कक्षा में अर्जित ज्ञान और उद्योग की व्यावहारिक अपेक्षाओं के बीच की दूरी को कम करना है। उन्होंने सीटीएलडी की ओर से भविष्य में भी ऐसे उद्योग-संवाद आधारित कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता दोहराई। डॉ. जैस्मिन स्टीफन ने संयोजक, जबकि श्री प्रदीप पंवार ने सह-समन्वयक की भूमिका निभाई। संचालन सुश्री अन्वेषा सिसोदिया ने किया। कार्यक्रम में श्रीमती मणि सारस्वत आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। अंत में डॉ. दिलीप दत्त वार्ष्णेय ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का हुआ समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सम्भागीय परिवहन कार्यालय मुरादाबाद में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें जिम्मेदार नागरिक होने के नाते सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मोबाईल फोन से रील बनाने की जगह जल्द से जल्द उसे अस्पताल तक पहुचाने में मदद करनी चाहिए । उन्होने कार्यक्रम में सम्मानित किए गए राह - वीरों के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की तथा अन्य सभी को उनसे प्रेरणा लेने का आव्हान किया। उन्होने आगे कहा कि स्कूली छात्रों को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर तथा परिवहन विभाग से वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के पश्चात ही दो पहिया वाहन का संचालन करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामव. ीर सिंह द्वारा सड़क सुरक्षा प्रदर्शनी का फीता काट कर उद्घाटन गया। सड़क सुरक्षा उत्कृष्ट कार्य करने वाले 05 राह - वीर, 03 स्काउट गाइड मास्टर ट्रेनर, 04 आपदा मित्र, 02 रोड सेफ्टी क्लब, 06 रोडवेज चालकों, आर्शीवाद एन0जी0ओ0 तथा 05 यातायात पुलिस कर्मियों का सम्मान प्रशस्ति पत्र के साथ हेलमेट देकर किया गया। सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) संदीप कुमार पंकज ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सहायक महीपाल सिंह तथा कपिल रस्तौगी द्वारा किया गया।




# उत्तर प्रदेश बार काउंसिल चुनाव: चन्दौसी में दूसरे दिन 536 अधिवक्ताओं ने किया मतदान

चन्दौसी। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य चुनाव को लेकर प्रदेश भर में मतदान प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में जनपद संभल सहित कई जिलों में 30 व 31 जनवरी को मतदान कराया गया। संभल जनपद के चन्दौसी स्थित जिला न्यायालय परिसर में बने बार रूम में निर्वाचन अधिकारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह की देखरेख में शनिवार को दूसरे दिन का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 05 बजे तक चली। मतदान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। दूसरे दिन कुल 536 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि पहले दिन 509 अधिवक्ताओं ने मतदान किया था। इस प्रकार कुल 1252 अधिवक्ताओं में से 1045 ने मतदान कर अपनी सहभागिता निभाई। मतदान के दोनों दिन न्यायालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। चुनाव के दौरान प्रत्याशियों ने न्यायालय परिसर के बाहर अपने-अपने पंडाल लगाए, जहां अधिवक्ताओं से संपर्क कर समर्थन मांगा गया। चुनाव प्रक्रिया को लेकर अधिवक्ताओं में खासा उत्साह दिखाई दिया।



# कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान के तहत सेमिनार का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के क्रम में सी एल गुप्ता स्कूल ऑफ ऑप्टोमेट्री के छात्र-छात्राओं के लिए कुष्ठ रोग पर ऊपर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार के अंतर्गत जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ भास्कर अग्रवाल जी ने सभी छात्र-छात्राओं को कुष्ठ रोग का संक्रमण किस प्रकार आंखों को प्रभावित कर सकता है एवं ऐसा होने पर किस प्रकार आंखों को लेप्रोसी से बचाया जा सकता है की जानकारी दी।

कुष्ठ रोग के संबंध में जानकारी देते हुए डॉ भास्कर अग्रवाल ने बताया कि अगर आरंभिक लक्षणों में ही कुष्ठ रोग की जांच कर पुष्टि कर ली जाए एवं उसका एमडीटी के द्वारा उपचार आरंभ कर दिया जाए तो इसका प्रभाव आंखों तक पहुंचाने की संभावना बहुत कम हो जाती है। एमडीटी दवा सभी सरकारी स्वास्थ्य केदो पर निशुल्क उपलब्ध है जनपद मुरादाबाद में वर्तमान में 190 मरीज इस दवा के द्वारा कुष्ठ रोग का इलाज प्राप्त कर रहे हैं। समाज द्वारा ऐसे रोगियों को बहिष्कार करने का प्रयास किया जाता है अत: ऐसे रोगियों को मानसिक रूप से उनका मनोबल बढ़कर उनको इस स्थिति से लड़ने में पूर्ण रूप से मदद की जा सकती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से ऐसे मरीजों को इलाज पूर्ण करने के लिए प्रेरित करने को कहा। इस कार्यक्रम का संचालन ऑप्टोमेट्री स्कूल के इंचार्ज फनी कृष्णा ने किया तथा शिक्षिका आकांक्षा गुप्ता ,उजमा रफीक और हिमांशु सपरा भी उपलब्ध रहे, इस कार्यक्रम में लगभग 63 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया एवं कुष्ठ रोग से संबंधित अपने सवाल के समाधान डॉ भास्कर से प्राप्त किये। ऑप्टोमेट्री स्कूल के प्रिंसिपल डॉ प्रदीप अग्रवाल जी ने डॉक्टर भास्कर अग्रवाल को अपने कीमती समय देने केलिए धन्यवाद दिया।

# जिलाधिकारी ने सीएचसी चन्दौसी का किया विस्तृत निरीक्षण

## ● स्वास्थ्य व्यवस्थाओं व साफ-सफाई को लेकर दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) चन्दौसी का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन 50 बेड के क्रिटिकल केयर यूनिट का जायजा लिया और भवन निर्माण में उपयोग की जा रही ईंटों की गुणवत्ता की जांच कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में स्थित आवासों का निरीक्षण करते हुए उनकी मरम्मत एवं नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने परिसर में खड़ी निष्प्रायोज्य पुरानी एम्बुलेंसों को नियत स्थान पर व्यवस्थित रूप से रखने के लिए नगरपालिका के संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने परिसर स्थित होम्योपैथी चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया और वहां कार्यस्थल की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त अस्पताल परिसर में स्थित वर्ष 1916 ई. के ऐतिहासिक पत्थर की साफ-सफाई एवं संरक्षण संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर भी नगरपा. लिका अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड, नेत्र परीक्षण कक्ष, ओपीडी, प्रेरणा कैंटीन तथा डायलिसिस यूनिट सेंटर का निरीक्षण कर मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने महिला विंग एवं पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) का भी निरीक्षण किया और एनआरसी में भर्ती बच्चों की माताओं से बातचीत कर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। अंत में जिलाधिकारी ने पूरे परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश नगरपालिका के संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, उपजिलाधिकारी चन्दौसी आशुतोष तिवारी, सीएचसी चन्दौसी प्रभारी डॉ. हरविंदर सिंह, डॉ. गौरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।








असम। गुवाहाटी में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश किए जाने से पहले विक्रेता सूखे मेवे बेचता हुआ।

## हरमुज में सुरक्षित रूप से अभ्यास करे ईरान, जोखिम को जन्म न दे: अमेरिका

**टैंपा (फ्लोरिडा)।** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के अधीन आने वाली केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने ईरान की इस्लामी रेवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) से अनुरोध किया है कि वह रविवार से हरमुज की खाड़ी में शुरू होने वाला अपना नौसैनिक अभ्यास सुरक्षित तरीके से करे और किसी भी अनावश्यक जोखिम को जन्म न दे। सेंटकॉम ने अपने बयान में कहा कि सेंटकॉम आईआरजीसी से आग्रह करता है कि वह घोषित नौसैनिक अभ्यास को इस तरह से करे जो सुरक्षित, पेशेवर हो और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री यातायात के लिए नौपरिवहन की आजादी को अनावश्यक जोखिम से बचाए।

# हॉलीवुड एक्ट्रेस ने नूरजहां का ताजमहल नेकलेस पहना

## करीब 74 करोड़ कीमत, 54 साल पहले अमेरिकी अभिनेत्री को उनके पांचवें पति ने गिफ्ट किया था

**कैलिफोर्निया।** हालीवुड एक्ट्रेस मार्गोट राबी ने बेगम नूरजहां का 400 साल पुराना नेकलेस (हार) पहना जिसकी चर्चा दुनियाभर में हो रही है। वह अपनी आगामी फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' के प्रचार के लिए बुधवार को रेड कार्पेट पर ग्लैमरस लुक में दिखीं। राबी ने लास एंजिल्स में फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर पर एक शानदार गाउन पहना था। यह लुक बेहद खूबसूरत और विंटेज स्टाइल का था, लेकिन असली सुर्खियां बटोरीं उनके नेकलेस ने।

यह 69.42 कैरेट का हार्ट शेप का टेबल-कट डायमंड है और इसे गोल्ड और रूबी से बनी कार्टियर चेन में सेट किया गया है। इस नेकलेस की कीमत लगभग 8 मिलियन डालर (करीब 74 करोड़ रुपये) बताई जा रही है। यह नेकलेस 54 साल पहले, 1972 में अमेरिकी एक्ट्रेस एलिजाबेथ टेलर के पांचवें पति रिचर्ड बर्टन ने उनके 40वीं जन्मदिन पर गिफ्ट किया था। लास एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में फिल्म वुथरिंग हाइट्स के वर्ल्ड प्रीमियर पर मार्गोट ने ताज महल नेकलेस पहना था। लास एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में बुधवार को फिल्म वुथरिंग हाइट्स के वर्ल्ड प्रीमियर पर मार्गोट ने ताज महल नेकलेस पहना था मुमताज महल की याद में बने मकबरे ताज महल के नाम से इस शानदार नेकलेस का नाम 'ताज महल डायमंड नेकलेस' पड़ा। ताज महल डायमंड की असली कहानी और भी रोचक है। इसे मुगल सम्राट शाह जहांगीर ने अपनी पत्नी नूरजहां को गिफ्ट किया था। यह दिल के आकार का डायमंड 17वीं सदी का है, जिस पर फारसी भाषा में 'प्यार हमेशा बना रहता है' लिखा है। इस पर नूरजहां का नाम भी उकेरा गया है। बाद में यह उनके बेटे शाहज. हां के पास पहुंचा, जिन्होंने इसे अपनी पत्नी मुमताज महल को दिया।



■ यह लुक बेहद खूबसूरत और विंटेज स्टाइल का था, लेकिन असली सुर्खियां बटोरीं उनके नेकलेस ने

मुमताज की मौत के बाद शाहजहां ने ताजमहल बनवाया, जिसके कारण इस डायमंड को ताज महल डायमंड कहा जाने लगा। नूरजहां मुगल साम्राज्य की सबसे शक्तिशाली और प्रभावशाली बेगम थीं। कहा जाता है कि वह मुगल सम्राट जहांगीर की 20वीं पत्नी थी। उन्होंने 1611 में मुगल सम्राट जहांगीर से शादी की। जहांगीर ने उन्हें पहले नूर महल (महल की रोशनी) और बाद में नूरजहां (दुनिया की रोशनी) का खिताब दिया। वह मुगल इतिहास में इकलौती ऐसी बेगम थीं जिनके नाम पर सिक्के ढाले गए, फरमान जारी किए गए और उन्होंने दरबार में जहांगीर के साथ बैठकर शासन चलाया। नूरजहां मुगल दरबार में फैशन और स्टाइल की रानी मानी जाती थीं। उन्होंने खुद डिजाइनर की तरह काम किया और कई नए फैशन ट्रेंड शुरू किए। उन्होंने नूरमहली ड्रेस जैसी खास पोशाकें डिजाइन कीं, जो हल्की, फ्लोरल पैटर्न वाली काटन और मलमल से बनी होती थीं। उन्होंने बदला किनारी, पंचतोलिया (पांच रंगों वाली महीन कपड़े) और दुदामी जैसे नए टेक्सटाइल और फैब्रिक्स को पापुलर किया। वे परफ्यूम बनाने में माहिर थीं और अत्रि जहांगीरी नाम का अपना स्पेशल इत्र बनाती थीं, जो गुलाब के तेल से तैयार होता था। उनके स्टाइल में फारसी, मुगल और सेंट्रल एशियन प्रभाव का मिश्रण था। नूरजहां मुगल इतिहास की सबसे अमीर और स्वतंत्र रूप से धनी बेगमों में से एक थीं।

# बलूचिस्तान में एकसाथ 12 जगहों पर बलूचों का हमला

## 10 पुलिसकर्मियों की मौत, डिप्टी कमिश्नर को किडनैप किया, जवाबी कार्रवाई में 37 लड़ाके भी मारे गए

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने एक साथ 12 जगहों पर हमले किए। हमलों में कम से कम 10 सुरक्षाकर्मी की मौत हुई है। वहीं, पाकिस्तानी सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में 37 लड़ाके भी मारे गए। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि बलूच विद्रोहियों ने क्वेटा, पसनी, मस्तुंग, नुश्की और ग्वादर जिले में शनिवार सुबह 12 से ज्यादा जगहों पर एक साथ हमले किए। राजधानी क्वेटा में कम से कम चार पुलिसकर्मी मारे गए। हालांकि यह साफ नहीं हो पाया कि यह चार पुलिसकर्मी उन 10 सुरक्षाकर्मियों में शामिल हैं या नहीं।

क्वेटा के एक सीनियर अफसर ने यह भी बताया कि लड़ाकों ने नुश्की जिले के डिप्टी कमिश्नर का अपहरण कर लिया है। बीएलए ने इसे 'ऑपरेशन हेरोफ' का नाम दिया है। हमले के बाद पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने बयान जारी कर दावा किया कि इन हमलों के पीछे भारत का हाथ है। इन हमलों की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली है। संगठन ने कहा कि उसने सैन्य ठिकानों, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निशाना बनाया। साथ ही यह भी दावा किया कि मुख्य हाईवे बंद किए गए, ताकि सेना की कार्रवाई में बाधा डाली जा सके। बीएलए लड़ाकों ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर ये दावा किया है कि उन्होंने क्वेटा के एक बाजार इलाके पर कब्जा कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हथियारबंद आतंकी बाजार में घुस आए और कुछ समय के लिए पूरे इलाके पर उनका नियंत्रण रहा। हालांकि, इस घटना को लेकर सुरक्षा एजेंसियों की ओर से अभी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। क्वेटा में एएफपी के एक पत्रकार ने बताया कि शहर में कई धमाकों की आवाजें सुनी गईं। पूरे शहर में भारी सुरक्षा तैनात कर दी गई, मुख्य सड़कें सुनसान रहीं और कारोबार ठप हो गया। 38 साल के निजी कर्मचारी अब्दुल वली ने बताया कि सुबह से लगातार धमाके हो रहे हैं।



■ शहबाज शरीफ ने कहा: हमलों को नाकाम कर दिया, हमलों के पीछे भारत का हाथ होने का आरोप लगाया

उनकी मां अस्पताल में भर्ती हैं और उन्हें खून की जरूरत थी। उन्होंने कहा कि पुलिस हम पर बंदूक तानती है और कहती है वापस जाओ, वरना मारेंगे। ऐसे में हम क्या करें? ये हमले ऐसे समय हुए हैं जब एक दिन पहले ही सेना ने दावा किया था कि उसने बलूचिस्तान में दो अलग-अलग अभियानों में 41 विद्रोहियों को मार गिराया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बयान जारी कर दावा किया कि इन हमलों को नाकाम कर दिया गया है। उन्होंने इसके लिए सुरक्षा बलों की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि उन्हें और पूरे देश को अपने शहीदों पर गर्व है। साथ ही उन्होंने इन हमलों के पीछे भारत का हाथ होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश से आतंकवाद के पूरी तरह खत्म होने तक यह लड़ाई जारी रहेगी। बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे गरीब प्रांत है, जबकि यहां प्राकृतिक संसाधनों की भरमार है। शिक्षा, रोजगार और आर्थिक विकास के मामले में यह देश के बाकी हिस्सों से काफी पीछे है। यह इलाका लंबे समय से हिंसा और विद्रोह से जूझ रहा है। यह खनिज संसाधनों से भरपूर दक्षिण-पश्चिमी प्रांत है, जिसकी सीमा अफगानिस्तान और ईरान से लगती है। यहां लड़ाके अक्सर सरकारी बलों, विद. ेशी नागरिकों और दूसरे प्रांतों से आए लोगों को निशाना बनाते हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) बलूचिस्तान का सबसे सक्रिय अलगाववादी संगठन माना जाता है। पिछले कुछ वर्षों में बलूच अलगाववादियों ने दूसरे प्रांतों से आए पाकिस्तानी मजदूरों और विदेशी कंपनियों पर हमले तेज कर दिए हैं। उनका आरोप है कि ये लोग और कंपनियां बलूचिस्तान के संसाधनों का शोषण कर रही हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) एक संगठन है जो पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की स्वतंत्रता के लिए लड़ रहा है। इसकी स्थापना 2000 के दशक की शुरुआत में हुई और इसे कई देशों द्वारा आतंकी संगठन भी घोषित किया गया है। बीएलए का दावा है कि बलूचिस्तान के प्राकृतिक संसाधनों का शोषण हो रहा है और बलूच लोगों के अधिकार छीन लिए गए हैं।

## पाक पीएम बोले: कर्ज मांगने में अब आती है शर्म

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज ने विदेशी कर्ज पर देश की बढ़ती निर्भरता को लेकर नारा. जगी जताई है। शहबाज ने माना कि देश की बदहाल आर्थिक स्थिति के कारण उन्हें बार.बार विदेशी दौरों पर जाकर कर्ज मांगना पड़ा। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री राजधानी इस्लामाबाद में कारोबारी नेताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 'मैं आपको बताना चाहता हूं कि जब फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और मैं दुनियाभर में पैसे मांगने जाते हैं तो हमें शर्म आती है।' शहबाज ने कहा: कर्ज लेना हमारे आत्मसम्मान पर बहुत बड़ा बोझ है। कई बार हमें काम्प्रोमाइज करना पड़ता है। कई बार हम उनकी शर्तों को 'ना' भी नहीं कह पाते। शहबाज ने यह भी कहा कि कर्ज का बोझ देश की इज्जत पर भारी पड़ रहा है और अब वैकल्पिक आर्थिक रास्ते तलाशने की जरूरत है। उनका बयान ऐसे समय आया है जब पाकिस्तान आईएमएफ से मदद और पुराने कर्ज को रोलओवर (आगे बढ़ाने) की कोशिश कर रहा है। पीएम शहबाज के बयान से जाहिर है कि पाकिस्तान गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है और अंतर्राष्ट्रीय मदद पर बहुत ज्यादा निर्भर हो चुका है। शहबाज ने चीन को 'हर मौसम का दोस्त' बताया और कहा कि सऊदी अरब, यूएई और कतर ने भी अच्छे-बुरे हर वक्त में पाकिस्तान का साथ दिया है।



■ दूसरे देशों के सामने हमारा सिर झुका रहता है, उनकी शर्तें मानना हमारी मजबूरी: शहबाज शरीफ

# ईरान के गृह मंत्री और शीर्ष अधिकारियों पर लगे अमेरिकी प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** ईरान में जारी प्रदर्शन के बाद अमेरिका ने ईरान के गृह मंत्री इस्कंदर मोमेनी और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाते हुए कहा है कि राष्ट्रव्यापी प्रदर्शनों पर ईरानी प्रशासन पर हिंसक कार्रवाई के लिए ये सभी जिम्मेदार थे। अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि मोमेनी ईरान इस्लामिक गणराज्य के हत्यारे कानून प्रवर्तन बल का संचालन करते हैं, जो हजारों शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हत्या के लिए जम्मिेदार है।

बयान में अमेरिकी वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने कहा कि आज अमेरिका के वित्त मंत्रालय के विद. ेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने ईरानी लोगों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अतिरिक्त कार्रवाई की। जिन अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाए गए, उनमें ईरान के गृह मंत्री इस्कंदर मोमेनी शामिल हैं।ष्इन प्रतिबंधों में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के वरिष्ठ अधिकारियों और ईरानी व्यवसाई बाबक मोर्तेजा जंजानी को भी निशाना बनाया गया है, जिन पर ईरानी लोगों से अरबों डॉलर के गबन का आरोप है। मंत्रालय ने जंजानी से जुड़े डिजिटल करेंसी विनिमय पर भी रोक लगा दी है। अमेरिका के प्रतिबंधों के तहत नामित व्यक्तियों या संस्थाओं की कोई भी संपत्ति जब्त कर दी जाती है और अमेरिकी नागरिकों तथा कंपनियों को उनके साथ व्यापार करने से मना किया जाता है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि जंजानी ने आईआरजीसी और व्यापक ईरानी शासन का समर्थन करने वाली परियोजनाओं को आर्थिक रूप से समर्थन दिया है। ओएफएसी ने पहली बार जंजानी से जुड़े दो डिजिटल संपत्ति विनिमय नामित किए। यह ईरानी अर्थव्यवस्था में काम करने वाले डिजिटल एसेट विनिमय के खिलाफ उसकी पहली कार्रवाई है। मंत्रालय के सचिव स्कॉट बेसेंट ने कहा कि एक समृद्ध ईरान बनाने के बजाय शासन ने देश के तेल राजस्व के बचे हुए हिस्से को परमाणु हथियारों के विकास, मिसाइलों और दुनिया भर में आतंकवादी संगठन पर बर्बाद करना चुना है।

■ मंत्रालय ने जंजानी से जुड़े डिजिटल करेंसी विनिमय पर भी रोक लगा दी

## ईरान बातचीत के लिए तैयार: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** पश्चिमी एशिया में बढ़ती अमेरिका की सैन्य उपस्थिति के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान बातचीत के लिए तैयार है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा कि वे समझौता करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ बातचीत शुरू करने के लिए एक अंतिम तारीख तय की गई है, हालांकि उन्होंने सही समय नहीं बताया।

उन्होंने ईरान के पास एक अमे. रिकी नौसैनिक पोत की तैनाती का जक्रि करते हुए कहा कि उम्मीद है, हम एक समझौता करेंगे। अगर हम समझौता नहीं करते हैं, तो देखेंगे क्या होता है। अमेरिका ने जहां बातचीत के लिए तैयारी दिखाई, वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ईरान का रुख दोहराया। उन्होंने कहा कि ईरान आपसी हितों और सम्मान के आधार पर बराबरी के स्तर पर बातचीत करने को तैयार है, लेकिन उन्होंने साफ तौर पर जोर दिया कि ईरान की रक्षा और मिसाइल क्षमताओं पर कभी बातचीत नहीं होगी। फिलहाल, बातचीत फिर से शुरू करने के लिए ईरानी और अमे. रिकी अधिकारियों के बीच कोई बैठक तय नहीं है। अराघची ने कहा कि मैं साफ तौर पर कहना चाहता हूं कि ईरान की रक्षा और मिसाइल क्षमताएं कभी भी बातचीत का विषय नहीं होंगी। ये बयान ट्रम्प की तरफ से बार-बार दी जा रही चेताव. नियों के बीच आए हैं, जिसमें उन्होंने कहा है कि अगर ईरान अमेरिकी मांगों को पूरा नहीं करता है, जिसमें उसके परमाणु कार्यक्रम और मिसा. इल विकास पर रोक शामिल है, तो संभावित सैन्य कार्रवाई की जा सकती है।

■ अगर हम समझौता नहीं करते हैं, तो देखेंगे क्या होता है

## पूर्वोत्तर नाइजीरिया में बोको हरम के हमले में 25 लोगों के मारे जाने की आशंका

**अबुजा।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर राज्य बोर्नो में निर्माण मजदूरों के एक समूह पर बोको हरम के संदिग्ध आतंकवादी हमले में 25 लोगों के मारे जाने और अन्य के घायल होने की आशंका है। घायलों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय मीडिया ने देश के उस हिस्से में सत्तारूढ़ ऑल प्रोग्रेसिव्स कांग्रेस पार्टी के एक नेता अलीऊ जैफादा के जानिब बताया कि गुरुवार को मैदुगुरी-डांबोआ सड़क पर वाजिर्को गांव में इस घटना के बाद लगभग एक दर्जन शवों को दफनाया गया। सभी पीड़ित निर्माण मजदूर थे जो बोको हरम के पिछले हमलों में क्षतिग्रस्त हुए एक पुल की मरम्मत कर रहे थे।

# इजरायली हमले में 31 फलस्तीनियों की मौत

## 4 महीने में सीजफायर के बाद इजरायल का यह सबसे बड़ा हमला

**गाजा/जोहान्सबर्ग।** गाजा में शनिवार को इजरायली हमलों में कम से कम 31 फलस्तीनी मारे गए। अक्टूबर में लड़ाई रो. कने के लिए हुए सीजफायर के बाद इजरायल का यह सबसे बड़ा हमला है। इजरायल ने गाजा सिटी की एक रिहायशी इमारत और खान यूनिस में लगे एक टेंट कैंप पर हुए घातक हमले शामिल हैं। मारे गए लोगों में दो महिलाएं और छह बच्चे शामिल हैं, जो दो अलग-अलग परिवारों से थे।

गाजा सिटी में एक पुलिस स्टेशन पर हवाई हमला भी हुआ, जिसमें कम से कम 14 लोगों की मौत और कई अन्य के घायल होने की बात शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेलमिया ने कही। ये हमले ऐसे समय हुए हैं जब मिस्र की सीमा पर स्थित रफाह क्रासिंग रविवार को खोलने की तैयारी है। यह क्रासिंग गाजा के सबसे दक्षिणी शहर में है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने रिकॉर्ड किया है कि 10 अक्टूबर से सीजफायर शुरू होने के बाद इजरायली फायरिंग से 500 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने इजरायल के राजनयिक 'चार्ज डी अफेयर्स' एरियल सेडमैन को 'पर्सोना नॉन ग्राटा' घोषित करते हुए उन्हें 72 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया। इसके जवाब में इजरायल ने भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ समान (प्रतिस्पर्धी) कूटनीतिक कदम उठाने की घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका के अंतर्राष्ट्रीय संबंध एवं सहयोग विभाग ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह निर्णय सेडमैन द्वारा 'कूटनीतिक मानदंडों और प्रथाओं के अस्वीकार्य उल्लंघनों की शृंखला' के बाद लिया गया है, जो देश की संप्रभुता के लिए 'सीधी चुनौती' है। विभाग के अनुसार, राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के खिलाफ आधिकारिक इजरायली सोशल मीडिया मंचों पर अपमानजनक टिप्पणियां करना और पूर्व सूचना के बिना वरिष्ठ इजरायली अधिकारियों का कथित यात्राओं पर जाना इन उल्लंघनों में शामिल है। बयान में किसी एक विशिष्ट घटना का उल्लेख नहीं किया गया। दक्षिण अफ्रीका की मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, नवम्बर 2025 में इजरायली दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में इजरायल के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका द्वारा दायर मामले को 'दक्षिण अफ्रीकियों के लिए शून्य मूल्य' और 'पूरी तरह राजनीतिक नाटक' करार दिया था। उसी महीने, जब राष्ट्रपति रामाफोसा ने कहा था कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बहिष्कार से जी-20 जोहान्सबर्ग सम्मेलन पर कोई असर नहीं पड़ेगा, तो दूतावास ने उनकी टिप्पणी को व्यंग्यात्मक लहजे में 'बुद्धिमत्ता और कूटनीतिक स्पष्टता का एक दुर्लभ क्षण' बताया था। दक्षिण अफ्रीका ने कहा कि सेडमैन की कार्रवाइयां 'कूटनीतिक विशेषाधिकारों का घोर दुरुपयोग और वियना कन्वेंशन का मूलभूत उल्लंघन' हैं, जिससे द्विपक्षीय संबंधों के लिए आवश्यक विश्वास और प्रोटोकॉल कमजोर हुए हैं। विभाग ने इजरायल से भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक सिद्धांतों का सम्मान सुनिश्चित करने का आग्रह किया। दक्षिण अफ्रीका और इजरायल के संबंध लंबे समय से तनावपूर्ण रहे हैं, खासकर 1990 के दशक से फलस्तीनी मुद्दे पर प्रिटोरिया के मुखर समर्थन के कारण।



■ दक्षिण अफ्रीका ने इजरायली राजनयिक को देश छोड़ने का दिया आदेश

# कनाडा के दुश्मनों से मिले अमेरिकी अधिकारी

## अल्बर्टा को आजाद देश बनाने की कोशिश में अलगाववादी, पीएम कार्नी बोले: आंतरिक मामलों में दखल बर्दाश्त नहीं

वाशिंगटन। कनाडा और अमेरिका के रिश्तों में एक नया विवाद शुरू हो गया है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका के अधिकारियों ने कनाडा के अल्बर्टा प्रांत को अलग देश बनाने की मांग कर रहे अलगाववादी समूह के नेताओं से मुलाकात की। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुता. बिक, पिछले साल अप्रैल से अब तक अमे. रिकी विदेश विभाग के अधिकारी तीन बार अल्बर्टा के अलगाववादी नेताओं से मिले।

ये नेता अल्बर्टा को कनाडा से अलग कर एक स्वतंत्रा देश बनाने की वकालत कर रहे हैं। कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने गुरुवार को बताया कि उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को फोन कर कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करने को कहा। कार्नी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिकी प्रशासन कनाडा के आंतरिक मामलों में दखल नहीं देगा। कनाडा से आजादी की मांग कर रहे इस समूह का नाम अल्बर्टा प्रास्पेरिटी प्रोजेक्ट (एपीपी) है। यह संगठन अल्बर्टा की आजादी के लिए जनमत संग्रह (रेफरेंडम) कराने की मांग कर रहा है। एपीपी के नेता और को-फाउंडर जेफ्री रथ ने अल्बर्टा की आजादी के लिए अमेरिका से 500 मिलियन डालर की मदद मांगी है। उन्होंने 23 जनवरी को एक्स पर पोस्ट कर बताया कि वे अगले महीने अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान अमेरिका से इस रकम को कर्ज के तौर पर मांगा जाएगा। बीबीसी से बातचीत में जेफ्री ने बताया कि अल्बर्टा के आजाद होने पर इस पैसे का इस्तेमाल किया जाएगा। अल्बर्टा पश्चिमी कनाडा का तेल-समृद्ध प्रांत है। इसकी आबादी करीब 50 लाख है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक यहां कनाडा के कुल कच्चे तेल उत्पादन का लगभग 84 प्रतिशत हिस्सा निकलता है। यह प्रांत लंबे समय से खुद को एनर्जी प्रांत के रूप में देखता रहा है। अलगाववादियों का कहना है कि कनाडा सरकार की जलवायु नीतियां अल्बर्टा के तेल उद्योग को नुकसान पहुंचा रही हैं। उनका आरोप है कि अल्बर्टा से सरकार को भारी टैक्स मिलता है, जबकि बदले में राज्य को कम आर्थिक सहायता मिलती है। रिपोर्च के मुताबिक अल्बर्टा में लोग परंपरावादी है, जबकि कनाडा के दूसरे राज्यों में उदार आबादी ज्यादा है। इससे उनकी रूढ़िवादी आवाज दब जाती है।



■ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को फोन कर कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करने को कहा: कार्नी

## अमेरिकी सरकार में आंशिक शटडाउन शुरू जल्द समाधान की उम्मीद

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की कांग्रेस आधी रात की फंडिग डेडलाइन से पहले 2026 का बजट पास करने में नाकाम रही, जिसके बाद शनिवार को अमे. रिकी सरकार का आंशिक शटडाउन शुरू हो गया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के लिए नई फंडिग पर बातचीत तब रुक गई, जब डेमोक्रेटिक पार्टी ने मिनियापोलिस में संघीय इमिग्रेशन एजेंटों द्वारा दो प्रदर्शनकारियों की हत्या पर गुस्से में प्रतिक्रिया दी। उम्मीद की जा रही है कि ये व्यवधान सीमित होंगे, क्योंकि कांग्रेस अगले हफ्ते की शुरुआत में सीनेट समर्थित डील को मंजूरी देने के लिए आगे बढ़ेगा।

## नाबालिग लड़कियों का रोजाना रेप करता था एपस्टीन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने शुक्रवार देर रात जेफी एपस्टीन सेक्स स्कैंडल से जुड़ी नई फाइलें जारी की हैं। इन दस्तावेजों में बताया गया है कि एपस्टीन नाबालिग लड़िकयों का रोज कई बार यौन शोषण करता था। डेली मेल के मुताबिक यह खुलासा 2010 में फ्लोरिडा में एक पीड़िता की तरफ से दायर सिविल शिकायत में हुआ है, जिसका जिक्र इन फाइल्स में है।

इसके अलावा कुछ तस्वीरों में ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू को जमीन पर लेटी एक लड़की के ऊपर हाथ रखे दिखाया गया है। इन फाइल्स में पहली बार भारतीय फिल्म डायरेक्टर मीरा नायर और टेस्ला के सीईओ एलान मस्क का नाम भी आया है। ट्रम्प प्रशासन पिछले कुछ समय से कोर्ट के आदेश के बाद यौन अपराधी जेफी एपस्टीन से जुड़े दशकों पुराने सरकारी रिकार्ड पब्लिक कर रहा है। अब जारी हुई नई फाइलों में 30 लाख पेज, 1 लाख 80 हजार तस्वीरें और 2 हजार से ज्यादा वीडियो शामिल हैं।

अमेरिकी हाउस ओवरसाइट कमेटी की तरफ से जारी की गई एक बिना तारीख वाली तस्वीर में जेफी एप्स्टीन कुछ युवतियों के साथ दिख रहा है। यह तस्वीर दिसम्बर में जारी हुई थी। दस्तावेजों के मुताबिक, जब कोई लड़की एपस्टीन के पाम बीच स्थित घर पहुंचती थी, तो उसे एपस्टीन की प्राइवेट गाड़ी से लाया जाता था। घर पहुंचने पर एक सहायक लड़की की निजी जानक. ारी नोट करता था। इसके बाद उसे सीढ़ियों से ऊपर एक ऐसे कमरे में ले जाया जाता था, जहां शावर और मसाज टेबल होती थी। अगर लड़की पहली बार आई होती थी, तो कमरे में पहले से एक और लड़की मौजूद रहती थी, जो उसे बताती थी कि क्या करना है। इसके बाद एपस्टीन उस लड़की को बाहर भेज देता था। एपस्टीन लड़िकयों को साफ-साफ बताता था कि उसे क्या चाहिए और कैसे चाहिए। वह उन्हें कपड़े उतारने के लिए कहता था और उनके साथ अश्लील हरकतें करता था। कई बार वह लड़िकयों को एक-दूसरे के साथ सेक्स रिलेशन बनाने के लिए मजबूर करता था। शिकायत दर्ज कराने वाली लड़की ने बताया कि उसकी पहचान एपस्टीन से 15 साल की उम्र में कराई गई थी।

■ सेक्स फाइल्स में खुलासा, जमीन पर लेटी महिला के साथ दिखे ब्रिटिश प्रिंस, मस्क-मीरा नायर का भी नाम



# शो पुष्पा इम्पॉसिबल बड़े परिवार का हिस्सा होने जैसा: पूजा

**मुंबई।** अभिनेत्री पुष्पा का कहना है कि शो पुष्पा इम्पॉसिबल काम से ज्यादा एक बड़े परिवार का हिस्सा होने जैसा लगता है। सोनी सब का पुष्पा इम्पॉसिबल अपनी प्रेरणादायक कहानी और आम जिंदगी से जुड़े किरदारों से लोगों का दिल जीत रहा है। यह शो अपनी लीड किरदार पुष्पा (करुणा पांडे) की रोज़मर्रा की जीत और चुनौतियों को खूबसूरती से दिखाता है, जिससे यह टेलीविज़न पर सबसे पसंदीदा फैमिली एंटरटेनर में से एक बन गया है। यह शो न सिर्फ स्क्रीन पर गर्माहट लाता है, बल्कि ऑफ-स्क्रीन भी एक मज़बूत, खुशहाल रिश्ते पर टिका है, जिसे प्रार्थना का किरदार निभाने रही पूजा कतुरडे बहुत ज्यादा पसंद करती हैं। ऑफ-स्क्रीन भी, कास्ट के बीच उतनी ही गर्मजोशी वाली दोस्ती है, जिससे सेट एक बड़े परिवार जैसा लगता है। पूजा ने बताया कि टीम ब्रेक के दौरान भी सेट पर ज्यादातर समय साथ बिताती है। अपने कमरों में वापस भागने के बजाय, एक्टर्स फ्लोर पर ही रहना पसंद करते हैं, बातें करते हैं, मज़ाक करते हैं और मज़ेदार गेम खेलते हैं, जो एनर्जी को हाई रखते हैं और माहौल को जिंदादिल बनाए रखते हैं। यह दोस्ती स्वाभाविक रूप से उनकी परफॉर्मेंस में झलकती है और शो के सहज आकर्षण में योगदान देती है। पूजा कतुरडे ने कहा, दर्शक स्क्रीन पर जो देखते हैं, हम ऑफ-स्क्रीन भी बिल्कुल वैसे ही हैं, एक बड़े, खुशहाल परिवार की तरह। सेट पर हमारा जो रिश्ता है, वह सच में बहुत खास है।

लोग अक्सर सोचते हैं कि ब्रेक मिलते ही एक्टर्स अपने कमरों में भाग जाते हैं। लेकिन हमारे लिए यह बिल्कुल उल्टा है। हम शायद ही कभी अपने कमरों में वापस जाते हैं, क्योंकि सेट ही हमारा कम्फर्ट ज़ोन बन गया है। हमारे ब्रेक आमतौर पर खत्म न होने वाली बातों, हंसी-मज़ाक और ऐसे मज़ेदार गेम से भरे होते हैं, जिनकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते।

## स्टार प्लस के शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम में नील भट्ट ने अपने ड्यूल अवतार पर की बात

**मुंबई।** अभिनेता नील भट्ट ने स्टार प्लस के शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम में अपने ड्यूल अवतार पर बात की है। स्टार प्लस अपने प्राइम टाइम फिक्शन लाइनअप को मजबूत करने के लिए जल्द ही अपना नया शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम लॉन्च करने जा रहा है। सस्पेंस और इंट्रीग से भरा यह फैमिली ड्रामा आम घरेलू जिंदगी और एक खतरनाक सीक्रेट दुनिया को साथ जोड़ता नजर आएगा। रिलीज़ हुए प्रोमो में कहानी की एक झलक दिखाई गई है, जहां नील भट्ट डबल रोल में नजर आएंगे, एक तरफ शिवप्रसाद, एक जिम्मेदार पति, और दूसरी तरफ परशुराम, एक सीक्रेट स्पाई। इस खास रोल को लेकर नील ने अपनी एक्साइटमेंट शेयर की और बताया कि इतने अलग-अलग किरदारों को निभाने का अनुभव उनके लिए कितना चुनौतीपूर्ण और दिलचस्प रहा है। शिवप्रसाद एक आम आदमी है, जो शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं। उसकी पत्नी का नाम शालिनी है। दूसरी तरफ, परशुराम एक जासूस है, और शालिनी को इस बात की भनक तक नही है कि उसका पति एक सीक्रेट एजेंट की तरह दोहरी जिंदगी जी रहा है। नील भट्ट ने अपने किरदार और पूरे अनुभव को लेकर बात करते हुए अपनी एक्साइटमेंट भी शेयर की। उन्होंने कहा, इस शो में मुझे सबसे ज्यादा जो चीज़ पसंद आई, वह शिवप्रसाद का ड्यूल नेचर है, जिसके भीतर परशुराम बसता है। प्रोमो की शूटिग के दौरान हमने तय किया कि घर के अंदर वह राम की तरह होगा शांत, धैर्यवान और समर्पित और बाहर की दुनिया में परशुराम मजबूत, निडर और फैसले लेने वाला।

## बॉर्डर 2 ने पहले सप्ताह में भारतीय बाजार में 224 करोड़ की कमाई की

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपर स्टार सनी देओल की फिल्म बॉर्डर 2 ने भारतीय बाजार में अपने पहले सप्ताह में 224 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म बॉर्डर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता हासिल की है। फिल्म बॉर्डर 2, वर्ष 1997 में प्रदर्शित ब्लॉकबस्टर फिल्म बॉर्डर का सीक्वल है। फिल्म बॉर्डर 2, 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सनी देओल लीड रोल में हैं। इनके अलावा इस फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, मेधा राणा, सोनम बाजवा और अन्या सिंह जैसे सितारे भी हैं। फिल्म ने भारतीय बाजार में सात दिनों में 224 करोड़ की कमाई की है।

# मिस्टर एंड मिसेज परशुराम की कहानी इमोशंस से भरपूर: शांभवी



**मुंबई।** अभिनेत्री शांभवी का कहना है कि स्टार प्लस के शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम की कहानी सिर्फ एक्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे कही आगे जाकर इमोशंस और रिश्तों को भी खूबसूरती से दिखाती है।

स्टार प्लस के आने वाले शो मिस्टर एंड मिसेज परशुराम में शालिनी का किरदार निभा रही शांभवी सिह इस प्रोजेक्ट को बेहद खास और क्रिएटिव तौर पर संतोष देने वाला बताती हैं। चैनल और शो के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए शांभवी ने कहा कि इसकी कहानी सिर्फ एक्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे कही आगे जाकर इमोशंस और रिश्तों को भी खूबसूरती से दिखाती है। शांभवी सिंह ने कहा, यह वाकई बहुत खास और एक्साइटिंग लग रहा है।

मिस्टर एंड मिसेज परशुराम सिर्फ एक्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें इमोशंस, रिश्ते और रोज़मर्रा की जद्दोजहद गहराई से जुड़ी हुई है, जो हर उम्र के दर्शकों को जोड़ती है। ऐसे शो का हिस्सा बनना जो दिल और रोमांच के बीच अच्छा बैलेंस बनाता हो, क्रिएटिव तौर पर बहुत सुकून देता है। मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे ऐसे प्रोजेक्ट से जुड़ने का मौका मिला, जो एंटरटेन करने के साथ-साथ लोगों को इमोशनली भी छूता है। शांभवी सिंह ने कहा, शालिनी मजबूत होते हुए भी सौम्य है, जमीन से जुड़ी हुई है लेकिन उम्मीद से भरी हुई भी। वह प्यार, परिवार और ईमानदारी में गहराई से विश्वास करती है। उसकी ताकत किसी आक्रामकता से नहीं आती, बल्कि उसकी सहनशीलता, करुणा और इमोशनल समझ से आती है। वह ऐसी महिला है जो चुपचाप सबको जोड़कर रखती है और साथ ही अपने उसूलों के लिए मजबूती से खड़ी रहती है। मिस्टर एंड मिसेज परशुराम का प्रीमियर तीन फरवरी को रात 8:30 बजे, सिर्फ़ स्टार प्लस पर होगा।




# मदोनी 3 का ट्रेलर देखकर अभिभूत हुईं स्मृति मंधाना



**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट की दिग्गज खिलाड़ी स्मृति मंधाना फिल्म ष्मर्दानी 3 का ट्रेलर देखकर अभिभूत हो गई हैं। रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 के ट्रेलर में हर भारतीय बच्ची को बचाने का जो सशक्त संदेश दिया गया है, उसने कई लोगों को गहराई से छुआ है। स्मृति मंधाना ने कहा कि वह मर्दानी 3 की थीम से गहराई से जुड़ती हैं क्योंकि लड़कियों पर होने वाले कई अत्याचार अक्सर बिना कहे ही रह जाते हैं। स्मृति ने सोशल मीडिया पर लिखा, एक छोटी लड़की की जिदगी अमूल्य होती है। लड़कियां बहुत कुछ सहती हैं, बहुत कुछ देखती हैं और अक्सर चुपचाप सहन करती हैं। हर बच्ची की सुरक्षा राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि जब समाज लड़कियों के लिए सुरक्षित होता है, तो वे आगे बढ़ती हैं, सपने देखती हैं और न सिर्फ़ अपने लिए बल्कि अपने परिवार और अपने देश के लिए भी जीतती हैं। स्मृति ने लिखा, मर्दानी 3 का ट्रेलर देखकर मैं अभिभूत हूं और मैं बस यही प्रार्थना करती हूं कि हम सब एक देश के रूप में मिलकर हर लड़की, हर महिला की रक्षा करें क्योंकि जो समाज किसी लड़की के साथ अच्छा व्यवहार नही करता, वह समाज कहलाने लायक नही होता। आइए मिलकर एक सुरक्षित राष्ट्र का निर्माण करें। अभिराज मीनावाला द्वारा निर्देशित और आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित, मर्दानी आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इसी फिल्म के साथ रानी मुखर्जी अपने गौरवशाली करियर के 30 वर्ष भी पूरे कर रही हैं।



## भाबीजी घर पर हैं- फन ऑन द रन का गाना मनजोगी रिलीज

**मुंबई।** फिल्म भाबीजी घर पर हैं- फन ऑन द रन का नया गाना मनजोगी रिलीज हो गया है। ज़ी सिनेमा, संजय कोहली और बिनैफर कोहली द्वारा निर्मित, ज़ी स्टूडियोज़ और संजय कोहली द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म में शुभांगी अत्रे, विदिशा वास्तव, आसिफ़ शेख, रोहिताश्व गौर, रवि किशन, मुकेश तिवारी और निरहुआ अहम भूमिकाओं में नज़र आएंगे। भाबीजी घर पर हैं- फन ऑन द रन बड़े पर्दे पर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसी बीच फिल्म का रोमांटिक गाना मनजोगी रिलीज़ किया गया है, जिसे अपनी सुरीली आवाज़ के लिए पहचाने जाने वाले सोनू निगम ने गाया है। मनजोगी के बोल गुलाम मोहम्मद खावर ने लिखे हैं, जबकि इसका संगीत विशाल शेल्के ने दिया है। फिल्म भाबीजी घर पर हैं!- फन ऑन द रन, का निर्देशन शशांक बाली ने किया है। ज़ी स्टूडियोज़ इस फिल्म को 06 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ करने जा रहा है।

# कुब्रा ने मनाया फिल्म देवा के एक साल पूरे होने का जश्न



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कुब्रा सैत ने फिल्म देवा के एक साल पूरे होने का जश्न मना रही हैं। फिल्म देवा की रिलीज को एक साल पूरा होने पर कुब्रा सैत उस प्रोजेक्ट को याद कर रही हैं जिसने उन्हें गहराई से चुनौती दी और एक कलाकार ही नहीं, एक इंसान के तौर पर भी उन्हें गढ़ा।

फिल्म की पहली सालगिरह के मौके पर कुब्रा उस सफर पर नजर डाल रही हैं, जिसने वास्तविक लोकेशन्स में लंबे शूटिग दिनों के साथ उनके भावनात्मक धैर्य की परीक्षा ली और उन्हें आगे बघ्ने में सहयोग दिया। कुब्रा ने कहा, फ़िल्म देवा ने मुझे थोड़ा तोड़ा और बहुत कुछ बना दिया। देवा की शूटिंग लगभग एक साल चली, जिसमें इंतज़ार, चीज़ों को समझने की कोशिश और असली थकान से जूझना शामिल था।

लेकिन एक सच यह भी है कि मुश्किल हालात अजीब तरह से आप पर काम करते हैं। वे आपको मज़बूत बनाते हैं, गहरे रिश्ते बनाते हैं और खुद के साथ एक सशक्त रिश्ता बनाने के लिए मजबूर करते हैं। देवा के एक साल पूरे होने के साथ यह फिल्म कुब्रा के लिए इसलिए भी खास है, क्योंकि यह 2025 की उनकी पहली थिएट्रिकल रिलीज रही। यह एक ऐसा मुकाम है, जो सिर्फ़ पेशेवर उपलब्धि नही, बल्कि निजी विकास से भी जुड़ा है। फ़िल्म की सालगिरह पर कुब्रा देवा की पूरी टीम का, खासकर रॉय कपूर फ़िल्म्स का, दिल से शुक्रिया अदा करती हैं। उस सफ़र के लिए जिसने उन्हें और मज़बूत, ज़मीन से जुड़ा और निस्संदेह बदला हुआ इंसान बनाया।

